सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.6 न्यू | 26.4 अधि |
| धर्मशाला | 23.5 न्यू | 34.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77209.90 |
| निफ्टी | 23501.10 |

सोना 71,560 चांदी 98,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



नागल ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 23 जून, 2024 | 10 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 186, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**टी-20 विश्व कप** आज के मैच

ऑस्ट्रेलिया vs अफगानिस्तान
स्थानः सेंट विंसेंट, समय : सुबह 6:00 बजे

इंग्लैंड vs अमेरिका
स्थानः बारबाडोस, समय : रात 8:00 बजे

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिमला में अब फिर शुरू होगा किडनी ट्रांसप्लांट -पेज 2
- हेरिटेज कालका-शिमला रेल ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही बंद -पेज 3
- जिले में हुए दो हादसों में चार लोगों की मौत -पेज 12
- भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने 2024 में स्वर्ण की लगाई हैट्रिक -पेज 13
- गुरुग्राम में फायर बॉल कंपनी में ब्लास्ट होने से आठ की मौत -पेज 14


## न्यूज शॉर्ट्स

### पाक में आतंकी हमला पांच सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि शुक्रवार को कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन को विस्फोट से उड़ा दिया। फिलहाल किसी भी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ से पहले 'प्रथम पूजा' की



**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत के लिए शनिवार को 'प्रथम पूजा' की गई। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अध्यक्ष व जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि आज वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के औपचारिक शुभारंभ के अवसर पर प्रथम पूजा की गई। बाबा अमरनाथ जी का आशीर्वाद लिया और सभी लोगों के अच्छे स्वास्थ्य, प्रगति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

### बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ी



**दिल्ली।** स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी है। न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें 18 मई को गिरफ्तार किया गया था।

### पंजाब के तरनतारन में पाकिस्तानी ड्रोन बरामद



**चंडीगढ़।** बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने तरनतारन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। अर्धसैनिक बल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान पाकिस्तान ड्रोन बरामद किया।

### चीन-फ्रेंच खगोलीय उपग्रह हुआ लांच

**नई दिल्ली।** चीन ने शिछांग सैटेलाइट लांच सेंटर में लांग मार्च 2सी वाहक रॉकेट का उपयोग करके एक चीन-फ्रेंच खगोलीय उपग्रह को सफलतापूर्वक लांच किया। यह उपग्रह चीन और फ्रांस की ओर से संयुक्त रूप से अध्ययन और विकसित किया गया एक अंतरिक्ष विज्ञान उपग्रह है।

## अनंत व्यंग्य




# भारत और बांग्लादेश में बढ़ेगी व्यापारिक, आर्थिक भागीदारी

## बांग्लादेश के लोगों के लिए ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू करेगा भारत



भारत पहुंची बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से बातचीत करते पीएम मोदी।

### भारत-बांग्लादेश के बीच 13 समझौते

- बांग्लादेश के चिकित्सा रोगियों के लिए ई-वीजा
- बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग
- राजशाही व कोलकाता के बीच नई रेल सेवा
- चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा
- गेदे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओं की शुरुआत
- अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अंतर्देशीय कंटेनर डिपो का निर्माण
- भारतीय ग्रिड के माध्यम से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात की शुरुआत
- गंगा जल संधि के नवीनीकरण पर चर्चा के लिए संयुक्त तकनीकी समिति
- बांग्लादेश के अंदर तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर परियोजना के लिए तकनीकी प्रतिनिधिमंडल का बांग्लादेश दौरा
- बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के लिए 350 प्रशिक्षण स्लॉट
- चिकित्सा रोगियों के लिए मुक्तिजोधा योजना, जिसकी अधिकतम सीमा 8 लाख प्रति वर्ष प्रति रोगी है।
- बांग्लादेश इंडो-पैसिफिक महासागर पहल में शामिल हुआ
- यूपीआई की शुरुआत के लिए एनपीसीआई और बांग्लादेश बैंक के बीच वाणिज्यिक समझौता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत दौरे पर दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए हैं। दोनों देशों के बीच भारत और बांग्लादेश में व्यापारिक, आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी। दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का शनिवार को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद भारत का दौरा करने वाली बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना पहली विदेशी नेता हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया। मोदी ने कहा कि बांग्लादेश से भारत में इलाज के लिए आने वाले लोगों के लिए ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू करेगा। इसके अलावा बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए रंगपुर में एक नया सहायक उच्चायोग खोलने की पहल की है। पीएम ने कहा कि बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा विकास साझेदार है और हम बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। वहीं, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रधानमंत्री मोदी को बांग्लादेश आने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत होंगे।

# नीट पेपर लीक मामला: झारखंड के देवघर से छह आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, देवघर/रांची**

**नीट** पेपर लीक मामले के तार झारखंड से भी जुड़ने लगे हैं। इस मामले में बिहार पुलिस ने शनिवार को देवघर से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रिंटआउट निकलवाने वाले बिहार के नालंदा जिले के पिंटू को झारखंड के देवघर से, परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, चिंटु उर्फ बालदेव कुमार, नुरसराय थाना क्षेत्र के दरुआरा निवासी काजु उर्फ प्रशांत कुमार, एकंगरसराय थाना क्षेत्र के अजीत कुमार और राजीव कुमार उर्फ करू को गिरफ्तार किया है। पेपर लीक के सरगना संजीव मुखिया के नीचे अमित आनंद और नीतीश काम कर रहे थे। अमित आनंद लाइजनर का काम करता है। नीतीश और अमित आनंद दोस्त हैं। सिकंदर ने अनुराग और आयुष जैसे कई अभ्यर्थियों को पास करवाने का ठेका लिया था। चिंटू के मोबाइल पर पेपर के जवाब आए थे। चिंटू ने जवाब पिंटू को दिए और फिर प्रिंटर साथ लेकर चल रहे पिंटू ने सारे सवालों के जवाब प्रिंट किए। चिंटू-पिंटू के जरिए भेजे गए सवालों के जवाब रातों-रात पटना के लर्न एंड प्ले स्कूल भेजे गए, जहां पहले से मौजूद अनुराग और आयुष जैसे छात्रों ने जवाब का रट्टा मारा और अगली सुबह एग्जाम देने गए। इस मामले में पुलिस अब तक कुल 19 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। 13 आरोपियों को बिहार और 6 को झारखंड से गिरफ्तार किया है।



### 30 लाख में खरीदा पेपर और 40 लाख में बेचा

**नीट** पेपर लीक मामले में गिरफ्तार सिकंदर यादवेंद्र मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने 30 से 32 लाख रुपए में पेपर की डील की थी। इसके बाद चार अभ्यर्थियों को उसने पेपर 40-40 लाख रुपए में बेचा था। नीट का पेपर सबसे पहले झारखंड के हजारीबाग से लीक हुआ था। सिकंदर यादवेंद्र ने दानापुर पटना के आयुष कुमार, समस्तीपुर के अनुराग यादव, रांची के अभिषेक कुमार और गया के शिवनंदन कुमार को पेपर देने की बात कही थी।

### हाई लेवल कमेटी के अध्यक्ष होंगे इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन

नई दिल्ली। पेपर लीक की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति के चेयरमैन इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन होंगे। इनके अलावा समिति में छह अन्य सदस्य भी होंगे। समिति को दो माह के अंदर अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंपनी होगी। सात लोगों की यह समिति परीक्षा की प्रक्रियाओं में सुधार, डाटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए के स्ट्रक्चर पर काम करेगी।

### प्रोफेसर ने संजीव मुखिया को नीट का पेपर भेजा था

**संजीव** मुखिया को किसी प्रोफेसर ने मोबाइल पर नीट का पेपर भेजा था। लर्न प्ले स्कूल एंड ब्वॉयज हॉस्टल में पटना और रांची के एमबीबीएस स्टूडेंट भी मौजूद थे, जिन्होंने बतौर सॉल्वर नीट पेपर में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखा। यह आंसर उन अभ्यर्थियों को दिया गया, जिनसे पैसे लिए गए थे। संजीव मुखिया ने अपने करीबी प्रभात रंजन की मकान पूरी सेटिंग के लिए किराए पर लिया था।

# जोगिंद्रनगर तक नैरोगेज रेललाइन को ब्रॉडगेज करना प्रस्तावित : साहू

## रेललाइन का निरीक्षण कर खामियों को दूर करने के दिए निर्देश

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**उत्तर** रेलवे के फिरोजपुर मंडल के मंडलीय प्रबंधक संजय साहू ने शनिवार को रेललाइन का निरीक्षण किया। इसके बाद जोगिंद्रनगर रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों के साथ बातचीत में बताया कि पठानकोट से जोगिंद्रनगर तक की नैरोगेज रेललाइन को ब्रॉडगेज करना प्रस्तावित है। यदि तकनीकी तौर पर कोई खामी नहीं पाई गई तो इस योजना को शीघ्र कार्यान्वित किया जाएगा।

पठानकोट के समीप चक्की पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और उम्मीद है कि जसूर से पठानकोट रेल सेवा इसी वर्ष सुचारु हो जाएगी। वहीं, जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने जोगिंद्रनगर रेलवे स्टेशन के ऊपर फुट ब्रिज बनाने की मांग की और कांग्रेस के गुरु चरण परमार जोगिंद्रनगर से नई ट्रेनें चलाने के बारे में रेलवे के मंडलीय प्रबंधक से मिले। जोगिंद्रनगर से चलने वाली ट्रेनों की समयसारिणी में बदलाव करने और जसूर तक सीधी ट्रेन चलाने की मांग भी की।

जोगिंद्रनगर में रेलवे पुलिस की चौकी खोलने की मांग भी उठाई। रेलवे मंडलीय प्रबंधक ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने जोगिंद्रनगर रेलवे स्टेशन पर रेललाइन का निरीक्षण किया और खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)



जोगिंद्रनगर में रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए मंडलीय प्रबंधक संजय साहू।

# कांग्रेस सरकार के संरक्षण में माफियाओं के हौसले बुलंद : अनुराग

## कहा- बिलासपुर में दिनदहाड़े गोलीकांड होना सुक्खू सरकार की नाकामी, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**शुभम राही, बिलासपुर**

**हमीरपुर** लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देवभूमि हिमाचल में कांग्रेस सरकार के संरक्षण में माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

देवभूमि हिमाचल शांति और सौहार्द का प्रदेश रहा है, लेकिन आज कांग्रेस सरकार अपराधियों, माफियाओं को संरक्षण देने की नीति पर चल रही है। कांग्रेस सरकार की ओर से पोषित गुंडे हमारे सुंदर से पहाड़ी राज्य की शांति को भंग कर यहां भय और दहशत का वातावरण बना रहे हैं।

बिलासपुर में सरेआम दिनदहाड़े हुआ गोलीकांड सुक्खू सरकार की नाकामी और इनके हाथ से फिसलती कानून व्यवस्था का परिणाम है। यह गोलीकांड दिखाता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है और अपराधियों में शासन-प्रशासन का कोई डर नहीं बचा है। बिलासपुर में दिनदहाड़े गोलीकांड के विरोध में शनिवार को कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदेश भाजपा ने विरोध-प्रदर्शन किया। आक्रोश रैली में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा गया। (अनंत ज्ञान)




बिलासपुर में हुए गोलीकांड के विरोध में धरने पर बैठे भाजपा नेता।

**गोलीकांड के विरोध में भाजपा ने किया प्रदर्शन**

### आरोपियों को बचाने की बजाए कार्रवाई करे सरकार

**अनुराग** ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के संरक्षण में माफियाओं की ओर से प्रदेश को भयभीत करने का यह प्रयास हमें स्वीकार नहीं है। इसके विरोध में बिलासपुर में जनता के साथ भाजपा ने व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश सरकार इस गोलीकांड के आरोपियों को बचाने की बजाए उन पर अतिशीघ्र कार्रवाई करते हुए माफियाओं की गिरफ्तारी सुनिश्चित करे।

# अनशन स्थल पर हमला करने आए थे कुछ लोग : आतिशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली में पानी को लेकर जल शक्ति मंत्री आतिशी का दूसरे दिन भी अनशन जारी रहा। आतिशी ने आरोप लगाया है कि उनके सत्याग्रह स्थल पर कुछ लोग आए उन पर हमला करने के लिए आए थे। वह किसी से डरने वाली नहीं हैं और अपना अनशन जारी रखेंगी। उन्होंने हरियाणा सरकार से दिल्ली वालों को उनके हक का पानी दिलाने की मांग को लेकर 'पानी सत्याग्रह' शुरू किया है। उनकी मांग है कि दिल्ली वालों को उनके हक का पानी जल्द से जल्द मिले। दिल्ली को उसके हक का पानी दिलवाने के लिए उन्होंने सत्याग्रह की शुरुआत की है। आतिशी ने कहा कि उनके अनशन पर बैठने के बाद भी हरियाणा ने 110 क्यूसेक कम पानी दिया है। दिल्ली अन्य राज्य से आ रहे पानी पर निर्भर है।

आतिशी ने कहा कि मैं भाजपा को यह बताना चाहता हूं कि मैं गांधी जी के सिखाए गए सत्याग्रह के रास्ते पर चल रही हूं। गांधी के सिखाए गए अनशन के रास्ते पर चल रहा हूं। मैं ऐसी चीजों पर डरने वाली नहीं हूं और सत्याग्रह रोकने वाली नहीं हूं। जब तक दिल्ली वालों को उनके हक का पानी नहीं मिलेगा, तब तक यह अनशन जारी रहेगा।

# सेब कार्टन बॉक्स पर जीएसटी 12 फीसदी करने की सिफारिश

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**वस्तु** एवं सेवा कर परिषद (जीएसटी) की 53वीं बैठक शनिवार को नई दिल्ली में हुई। इसमें उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। परिषद की ओर से बैठक में कार्टन बॉक्स पर जीएसटी 18 से 12 प्रतिशत करने की सिफारिश का निर्णय लिया गया।

उद्योग मंत्री ने कहा कि सभी प्रकार के कार्टन बॉक्स पर जीएसटी की दरें कम करने से प्रदेश के बागवानों को लाभ होगा और कार्टन उद्योग को भी राहत मिलेगी। प्रदेश सरकार निरंतर सेब के कार्टन बॉक्स पर जीएसटी कम करने की मांग उठाती रही है। राज्य सरकार किसानों के हितों की पैरवी के लिए प्रतिबद्ध है। हर्षवर्धन चौहान ने जीएसटी परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से उद्योगों की कार्यशील पूंजी लागत भी कम होगी। जीएसटी परिषद ने लघु और मध्यम करदाताओं की शिकायतों व अनुपालन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में कई अन्य अहम निर्णय भी लिए गए। प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल में राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त डॉ. यूनुस व अतिरिक्त आयुक्त (जीएसटी) राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**दिल्ली में हुई वस्तु एवं सेवा कर परिषद की 53वीं बैठक**



**जीएसटी की दरें कम करने से प्रदेश के बागवानों को लाभ होगा : हर्षवर्धन चौहान**



# बारामूला के उड़ी सेक्टर में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर



**बारामूला।** बारामूला जिले के उड़ी सेक्टर के गोहलान इलाके में शनिवार को घुसपैठ की कोशिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया। आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। जवानों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि उड़ी के गोहलान इलाके में नियंत्रण रेखा के इस तरफ घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षाबलों ने देखा और उन्हें चेतावनी दी। इसके बाद आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराने में सफलता हासिल की है।

**प्रेस वार्ता** बंबर ठाकुर बोले- मेरी हो सकती है आज अंतिम रैली, त्रिलोक जम्वाल के घर में छिपे हैं शूटर

# बंबर ने डीजीपी व भाजपा नेताओं पर जड़ा हत्या का आरोप

**शुभम राही, बिलासपुर**

**बिलासपुर** में हुए गोलीकांड मामले में सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने डीजीपी अतुल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बंबर ने प्रेस वार्ता में कहा कि डीजीपी मेरे से 20 साल पुरानी रंजिश निकाल रहे हैं, क्योंकि यह वही डीजीपी हैं, जिन्होंने 20 वर्ष पहले उनके खिलाफ झूठे केस दर्ज किए थे और बाद में मुझसे माफी भी मांगी थी। आज उसी का बदला ले रहे हैं।

**कहा-20 साल की पुरानी खुनस का बदला ले रहे डीजीपी**

बिलासपुर शहर में विरोध रैली निकालते हुए बंबर ठाकुर ने भावुक होते हुए कहा कि मुझे पता है कि आज यह मेरी अंतिम रैली भी हो सकती है, क्योंकि सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल के शूटर उनके ही घर में छिपे हुए हैं और वह मुझे कभी भी शूट कर सकते हैं। ऐसे में अगर मेरी या मेरी परिवार के किसी भी सदस्य की हत्या होती है तो उसका जिम्मेदार डीजीपी अतुल वर्मा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा व सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल होंगे।

बंबर ने कहा कि बेशक भाजपा नशा माफियों को समर्थन देने के लिए बिलासपुर शहर में रैलियां निकाल रही है और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व बिलासपुर पहुंचा हुआ है, लेकिन भविष्य में यही नशा माफिया उनके घरों में घुसकर भी फायरिंग कर सकता है। (अनंत ज्ञान)



विरोध रैली के बाद पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधायक बंबर ठाकुर।

### मुझे और परिवार को फंसा रही भाजपा

**बंबर** ठाकुर ने कहा कि भाजपा मेरा पॉलिटिकल करियर खराब करने में लगी है। तभी मुझे और मेरे परिवार को फंसाया जा रहा है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस मामले में हस्तक्षेप कर मामले की उचित जांच करवाएंगे। उन्हें और उनके परिवार को एक न एक दिन इंसाफ जरूर मिलेगा। इससे पहले भी मेरे और मेरे परिवार के ऊपर झूठे केस बनाए गए। उन्होंने कहा कि आज भाजपा बिलासपुर में उतरकर धरना-प्रदर्शन कर रही है, लेकिन जब सिकरोहा पंचायत के चंदपुर गांव में हत्या हुई, तब भाजपा यहां पर क्यों नहीं पहुंची। यह सोची समझी साजिश है और इस साजिश को वह कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि वह आज भी जनता के साथ खड़े हैं और कल भी खड़े रहेंगे।



# जनता का आशीर्वाद मेरे साथ : होशियार सिंह

देहरा में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में इस बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर के चुनावी मैदान में उतरने से मुकाबला रोचक हो गया है। इस सीट से भाजपा ने दो बार के निर्दलीय विधायक रहे होशियार सिंह को टिकट थमाया है। होशियार सिंह से चुनावी रणनीति को लेकर '**अनंत ज्ञान**' की रिपोर्टर **रीत वशिष्ट** ने विशेष बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्यांश:

**सवाल : आपके साथ लोग तो काफी चल रहे हैं। कैसा चल रहा चुनाव प्रचार?**
**जवाब :** देखिए, मैं दो बार देहरा से निर्दलीय विधायक रह चुका हूं। मैं ग्रास रूट पर काम करता हूं। जनता का पूरा आशीर्वाद मिल रहा है। हर व्यक्ति मेरे साथ जुड़ा है। जनता से पहले भी आशीर्वाद मिला है और इस बार और भी ज्यादा मिलेगा।

**सवाल : आप कांग्रेस में भी जा सकते थे, लेकिन भाजपा में ही क्यों आए?**
**जवाब :** कांग्रेस पार्टी ने हम पर जो जानलेवा हमला किया वो लोकतंत्र की हत्या है। ऐसे में हम कहां जाते। हम तानाशाह सरकार के साथ तो जा नहीं सकते थे। जो पार्टी एक विधायक को मारना चाहती हो उसके साथ कैसे जा सकते थे।

**सवाल : इस बार सीएम सुक्खू की पत्नी से कितना कड़ा मुकाबला मानते हैं आप?**
**जवाब :** सीएम हर जगह व्यवस्था परिवर्तन का नारा देते हैं। अपनी पत्नी से चुनाव लड़वाना क्या यह व्यवस्था परिवर्तन है। यह 40 हजार महिलाओं की बेइज्जती है। राज्यसभा और लोकसभा चुनाव में दिल्ली के प्रत्याशी उतार दिए और अब देहरा से अपनी पत्नी को टिकट दे दिया। यह जनता के साथ धोखा है। इतनी बड़ी पार्टी को देहरा में कोई प्रत्याशी नहीं मिला। सीएम का यह फैसला कितना सही है इसका जवाब जनता चुनाव में दे देगी।

**सवाल : आपने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया, इस पर कुछ लोग नाराज हैं, क्या कहना चाहेंगे?**
**जवाब :** बिलकुल, यह सच है। जनता का सवाल पूछना भी सच है। मैं जनता से पूछना चाहता हूं कि अगर मैं आपको अपने घर बुलाऊं और कहूं कि अभी समय नहीं है तीन महीने बाद आना तो क्या जनता दोबारा मेरे पास आएगी। सीएम सुक्खू ने भी ऐसा ही किया। हम जनता के काम करवाने के लिए सीएम के पास गए थे तब सुक्खू भी यही कहते थे कि मेरे पास समय नहीं है तीन महीने बाद आना। इन बातों से हमें जलालत सहनी पड़ी।



अनंत ज्ञान
एक्सक्लूसिव इंटरव्यू

**सवाल : भाजपा के टिकट के और भी दावेदार थे। क्या आपको भितरघात की आशंका नहीं है?**
**जवाब :** भाजपा अनुशासित पार्टी है। यहां कोई भाई-भतीजावाद नहीं चलता। भाजपा उसी को टिकट देती है जो निस्वार्थ भाव से जनसेवा करता है। हमने अनुराग ठाकुर को देहरा से 15 हजार से ज्यादा वोटों की लीड दिलाई। दावेदार बहुत होते हैं, लेकिन जब टिकट मिल जाती है तो ऐसी बातें खत्म हो जाती हैं। हम सब एक हैं। भविष्य में अगर मुझे टिकट नहीं मिलती है तो भी मैं भाजपा के लिए कार्य करता रहूंगा।

**सवाल : कांग्रेस ने लाखों लोगों से रोजगार का वादा किया, लेकिन उनको दरकिनार कर डिप्टी सीएम की बेटी की नौकरी लगवा दी। इस पर आपकी प्रतिक्रिया?**
**जवाब :** यह बिलकुल सच है। मैंने शिमला की सड़कों पर जेओए (आईटी) के स्टूटेंड्स को रोते हुए देखा है। गर्मियों और सर्दियों में तंबुओं में रहते हुए देखा है। कांग्रेस सरकार ने उन बच्चों का रिजल्ट नहीं निकालकर उनका करियर खत्म कर दिया। वे ओवरऐज हो गए, लेकिन सरकार को उन पर दया नहीं आई। और अब उपमुख्यमंत्री ने सारे नियम-कायदों को दरकिनार कर अपनी बेटी की नौकरी लगवा दी। यह बहुत शर्मनाक है, जिसकी मैं घोर निंदा करता हूं।

**सवाल : आप दावा करते हैं कि आपका बहुत बड़ा वोट बैंक है। इस बार जनता से कितनी उम्मीद है?**
**जवाब :** मुझे पूरी उम्मीद है। देहरा की जनता पौंग बांध विस्थापित है। पौंग डैम कांग्रेस की देन है। अढ़ाई लाख लोगों को 1970 में उजाड़ दिया गया। वे आज भी विस्थापित हैं। देहरा में आज भी 400 परिवार भूमिहीन हैं। 7000 लोगों को राजस्थान में मुरब्बे नहीं मिले। कई गांवों में सड़कें, बिजली और पानी नहीं है। कांग्रेस किस मुंह से वोट मांगने आएगी।

**सवाल : सीएम सुक्खू ने देहरा के लिए बहुत सारी सौगातें दी हैं। क्या कहना चाहेंगे?**
**जवाब :** सीएम ने आचार संहिता की धज्जियां उड़ा दी हैं। देहरा में एसपी ऑफिस कहां से खुलेगा। सीएम के ससुराल में पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने एक डिस्पेंसरी खोली थी, उसे भी सीएम सुक्खू ने डिनोटीफाई कर बंद करवा दिया। अब चुनाव में ऑफिस खोल रहे हैं। सरकार 16 महीने तक कहां थी। पीएचसी, इंडोर स्टेडियम, सड़कें और बसें चलाने की घोषणाओं का क्या हुआ। यह सब वोटरों को गुमराह करने का तरीका है।

**सवाल : राज्यसभा चुनाव में 'मिशन लोटस' के बारे में कुछ बताएं?**
**जवाब :** वह 'मिशन लोटस' नहीं था। घटनाएं ही कुछ ऐसी घटीं, जिससे सारी चीजें उत्पन्न हुईं। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने हिमाचल से बाहरी दिल्ली के व्यक्ति अभिषेक मनु सिंघवी को टिकट दिया। मनु सिंघवी वह व्यक्ति है, जिसने सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या में बने राम मंदिर का विरोध किया था। हिमाचल एक हिंदू राज्य है। बतौर निर्दलीय विधायक यह हमारा अधिकार है कि हम किसी भी पक्ष में वोट डाल सकते हैं। हमने भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन को वोट दे दिया। इसके बाद सुक्खू सरकार ने बदले की भावना से अपने कार्यकर्ता इक्ट्ठे किए और विधानसभा का गेट बंद कर हम तीनों निर्दलीय विधायकों को घेरे में ले लिया। दो-अढ़ाई हजार लोगों ने हमारे ऊपर डंडे और पत्थर बरसाए। हमारी जान को खतरा पैदा हो गया और पुलिस देखती रही। तब भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हमें वहां से नहीं निकाला होता तो हमारा कत्ल हो जाता।

## जनता को चाहिए इन घोषणाओं के जवाब

होशियार सिंह ने कहा कि आज जनता सवाल कर रही है कि सुक्खू जी, आपको अपनी पत्नी को चुनाव में उतारने की क्या आवश्यकता थी। आपने हरिपुर में जो घोषणाएं की वो पूरी क्यों नहीं हुईं। जो गारंटियां दी वो पूरी क्यों नहीं हुई। राज्यसभा और लोकसभा चुनाव में बाहरी कैंडिटेट क्यों उतारे। जनता यह सब जानना चाहती है ताकि उसे भी पता चले कि आखिर होशियार सिंह विधायकी से इस्तीफा देने के लिए क्यों मजबूर हुआ।

कहानी-3

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाएगा। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहेगा।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य मेल पर ही लिखकर भेजें।

प्रमुख संपादक

## दड़ूही में महिलाएं एक साथ करती हैं 'समता भोज'

### पंचायत प्रधान उषा बिरला ने करवाया भरपूर विकास, दिलाए दो राष्ट्रीय पुरस्कार



अनिल कुमार, हमीरपुर

आज हम बात करेंगे एक ऐसे गांव की जो हमीरपुर शहर से कुछ दूरी पर बसा है। इस खूबसूरत गांव का नाम है दड़ूही। 'अनंत ज्ञान' ने जब गांव का दौरा किया तो पाया कि इस गांव में बहुत से ऐसे विकास कार्य हुए हैं, जिनकी खनक हिमाचल ही नहीं, बल्कि पूरे देश में है। यही वजह है कि यह गांव किसी पहचान का मोहताज नहीं है।

क्योंकि पंचायत द्वारा युवाओं, महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य में पंचायत बेहतर कार्य कर रही है। पंचायत प्रधान द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के कारण ही पंचायत प्रधान को दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर दो पुरस्कार प्राप्त करने वाली यह प्रदेश की पहली पंचायत बन गई है। दड़ूही ग्राम पंचायत 1986-87 में बजूरी पंचायत से अलग करके बनाई गई थी। पंचायत की कुल आबादी 3133 है, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हैं। वर्तमान में गांव की सभी महिलाएं जाति और धर्म को भुलाकर 'समता भोज' करती हैं, जिसमें महिलाएं अपने-अपने घर से भोजन बनाकर लाती हैं और एक जगह पर इकट्ठा होकर भोजन करती हैं। यह आज के बदलते दौर में सबसे अलग परिदृश्य है जो तीसरी बार पंचायत प्रधान बनी उषा बिरला के प्रयासों से संभव हुआ है। उनके प्रयासों से ही पंचायत को दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। गांव का विकास निरंतर जारी है।

गांव के लोग खेतीबाड़ी और नौकरी तथा व्यापार करते हैं। बुजुर्ग महिलाओं में सत्या देवी (90), प्रीतो देवी (75) और विमला देवी (72) ने बताया कि पहले गांव में सड़क तक नहीं होती थी, लेकिन अब घर-घर तक पक्की सड़क बन गई है। उन्होंने बताया कि गांव में जितने भी विकास कार्य हुए हैं वो पंचायत प्रधान के अथक प्रयासों से ही हुए हैं, जिसमें महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक है।





पंचायत के प्रत्येक समुदाय की महिलाएं 'समता भोज' के तहत एक साथ भोजन करती हुईं।

गांव की 90 साल की बुजुर्ग महिला



सत्या देवी

पंचायत प्रधान उषा बिरला



### गुग्गा जाहरवीर मंदिर में हर साल लगता है मेला

गांव में पुराना शिव मंदिर और गुग्गा जाहरवीर का मंदिर है जहां पर हर साल मेला लगता है। मेले में दूर-दूर से भक्त शीश नवाने के लिए आते हैं। गांव में मुस्लिम समुदाय के लोग भी यहां के दूसरे समुदाय के लोगों के साथ घुल मिलकर रहते हैं और प्रत्येक त्योहार में एक-दूसरे को बधाइयां व मिठाइयां बांटते हैं। पंचायत के अन्य गांवों की बात करें तो प्रत्येक गांव में गर्भवती महिलाओं का 100 प्रतिशत स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीकरण है और संस्थागत प्रसव भी 100 प्रतिशत है। आंगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहालों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं।



गांव में गुग्गा जाहरवीर का पुराना मंदिर जहां हर साल मेला लगता है।

### गांव में है प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम

गांव में 16 लाख रुपए से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम लगाया गया है, जिसमें प्लास्टिक के सामान को डिस्पोज किया जाता है। इसके लिए तीन अलग-अलग तरह की मशीनें लगाई गई हैं। इसके अलावा शनिदेव मंदिर के पास जिम भी बनाया गया है, जहां गांव के बच्चे व्यायाम करते हैं।



दड़ूही गांव में 16 लाख रुपए से लगाई गई प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैंट मशीन के बारे में पंचायती-राज विभाग के सचिव जानकारी लेते हुए।



टियाले पर बैठी गांव की महिलाएं बातचीत करती हुईं

### महिलाएं करती हैं जीरो बजट खेती

किसानों को जीरो बजट की खेती करना और महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए जागरूकता कैंप भी आयोजित किए जाते हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 20 स्वयं सहायता समूहों ने मिलकर कम्युनिटी हायर सेंटर बनाया है। जहां पर महिलाओं के लिए कैंप आयोजित किए जाते हैं। पंचायत प्रधान के प्रयासों से आज किसान स्वयं जैविक खाद बना रहे हैं और खेती के साथ अन्य विकास कार्यों में भी योगदान दे रहे हैं।

गांव में बनाया गया आंगनबाड़ी केंद्र



## न्यूज ब्रीफ

### गोकशी मामले में हो देशद्रोह का केस दर्ज: विनय

**एसपी जैरथ, नाहन।** कथित गोकशी के मामले में नाहन में उपजे विवाद और बिगड़े माहौल को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने आरोपी युवक के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है। नाहन में पत्रकारों से बातचीत में विनय गुप्ता ने कहा कि नाहन में सोची समझी साजिश के तहत सौहार्द बिगाड़ने की ही नहीं, बल्कि दंगे भड़काने की कोशिश की गई है। ऐसे में संबंधित युवक के खिलाफ देशद्रोह की धाराओं के तहत भी मामला दर्ज होना चाहिए। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अगर समय रहते गोकशी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले युवक पर कार्रवाई की होती तो शहर में माहौल न बिगड़ता, लेकिन पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते माहौल बिगड़ा। इस मामले में विनय गुप्ता ने शहरवासियों पर दर्ज हुए मामले की भी निंदा की। उन्होंने तुरंत प्रभाव से शहरवासियों के खिलाफ हुए मामले को निरस्त करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर भी जुबानी हमले किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था राम भरोसे रह गई है। (अनंत ज्ञान)



जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता पत्रकार वार्ता करते हुए।

### आशीष से शिमला पुलिस ने की दो घंटे पूछताछ

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए षड़यंत्र रचने से जुड़े मामले में हमीरपुर से पूर्व निर्दलीय विधायक एवं हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा शनिवार को शिमला पुलिस के सामने पेश हुए। बालूगंज थाना में पुलिस ने उनसे करीब दो घंटे पूछताछ की गई। आशीष शर्मा पर आरोप है कि उन्होंने प्रदेश सरकार को गिराने के लिए षड़यंत्र रचा। कांग्रेस के छह बागी विधायकों के फाइव-सेवन स्टार होटल में ठहरने, खाने-पीने और हेलिकॉप्टर से उन्हें ले जाने का इंतजाम किया। इस मामले में आशीष शर्मा के साथ गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के रिटायर आईएएस पिता राकेश शर्मा के खिलाफ भी बीते 10 मार्च को शिमला के बालूगंज थाना में मामला दर्ज है। आशीष शर्मा शनिवार को तीसरी बार बालूगंज थाना में पुलिस के सामने पेश हुए। हालांकि उन्हें बीते 13 और 18 जून को भी बालूगंज बुलाया गया था, लेकिन तब वह नहीं आए। बाद में आशीष शर्मा ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि उन्होंने पुलिस के हर सवाल का जवाब दिया है। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि जो भी सवाल पूछने है, उसके लिए 10 जुलाई के बाद बुलाया जाए, क्योंकि उपचुनाव की वजह से उनके लिए एक-एक मिनट कीमती है। (अनंत ज्ञान)



### जल्द लागू होगा वन अधिकार अधिनियम : नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम को पूरी तेजी के साथ एक मुहिम के रूप में पहले प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों से शुरू कर बाद में पूरे प्रदेश में इस अधिनियम को लागू किया जाएगा। रिकांगपिओ में राजस्व एवं बागवानी जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस अधिनियम के तहत व्यक्तिवगत व सामूहिक मामले को अधिकारियों ने लंबे समय से कानून की बारीकियों व शंकाओं के चलते स्वीकृति नहीं दी गई। अब इस अधिनियम को लागू करने के लिए शिमला में जनजातीय क्षेत्रों के डीसी, एसडीएम , वन निगम अधिकारी, डीएलसी, एसडीएलसी के नॉन ऑफिशल के सदस्यों सहित जिला परिषद व पंचायत समिति के सदस्यों को कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका है व सभी शंकाओं को सुना गया। वन अधिकार अधिनियम एक ऐतिहासिक कानून है ।यह कानून अन्य दूसरे वन संरक्षक अधिनियम व फारेस्ट एक्ट से ऊपर है। (अनंत ज्ञान)

### नालागढ़ के पूर्व विधायक झूठ बोल रहे : हरदीप

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही उन्होंने वर्ष 2017 में उनके द्वारा स्वीकृत करवाएं गए रामशहर तहसील, रामशहर कालेज व उपतहसील पंजैहरा के भवन के लिए बजट का प्रावधान करवाकर कार्य शुरू करवाया गया, जबकि भाजपा के प्रत्याशी अपनी सरकार के पांच वर्षों में इन कार्यों के लिए एक फूटी कोड़ी भी स्वीकृत नहीं करवा पाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक नालागढ़ में विकास नहीं होने की बात कहकर कोरा झूठ बोल रहे है।

## हमीरपुर के वोटर इस बार करेंगे निर्णायक फैसला : पुष्पेंद्र वर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

इस बार हमीरपुर विधान सभा सीट पर यहां के वोटर अपना मत प्रयोग करने में निर्णायक फैसला करेंगे। यह बात कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने क्षेत्र में की गई अघार के कोठी गांव के अलावा जरल, गौटा, सनेड़, फाफण, दरोडला, चौतरा, पांडवीं, मैड़, जिंझकरी, बदुरड़ा, लुडरी, जाहन्वीं में नुक्कड़ सभाओं के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को क्षेत्र की जनता ने अपना कीमती वोट देकर विधानसभा भेजा था, उसी ने जनता के वोटों की कीमत को नहीं समझा। अब इस उपचुनाव में यही वजह बन रही है कि अनेक लोग मुख्यमंत्री के नाम पर कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जता रहे है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया जाता है कि उन्होंने हमीरपुर में काम नहीं करवाए, जबकि मुख्यमंत्री ने उस बस अड्डे का निर्माण उपयुक्त बजट का प्रावधान कर शुरू करवाया, जिसकी आधारशिला पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने रखी थी और अगली भाजपा सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तक इस कार्य को शुरू नहीं करवा पाए। उन्होंने कहा कि जिस जिला से मुख्यमंत्री होते हैं वह जिला आन बान और शान से भर जाता है। मुख्यमंत्री की पीठ पर छुरा घोपने वालों को सबक सिखाने का समय आ गया है।

निर्दलीय रहे विधायक युवाओं को धनबल से गुमराह करने की कोशिश कर रहे है, लेकिन वे गुमराह होने के बजाए कांग्रेस का दामन थाम रहे है। इसी कड़ी में अघार पंचायत के गांव कोठी निवासी रॉकी धीमान पुत्र देवराज कई वर्षों से भाजपा के कार्यकर्ता बन कर काम करते रहे, लेकिन धनबल एवं जनबल की लड़ाई में उन्होंने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया। (अनंत ज्ञान)



कांग्रेस में शामिल हुए युवाओं के साथ हमीरपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा।

## हेरिटेज कालका-शिमला रेल ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही बंद

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

विश्व धरोहर शिमला-कालका रेल ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही बंद हो गई है। राजधानी शिमला के समरहिल क्षेत्र स्थित रेलवे पुल के गिरने का खतरा बना हुआ है, इसलिए रेलवे ने एहतियात के तौर पर ट्रेनों की आवाजाही को बंद कर दिया है। विश्व धरोहर कालका-शिमला ट्रैक पर पुल नंबर-800 पर प्लेट के ढीली पड़ने की वजह से ट्रेनों की आवाजाही को बंद कर दिया गया है।

रेलवे लोहे के ब्रिज को बदल कर आरसीसी का बना रहा है। इसका काम पिछले कई दिनों से चला हुआ है। इसकी एक प्लेट ढीली पड़ गई है, जिसे बदला जाना है। रेलवे ने शनिवार को शिमला आने वाली सभी 7 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कालका से सुबह 3 ट्रेन आई है। इनमें 1 ट्रेन कंडाघाट व दो ट्रेन को तारादेवी तक ही चलाया गया। यहां से इन ट्रेनों को वापस कालका भेज दिया गया, जबकि रविवार को कालका से 3 ट्रेन आएगी, ये ट्रेन केवल तारादेवी तक ही आएगी। तारादेवी से कालका के लिए केवल एक ही ट्रेन जाएगी। इसके आगे लोगों को बस या टैक्सी के माध्यम से शिमला आना होगा। पर्यटन सीजन के दौरान ट्रेनों के रद्द होने के कारण पर्यटक व ट्रेन में सफर करने वाले अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अब एडवांस बुकिंग भी रद्द हो गई है।

गत वर्ष 14 अगस्त को आई आपदा में यह पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था तथा यहां पर लोहे का पुल बनाया गया था। अब इसको पक्का करने का कार्य आरंभ हो गया है। बीते वर्ष बारिश ने खूब तबाही मचाई थी। (अनंत ज्ञान)



**राजनीति** लोकसभा चुनावों में भी नहीं था एक्टिव मोड़ पर, अब हमीरपुर उपचुनाव में भी चुनाव प्रचार से दूरी

## चुनावी परिदृश्य से जगदेव परिवार 'रहस्यमी खामोशी' में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर की राजनीति में दिवंगत ठाकुर जगदेव चंद के परिवार की मौजूदगी चुनाव चाहे जो भी रहा हो, उसमें असर दिखाती रही है, लेकिन अब लगातार दो अलग-अलग चुनावों में यह परिवार राजनीतिक परिदृश्य की 'खामोशी' में दिख रहा है।

पिछले करीब 5 दशकों से इस परिवार का हमीरपुर की राजनीति में गहरा प्रभाव रहा है, लेकिन पिछले दो दशकों से धीरे-धीरे कभी दल-बदल, तो कभी दूसरे राजनीतिक कारणों से इस परिवार के सदस्यों की मौजूदगी भाजपा के भीतर तो किसी भी तरह की अब कोई 'छाप' छोड़ रही हो, ऐसा दिख नहीं रहा। कभी-कभी कांग्रेस की राजनीति में भी इस परिवार का प्रभाव देखा गया है, लेकिन अब इन दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों में इसकी 'चमक' नहीं दिख रही। पिछले महीने हुए लोकसभा के आम चुनावों और विधानसभा उपचुनाव में भी इस परिवार की मौजूदगी चुनाव प्रचार में नहीं देखी गई। इक्का-दुक्का कुछ घटनाक्रमों को छोड़ दिया जाए, तो चुनावी माहौल के दायरे से यह दूर चले गए हैं। (अनंत ज्ञान)



उर्मिला ठाकुर



ठाकुर जगदेव चंद



नरेंद्र ठाकुर

### 1967 से लेकर 1993 के विधानसभा चुनावों तक खास भूमिका में रहे थे ठाकुर जगदेव चंद

**ठाकुर जगदेव** चंद हमीरपुर की राजनीति में 1967 से लेकर 1993 के विधानसभा चुनावों तक खास भूमिका में रहे। उसके बाद जब उनकी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद आकस्मिक मृत्यु हुई कुछ समय भाजपा को प्रदेश में बुरी हार का सामना करना पड़ा था। उपचुनाव में 1994 में उनके बेटे नरेंद्र ठाकुर को भी जीत नहीं मिल पाई। 1998 में जब नरेंद्र को टिकट नहीं मिला और उनकी भाभी उर्मिल ठाकुर को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया, तो नरेंद्र बागी हो गए थे। इस चुनाव में उर्मिल ठाकुर की जीत हुई थी। अब क्योंकि पिछले आम विधानसभा चुनावों में हमीरपुर में तिकोना मुकाबला हुआ और भाजपा के अलावा कांग्रेस को भी यहां हर का सामना करना पड़ा था, तब निर्दलीय रूप में आशीष शर्मा चुनाव जीते थे।

अब क्योंकि ऑपरेशन लोटस को लेकर भाजपा के भीतर जो कुछ नया घटित हुआ है। उसमें हमीरपुर में उपचुनाव हो रहा है। इसमें आशीष शर्मा को भाजपा ने पार्टी प्रत्याशी बनाया है। इसीलिए जगदेव परिवार के इन दो महत्वपूर्ण सदस्यों नरेंद्र ठाकुर और उर्मिला ठाकुर की मौजूदगी कतई भर भी दिख नहीं रही।

## चिट्टे के साथ पंजाब का युवक गिरफ्तार

**कमलेश वर्मा, मनाली ।** मनाली में पंजाब के युवक को 62.88 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पंजाब के एक व्यक्ति कर पास चिट्टा है। पुलिस ने जब एक होटल के कमरे की तलाशी ली, तो 62.88 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

पुलिस ने चिट्टा बरामद कर पंजाब के युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान अमृतपाल सिंह (24) गांव खालरा, तहसील पट्टी जिला तरनतारन, पंजाब के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। नशे की तस्करी में कोई और शामिल तो नहीं है, इसका भी पता लगाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मशाला शहर में कल बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला शहर में सोमवार 24 जून को प्रातः 10.00 बजे से सायं पांच बजे तक विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता रमन भरमौरिया ने कहा कि आईपीएच कॉम्प्लेक्स, एमसी कार्यालय, यात्री निवास, क्षेत्रीय अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, न्यायिक परिसर, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी कार्यालय, डीसी कार्यालय, डिपो बाजार, सिविल लाइंस, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लीनिक शामनगर, पुलिस लाइंस, एकजोत कॉलोनी, चीलगाढ़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, एआईआर, राजकीय महाविद्यालय, बीएड कॉलेज तथा सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम, सरस्वती नगर, सिविल लाइंस सिविल बाजार, फोरेंसिक लैब, माइक्रो वेव, टेलीफोन एक्सचेंज नरघोटा, टी एस्टेट पेट्रोल पंप (मानफिलिंग) गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्किट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चिलगाढ़ी, मैक्लोडगंज मुख्य चौक, परमपावन दलाई लामा मंदिर, जोगियारा गांव, हरू गांव, ढुसलान, टिप्पारोड, संजय मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

### कनिष्ठ अभियंता रमेश चंद राणा को दी विदाई पार्टी



**अजय पाल, पंचरुखी।** विद्युत उपमंडल चढ़ियार में कनिष्ठ अभियंता रमेश चंद राणा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रमेश चंद राणा 31 मई को सेवानिवृति हो गए थे, लेकिन चूनाव ड्यूटी के चलते उस दिन उनके सम्मान मे विदाई समारोह नहीं कर पाए थे। विद्युत उपमंडल चढ़ियार मे बेहतर सेवाएं देने के लिए उनकी सेवानिवृति पर विभाग के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने रमेश राणा को फूल मालाएं पहनाकर व तोहफे दे कर सम्मानित किया। इस मौके पर सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चढियार ओम प्रकाश राणा व सहायक अभियंता वाणीज्य बैजनाथ रवि धीमान ने कहा कि विद्युत विभाग मे स्ताफ की भारी कमी है इसलिए जो कर्मचारियों है उन पर कार्य का बहुत बोझ रहता है जिसके चलते हमेशा दुर्घटना होने का डर बना रहता है। उन्होंने विद्युत उपमंडल चढ़ियार के सभी कर्मचारियों को सावधानी से काम करने बारे भी अवगत किया। (अनंत ज्ञान)

### शाहपुर स्कूल में आईटी साक्षरता पर कराया सेमिनार



**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** एमएस लर्निंग एंड स्किल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा राजकीय उत्कृष्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर में आईटी साक्षरता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा प्रदान किए जाने वाले कंप्यूटर कोर्सों के बारे में जागरूक करना था। इस सेमिनार में सेंटर के चेयरमैन मेद सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए और उन्होंने विभिन्न कंप्यूटर कोर्सेज जैसे कोर्स ऑन कंप्यूटर कॉन्सेप्ट्स), कोर्स ऑन कंप्यूटर कॉन्सेप्ट्स प्लस और एक्सपर्ट कंप्यूटर कोर्स की जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### सिहोटू के युवाओं ने राहगीरों को पिलाया मीठा पानी

**राकेश डोगरा, डरोह।** धीरा उपमंडल के साथ लगते बलोटी पुल के पास सिहोटू के युवाओं ने ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। इस दौरान युवाओं ने गर्मी से निजात दिलाने के लिए राहगीरों के लिए छबील लगाई। उन्होंने हर आने-जाने वाले को जल ग्रहण करवाया। वाहनों में आ-जा रहे मुसाफिरों भी पानी पिलाया। (अनंत ज्ञान)



### पहली बार गैस सिलेंडर गाड़ी पहुंचने पर चहके ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** विकास खंड नगरोटा बगवां की पंचायत बग गुलेहड के टीका पटोला में पहली दफा गैस सिलेंडर पहुंचने पर लोगों की कहीं का ठिकाना नहीं रहा। गांव के रीना देवी, सुनीता देवी, उषा देवी , कृष्णा , प्रिय देवी, रिया, सुभाष चंद, प्रकाश चंद, इंदु बाला, सुमना देवी, रिखी राम, बिहारी लाल, सुमन कुमार, ने गाड़ी के ड्राइवर का मुंह मीठा करवा कर उनका आभार जताते हुए कहा कि अब गांव तक सड़क पक्की होने और पुल का कार्य जोरों पर चलने से गांव तक अब हल्के वाहनों के आने जाने से सदियों से संघर्षरत लोगों को काफी राहत प्राप्त हुई है। सड़क बनाने में पूर्व मंत्री स्व. जीएस बाली का अहम रोल रहा है।




# मैक्लोडगंज में 7000 वाहनों की एंट्री पुलिस ने बनाए रखी यातायात व्यवस्था

## एएसपी कांगड़ा ने तैनात किए अतिरिक्त पुलिस कर्मी, एसएचओ विनोद शर्मा ने दिनभर ली यातायात की टोह

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

उत्तरी भारत में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि वीकेंड पर धर्मशाला के मैक्लोडगंज में काफी संख्या में सैलानी पहुंचे हैं। करीब 7000 वाहनों की एंट्री के कारण सड़कों पर पुलिस कर्मचारियों की मुस्तैदी के बावजूद बीच-बीच में जाम लगता रहा, लेकिन कुल मिलाकर यातायात ठीक ढंग से सुचारु रहा। जाम का सबसे बड़ा कारण यह है कि लोग मैक्लोडगंज पहुंचकर भागसूनाग, वॉटरफॉल, नड्डी, सतोवरी तथा डल लेक आदि घूमने पहुंचते हैं, जिससे हर सड़क पर वाहनों की संख्या बढ़ जाती है।

पिछले वीकेंड पर भागसू में लगे घंटों के जाम के बाद इस बार ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को मैक्लोडगंज से पीछे ही रोक दिया तथा धीरे-धीरे वाहनों को भागसूनाग की ओर रवाना किया। इससे लंबी देरी के जाम लगने की समस्या काफी हद तक हो गई। वीकेंड पर पर्यटकों की आमद में हुई बढ़ोतरी से होटल कारोबारियों में भी अच्छे कारोबार के कारण प्रसन्नता है तथा देर शाम तक होटलों के करीब 80 फीसदी कमरे भर चुके हैं।

होटल एसोसिएशन के अनुसार दिन 3 घंटे तक भागसूनाग रोड खाली रहा तथा पुलिस के ट्रैफिक को लंबी देरी तक रोके जाने से पर्यटक परेशान हुए तथा कई लौट भी गए। हालांकि होटल कारोबारियों ने भी माना कि भागसू में लंबा जाम नहीं लगा। उधर, पुलिस का कहना है मैक्लोडगंज के स्कवेयर चौक से पीछे स्थित पेड पार्किंग वाली सड़क पर टैंगलवुड, जोगीवाड़ा, भागसूनाग मंदिर, मिठा नाला तथा टीप्पा के लिए क्रमवार ट्रैफिक को रवाना किया गया, ताकि लंबा जाम न लगे।

भले ही ट्रैफिक जाम को लेकर पुलिस व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया जाता हो, लेकिन एक पहलू यह भी है कि वीकेंड में मैक्लोडगंज में सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों वाहन शहर में पहुंचते हैं। ऐसे में 30 से 40 पुलिस जवानों, सिमित पार्किंग स्थलों तथा संकुचित बाजारों के कारण ट्रैफिक को बिना रोके सुचारु रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। (अनंत ज्ञान)



मैक्लोडगंज पहुंचे हजारों वाहन।

### 20-25 मिनट के अंतराल में रवाना किए जा रहे वाहन

**ट्रैफिक** व्यवस्था की जगह-जगह जाकर टोह ले रहे एसएचओ विनोद शर्मा ने बताया कि जाम की स्थिति से निपटने के लिए एएसपी कांगड़ा हितेश लखनपाल के निर्देशों के बाद ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है तथा वाहनों को क्रमवार गतंव्यों को रवाना किया जा रहा है। ट्रैफिक इंचार्ज गुलवीर गुलेरिया ने बताया कि 20 से 25 मिनट की रोटेशन में क्रमवार वाहनों को रवाना किया जा रहा है तथा इस बार अतिरिक्त एक दर्जन पुलिस कर्मियों समेत मैक्लोडगंज थाने के तहत करीब 40 पुलिस कर्मी सड़कों पर यातायात संभालने में जुटे हुए हैं।

### डे ट्रैवलर्स के कारण ऑक्यूपेंसी कम

**होटल** एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बाम्बा के अनुसार वीकेंड पर आने वाले सैलानियों में काफी डे ट्रैवलर होते हैं। ऐसे सैलानी दूसरे राज्यों के पठानकोट जैसे नजदीकी स्थानों से होते हैं तथा दिन में घूमने के बाद शाम को अपने घरों को लौट जाते हैं। उन्होंने बताया कि वीकेंड पर काफी भीड़ जुट रही है, जिससे पूरे पर्यटन कारोबार को लाभ हो रहा है।

## वीकेंड पर मैक्लोडगंज की सड़कों पर ट्रैफिक जाम



सड़क पर लगा लंबा जाम।

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज घूमने आ रहे पर्यटकों को यहां जाम की परेशानी झेलनी पड़ रही है तो वहीं पुलिस जवानों के ट्रैफिक सुचारु करने में पसीने छूट रहे हैं। पर्यटन को जाने वाला खड़ा डंडा मार्ग हो या बाया कैंट मार्ग, कुछ जगहों पर काफी संख्या में पर्यटक के चलते गाड़ियां रेंगती हुई नजर आ रही हैं।

जाम की समस्या अकेली पर्यटन नगरी में ही नहीं है, बल्कि धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में भी इस तरह की समस्या पेश आ रही है। इसका प्रमुख कारण एक तो सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य हैं, वहीं दूसरी तरफ आइडल पार्किंग भी परेशानी का सबब बनी हुई है। आइडल पार्किंग की समस्या अकेले पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में नहीं है, बल्कि कोतवाली बाजार से लेकर खड़ा डंडा और कैंट रोड पर भी नजर आती है। हालांकि पर्यटकों की आमद बढ़ने पर पुलिस की ओर से अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर यातायात को व्यवस्थित करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन जिस तरह से लगातार यातायात दबाव बढ़ रहा है, उसके चलते पुलिस के भी यातायात को व्यवस्थित करने में पसीने छूट रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

> वीकंड पर होटलों में ऑक्यूपेंसी करीब फुल है। वीकेंड मनाने आए पर्यटकों को सोमवार को भी छुट्टी होने के चलते ठहरने के लिए एक और दिन मिल गया। आगामी दिनों में भी पर्यटक आमद इसी तरह रहने की उम्मीद है क्योंकि मैदानी क्षेत्रों के मुकाबले मैक्लोडगंज में कुछ राहत है।
>
> **-राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला**

### कार को टक्कर मारने पर केस दर्ज

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत गाड़ी नं. एचपी94ए-2375 के चालक लकेश निवासी झिकली अम्वाड़ी ने गाड़ी को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए कार नं. डीएल8सीएएफ -7773 को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों गाड़ियों का नुकसान हुआ है। इस संदर्भ में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिला पुलिस प्रवक्ता एएसपी वीर बहादुर ने इसकी पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### मारपीट कर संपत्ति को पहुंचाया नुकसान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर के छल्ल में मदन लाल, रजनी वाला, सपना देवी व विद्या देवी निवासी छल्ल ने ओम प्रकाश व इसके बेटे भुवनेश कुमार निवासी के साथ मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकियां देने तथा प्रापर्टी को भी नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। पुलिस थाना शाहपुर में भारतीय दंड संहिता की धारा 324, 323, 504, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिला पुलिस प्रवक्ता एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### देहरा के गरडयाल में मारपीट का केस दर्ज

**शुभम शर्मा, देहरा।** पुलिस थाना देहरा के तहत गरडयाल में मोनिका निवासी गरडयाल ने कुसुम लता निवासी गरडयाल पर रास्ता रोककर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस थाना देहरा में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिला पुलिस प्रवक्ता एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### 11 वर्षीय बच्चे की सांप के काटने से मौत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां थाना के अंतर्गत 11 वर्षीय बच्चे की सांप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सक्षम (11) निवासी जुआरेड़ रात्रि अपने घर के बरामदे में सोया था, जिसे सांप ने डस लिया। उसको प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर टांडा अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवाया है।

### दरंग निवासी से मारपीट, मामला दर्ज

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत नोरविल्लिंगां, सिद्धवाड़ी में चेत राम निवासी भंजराड़ू जिला चंबा व इसके कर्मचारी नितिन भाटिया तथा आठ अन्य व्यक्तियों द्वारा आदित्या सिंह निवासी दरंग के साथ मारपीट करने व उसे धमकियां देने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना धर्मशाला में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 147, 149, 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### बैजनाथ में रास्ता रोककर की मारपीट

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत मंढेड़ में अनुज कुमार निवासी मंढेड़ ने राम निवासी मंढेड़ पर रास्ता रोककर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504, 506 में पुलिस थाना बैजनाथ में मामला दर्ज किया गया है। उधर, जिला पुलिस प्रवक्ता एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# देहरा की जनता होशियार सिंह के साथ : परमार

## कहा, उपचुनाव और प्रदेश के खराब हालात के लिए मुख्यमंत्री स्वयं जिम्मेदार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

देहरा विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार ने सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक हालात के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिम्मेदार हैं। उन्होंने इस तरह के हालात पैदा किए हैं कि अपने ही विधायक व पार्टी के नेता खिलाफ हो गए हैं। निर्दलीय जीतने वाले विधायकों को इस्तीफा देना पड़ा। मुख्यमंत्री तानाशाही से सत्ता चलाना चाहते हैं, लेकिन प्रदेश के लोग तानाशाही को स्वीकार नहीं करेंगे। देहरा के विकास के लिए होशियार सिंह ने पूरी लगन के साथ काम किया है। इस उपचुनाव में देहरा की जनता भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह भारी मतों से विजयी बनाने जा रही है।

परमार ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाया गया। कई संस्थान बंद कर दिए गए। दस हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी से निकाल दिया। मनमाने ढंग से अपने 'लोगों' को सरकार में ऐडजस्ट किया, जिन्होंने पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों के साथ-साथ चुने हुए विधायकों का भी अपमान किया। उनके जनहित के काम रुकवाए। विकास के कामों को ठप किया।

परमार ने कहा कि देहरा से दो बार के निर्दलीय विधायक होशियार सिंह को प्रताड़ित करने में मुख्यमंत्री ने कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि उन्होंने राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेसी के प्रत्याशी को वोट न देकर चंबा के रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता को वोट किया था। यही बात मुख्यमंत्री को बर्दाश्त नहीं हुई और निर्दलीय विधायकों को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री उन्हें डरा-धमकाकर अपनी बात मनवाना चाहते हैं। इस प्रताड़ना से तंग आकर तीनों निर्दलीय विधायकों ने विधायकी से इस्तीफा दे दिया।

परमार ने कहा कि भाजपा का सहयोग करने के कारण ही उन्हें प्रताड़ित किया गया इसलिए भाजपा ने उन्हें इस उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने होशियार सिंह को भारी से भारी मतों से जिताने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा को जनसभा करने के लिए नहीं दिया स्थल



सत्ता के दुरुपयोग का आलम यह है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी को सरकार ने जनसभा के लिए मैदान नहीं दिया गया और हमें सड़क पर कार्यक्रम करना पड़ा। सत्ता के दुरुपयोग से हम रुकने वाले नहीं हैं और पूरी ताकत के साथ ऐसी तानाशाही का सामना करेंगे। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति के साथ-साथ प्रदेश के ठप पड़े विकास, व्याप्त अराजकता और ध्वस्त कानून व्यवस्था के जिम्मेदार भी मुख्यमंत्री स्वयं हैं। वह विधायकों को साथ लेकर चलने में यकीन नहीं रखते हैं।

# धारकंडी में सड़क निर्माण पर रहेगा विशेष फोकस : पठानिया



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

विधानसभा में उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को विकास खंड रेत की ग्राम पंचायत भितलू में 88 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली कुट से चम्यारा सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि धारकंडी व करेरी क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और प्रदेश की सुख सरकार ऐसे स्थानों को प्राथमिकता के आधार पर विकसित करने जा रही है। आने वाले समय में यहां पर्यटक बढ़ेंगे और स्थानीय युवाओं को रोजगार के और अधिक अवसर मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि धारकंडी तथा करेरी क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए कारगर प्लान भी तैयार किया है तथा सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से खूबसूरत स्थानों को सड़कों के साथ जोड़ने पर मुख्य फोकस रहेगा।

केवल सिंह पठानिया ने कहा कि एससीडीपी स्कीम के अंतर्गत सुखुघाट, लाहड़ू, पलोया व पलून इलाकों में विद्युत समस्या का हल करने के लिए 22 लाख रुपए की लागत सुखुघाट एक ट्रांसफार्मर में लगाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### कहा, भितलु में कुट चम्यारा सड़क निर्माण पर व्यय होंगे 88 लाख

# जाइका के तहत 300 से अधिक स्वयं सहायता समूह गठित

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

राज्य परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चैहान ने कहा कि जाइका चरण-1 के तहत 300 से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं और इन समूहों को ऋण प्रबंधन, लेखा और बहीखाता, कटाई के बाद, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर विभिन्न प्रशिक्षण दिए गए। शनिवार को बैजनाथ में महिला, बाल मामले और महिला सशक्तिकरण मंत्रालय, श्रीलंका तथा जाइका-श्रीलंका के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल को जाइका के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों की जानकारी देते हुए राज्य परियोजना निदेशक डा सुनील चैहान ने कहा कि श्रीलंकाई प्रतिनिधियों की यह यात्रा दोनों देशों के बीच आपसी सीख और विचारों के आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण अवसर है और यह आदान-प्रदान नई रणनीतियों और सहयोगों को प्रेरित करेगा जिससे दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को लाभ होगा।

### श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल ने जाइका गतिविधियों की ली जानकारी

# सहयोग महिला मंडल ने छात्राएं कीं सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

सहयोग महिला मंडल द्वारा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्रा) नगरोटा बगवां में अव्वल नंबरों से पास हुई छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधान संजना भंडारी ने बताया कि संस्था पढ़ाई के अलावा खेलों में व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। इसी संदर्भ में इस स्कूल की छात्राओं कृतिका, कनिष्का, तनिशा, नित्या ठाकुर, आकांक्षा, पलक, महक, पलक कुमारी, सलोनी, पायल, अंजलि आदि को प्रशंसा पत्र देकर व मेडल से सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)



# माउंट कार्मल स्कूल गगल ने मनाया स्थापना दिवस




**अनंत ज्ञान, गगल**

माउंट कार्मल स्कूल गगल में शनिवार को 25 वर्ष पूरे हो जाने पर रजत जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस रजत जयंती समारोह में ज्ञान ज्योति कॉलेज राजोल के प्रबंधक वीरेंद्र चौधरी व ज्ञान ज्योति कॉलेज की प्रधानाचार्य विजेता चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत दी। यह बहुत ही हर्ष का विषय था क्योंकि इस समय स्कूल की सबसे पहले अध्यापिका शालिजी मन्हास और सोनिका सूद इन सुनहरी पलों की साक्षी रहीं। इस विद्यालय में सबसे पहले प्रवेश लेने वाली छात्रा आयुषी शर्मा भी उपस्थित रही। सबसे पहले इस विद्यालय में आया के रूप में सेवाएं देने वाली बलविंदर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

**विजिट** बीते वर्ष बेंगलुरु में दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए थे हस्ताक्षर

# सीयू का दौरा करेगा इंडियाना यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधिमंडल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

एचपी केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला और यूएस की इंडियाना यूनिवर्सिटी पेनसिलवेनिया मिलकर अब शिक्षा और शोध के क्षेत्र को और अधिक विस्तार देने जा रहे हैं। इसी संबंध में 25 और 26 जून को इंडियाना यूनिवर्सिटी, पेनसिलवेनिया से पांच सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय विवि धर्मशाला पहुंच रहा है।

इसमें मुख्य रूप से फिलेडैल्फिया राज्य की एंबेसडर कनिका चौधरी शामिल हैं, जो भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच शैक्षणिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए आ रही हैं। वहीं, अन्य चार सदस्य इंडियाना यूनिवर्सिटी पेनसिलवेनिया के होंगे। गौरतलब है कि बीते वर्ष बेंगलुरु में 13 जनवरी, 2023 को दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता ज्ञापन अन्य बिंदुओं के अलावा मुख्यत: तीन विषयों पर केंद्रित है। इसमें दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त शोध प्रोजेक्ट्स पर कार्य करेंगे, जिसके लिए अध्यापकों और शोधार्थियों के एक्सचेंज पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। शोध के लिए दोनों विश्वविद्यालय शोध के ऐसे विषयों एवं क्षेत्रों का चयन करेंगे।

वहीं, दोनों विश्वविद्यालय छात्रों द्वारा प्राप्त किए जाने वाले कोर्स क्रेडिट की शेयरिंग पर भी साथ मिलकर काम करेंगे, जिसके लिए इस बैठक में चर्चा कर क्रियान्वयन को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके लिए दोनों विश्वविद्यालय स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर ऐसे कोर्सेज की पहचान करते हुए उन कोर्सेज को विकसित करेंगे। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को अधिक लाभ होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### संयुक्त/ दोहरी डिग्री कार्यक्रमों पर होगी चर्चा

**दोनों** विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि संयुक्त/ दोहरी डिग्री कार्यक्रमों के ऊपर भी गहन चर्चा करेंगे, जिसे यूजीसी द्वारा भी अब महत्व दिया जा रहा है। ऐसे संयुक्त डिग्री कार्यक्रम दोनों विश्वविद्यालयों के लिए एक मील का पत्थर साबित होंगे जिनसे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर मिलेगा।

### 25-26 जून को सीयू के धर्मशाला कैंपस में आयोजित होंगी बैठकें

**कार्यालय ग्राम पंचायत भुआणा**
**विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## निविदा सूचना

ग्राम पंचायत भुआणा द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए सामग्री की सप्लाई के लिए कुटेशनें आमंत्रित की जाती हैं। अतः जो भी सप्लायर ग्राम पंचायत को सामग्री देना चाहता है वह बंद लिफाफे में अपनी निविदाएं दिनांक 24.06.2024 से पहले-पहले जमा करवा दें। सप्लायर का अपना जीएसटी नं. होना चाहिए। उसी की निविदा को पंचायत बैठक में लिया जाएगा और जिसका रेट सबसे कम होगा उसी को वर्ष 2024-25 की सामग्री की सप्लाई के आदेश दिए जाएंगे।

1. क्रशर-प्रति फुट 2. क्रेशर रेता-प्रति फुट 3. गटका-प्रति फुट 4. बोल्डर -प्रति फुट 5. पत्थर फाड़ा-प्रति फुट 6. पक्की ईंट नं.1 , दोयम- प्रति ईंट 7. शटरिंग लकड़ी, लोहा- प्रति वर्ग फुट 8. किराया सीमेंट लोडिंग/अनलोडिंग पंचरुखी से भुआणा प्रति बैग।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत भुआणा**
**विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

## न्यूज ब्रीफ

### महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में बच्चों ने की योग क्रियाएं

**अनंत ज्ञान, गगल।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल खटेड़ धर्मशाला में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।



जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों ने योगासन करके स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापकों ने बच्चों के साथ योग आसन करके औरों को भी योग करने के लिए जागरूक किया।

### आयुर्वेदिक अस्पताल कौना में करवाया योगाभ्यास

**राकेश डोगरा, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत सांबा के आयुर्वेदिक अस्पताल कौना में 21 जून को योग शिविर लगाया गया। इस योग शिविर में एएमओ डॉ. पूनम ठाकुर ने स्थानीय ग्रामीणों को योग क्रियाएं करवाईं। उन्होंने अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका आदि क्रियाएं करवाईं। डॉ. पूनम ठाकुर ने कहा कि हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। इससे हमारा शरीर हृष्ट-पुष्ट व तंदुरुस्त रहता है। किसी ने कहा भी है अगर रोज करेंगे योग तो उम्र भर रहेंगे निरोग। इस मौके पर अवतार गुलरिया (कंचन भाई), राजीव शर्मा (बबलू), सुशील कुमार, मनोज शर्मा, राकेश कुमार, इनके साथ साथ पूर्व प्रधान सांबा अनिता कुमारी, सुनीता शर्मा, रेखा शर्मा, पावना देवी सुनीता देवी आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### परमात्मा की प्राप्ति का एकमात्र साधन योग : उद्यालक

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रेई में अंतराष्ट्रीय योग दिवस प्राचार्या रचना मनचंदा के सानिध्य में मनाया गया। इसमें योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक शर्मा (आयुष) ने यौगिक क्रियाएं करवाते हुए कहा कि सांसारिक पदार्थ एक न एक दिन शरीर के साथ अवश्यमेव छूट जाते हैं, परंतु परमात्मा की प्राप्ति का एकमात्र साधन पुरातन ऋषि-मुनियों द्वारा परंपरागत दिया गया योग ही है। प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास करने से परमात्मा की प्राप्ति सहज हो जाती है। इस अवसर पर एएचसी आयुष विभाग शाखा रैत के अधिकारी डॉ. भवानी, एपीओ बबीता, योग इंस्ट्रक्टर अनुराधा शर्मा, संजय कुमार के अतिरिक्त सीमा, सुमित, संदीप कविराज, रज्जो, कपिल, नितिन अंशुल, अनुपम, योगमाया, अर्चना, तिलक, सुनील सहित छात्र-छात्राओं ने भी योग उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया। (अनंत ज्ञान)



### डरोह स्कूल में छात्रों को पढ़ाया योग का पाठ

**राकेश डोगरा, डरोह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल डरोह में स्कूली छात्रों को जहां योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, वहीं आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के योग प्रशिक्षक देश राज चंबियाल ने स्कूली छात्रों को योग की विभिन्न क्रियाएं भी करवाईं। इस मौके पर देव संस्कृति विश्व विद्यालय शांति कुंज हरिद्वार के योग प्रशिक्षक सुमित साहू, दीपक शर्मा व गोपाल पंवार ने भी स्कूली छात्रों को योग करवाया। स्कूल प्रांगण में सुबह सात बजे से लेकर लगभग 10 बजे तक स्कूली छात्रों व एनएसएस इकाई के छात्रों और अध्यापकों ने योग की अलग अलग क्रियाएं सीखीं। (अनंत ज्ञान)



### धर्मशाला न्यायालय परिसर में किया योगाभ्यास



**बबलू सूर्यवंशी, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय स्थित धर्मशाला आयुष विभाग की ओर से कोर्ट परिसर में डॉ. मनमिंद्र कौर, डॉ. जसविंदर कौर एवं योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक शर्मा के सहयोग से योग दिवस पर योग क्रियाएं की गईं। (अनंत ज्ञान)

### धीरा में 260 विद्यार्थियों व अध्यापकों ने किया योग

**राकेश डोगरा डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें दीपक शर्मा प्रशिक्षु राजकीय आयुर्वेदिक एवं योग विद्यापीठ हरिद्वार के द्वारा विद्यालय के लगभग 260 विद्यार्थियों व अध्यापकों को योग का महत्व विस्तृत रूप से बताया। (अनंत ज्ञान)



### डाडासीबा में मनाया संत कबीर जयंती समारोह

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा में शनिवार को संत कबीर जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। अनुसूचित जाति-जनजाति व ओबीसी जन कल्याण महासभा जसवां-परागपुर के अध्यक्ष अशोक मेहरा एवं उपप्रधान गुरवचन सिंह ने बताया सुबह भजन-कीर्तन किया गया। उसके उपरांत दूर-दूर से आई संगत को भंडारे के रूप में प्रसाद वितरित किया गया। समागम में संत कबीर की शिक्षाओं पर चलने का आहवान किया। महासभा के उपप्रधान सोहन सिंह ने कहा कि संत कबीर दास जी मध्यकालीन युग के क्रांतिकारी संत थे, जिन्होंने अपने दोहों के माध्यम से पाखंडवाद से दूर रहकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में सोहन लाल, सुरेश कुमार, राहुल, संजय कुमार तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### भेडू मरूंह में कबीर जी की 626वीं जयंती मनाई



**राकेश डोगरा डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव के भेडू नागनी पुल के पास कबीर जी की 626वीं जयंती मनाई गई। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संजय सिंह चौहान इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे। सबसे पहले निशान ध्वजारोहण किया गया तदोपरांत भाई सीता राम व साथियों ने गुरु के शब्द सुनाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। कड़ाह प्रसाद व ठंडे मीठे पानी की छबील भी लगाई गई थी। इस मौके पर सेवानिवृत्त अधिकारी चमेल सिंह, सुलह कांग्रेस एस सी मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम चंद, प्रताप कौशल, डॉ. नरोत्तम कौशल, पुरुषोत्तम चंद व संगत उपस्थित थी। (अनंत ज्ञान)

# गुर्दे का सफल प्रत्यारोपण टांडा मेडिकल कॉलेज के लिए एक नई उपलब्धि : बाली

## प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष ने अस्पताल के डॉक्टर्स और स्टाफ को दी बधाई

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। ये शब्द हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने टांडा मेडिकल कॉलेज में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहे। गत दिनों मेडिकल कॉलेज टांडा में डॉक्टरों द्वारा गुर्दे का सफल ऑपरेशन करके स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित किया गया इस कार्य के लिए आरएस बाली ने समस्त टीम को बधाई दी।

वहीं, प्रधानाचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज टांडा में गुर्दे के प्रत्यारोपण की इस सफलता का श्रेय हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली को बहुत जाता है क्योंकि इस सुविधा को यहां लाने के लिए इन्होंने निरंतर प्रयास किए उन्होंने कहा आज जिस डाक्टर द्वारा गुर्दे का प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया जा रहा है वह डाक्टर अमित भी इसी कॉलेज के छात्र रहे हैं।

उन्होंने कहा टांडा अस्पताल में इस सुविधा को शुरू करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री निरंतर फीडबैक लेते रहे और उन्हीं के प्रयासों से आज हम सभी को इसमें सफ़लता मिली है। पीजीआई के डॉक्टरों का भी पूरा सहयोग इसके लिए प्राप्त हुआ इसके लिए उन्होंने उनका भी धन्यावाद किया। (अनंत ज्ञान)



टांडा मेडिकल कॉलेज में प्रेस वार्ता करते प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष।

### हिमकेयर-आयुष्मान लाभार्थियों को फ्री में मिलेगी सुविधा

आरएस बाली ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज टांडा ने आज एक नया मुकाम हासिल किया है। गुर्दे के प्रत्यारोपण की इस सुविधा का लाभ यहां आने वाले अनेकों मरीजों को मिलेगा और अब उन्हें पीजीआई, एम्स के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और इससे उनके पैसों की भी बचत होगी। उन्होंने कहा इस सुविधा का लाभ मरीजों को हिमकेयर और आयुष्मान योजना के अंतर्गत फ्री में मिलेगा। उन्होंने बताया डॉक्टरों की टीम द्वारा 2 मरीजों का गुर्दे का सफल प्रत्यारोपण किया गया है।

### भैंसों को नदी में पानी पिलाने से रोका तो किया जानलेवा हमला

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस थाना इंदौरा के तहत एक समुदाय विशेष के व्यक्ति को अन्य समुदाय के लड़कों द्वारा उसकी भैंसों को नदी में पानी पिलाने से रोकने और जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बारे पीड़ित मसकीन अली पुत्र रहमो, निवासी ढसोली, तहसील इंदौरा ने बताया कि वह रोज की तरह अपनी पशुधन को ब्यास नदी में पानी पिलाने के लिए ले गया, लेकिन वहां बैठे कुछ लोगों ने उसे पशुओं को पानी पिलाने से मना किया, जवाब में जब उसने कहा कि वह पानी पिलाकर चला जाएगा, पशु प्यासे हैं। इस पर वे बोले कि तू मानता है या नहीं और उसे गालियां देते हुए उसकी ओर दौड़े और उन लड़कों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस बारे डिप्टी एसपी नूरपुर विशाल वर्मा ने बताया पुलिस को सिविल अस्पताल इंदौरा से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति घायलावस्था में उपचार हेतु पहुंचे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### हैप्पी बर्थडे



कोट कपड़यास गांव के महेश कश्यप को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



कांगड़ा के अमृता और शैलेश को शादी की 12वीं वर्षगांठ पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### नैहरनपुखर में 25 को सजेगा रोजगार मेला

**सालबिया शर्मा, गरली।** आईटीआई नैहरनपुखर में युवाओं को रोजगार में अपने कौशल को विकसित करने के लिए आगामी 25 जून को आईटीसी कपूरथला द्वारा रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी ने बताया कि 25 जून को होने वाले रोजगार मेले के लिए फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट, वायरमैन इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिक मोटर व्हीकल व्यवसाय में आईटीआई कर चुके अभ्यर्थी पात्र होंगे। आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कंपनी चयनित युवाओ को 1 से 3 साल तक अपने व्यवसाय में कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा और 12000 रुपए मानदेय दिया जाएगा । पात्र युवा 25 जून को सुबह दस बजे अपने मूल प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के आईटीआई में पहुंच जाने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## ईगल फुटबॉल क्लब ने जयसिंहपुर फुटबॉल क्लब को 5-0 से दी मात

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

फुटबॉल एसोसिएशन धर्मशाला द्वारा आयोजित द्वितीय संस्करण समर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में ईगल फुटबॉल क्लब तथा शाहपुर फुटबॉल क्लब के बीच खेले गए मैच में ईगल फुटबॉल क्लब ने 1-0 से जीत दर्ज की।

वहीं, फुटबॉल एसोसिएशन दाड़ी तथा साई जूनियर टीम के बीच खेले गए मैच में साई जूनियर ने 3-2 से मुकाबला जीता। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड तथा फुटबॉल एसोसिएशन धर्मशाला बी के मध्य खेले गए मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने 1-0 से जीत दर्ज की, फुटबॉल एसोसिएशन धर्मशाला तथा खनियारा फुटबॉल एसोसिएशन के बीच खेले गए मैच में फुटबॉल एसोसिएशन धर्मशाला ने 2-1 से जीत दर्ज की। साईं कांगड़ा यूनाइटेड तथा जोरावर फुटबॉल क्लब के बीच खेले गए मैच में साई कांगड़ा ने 3-0 से जीत दर्ज की, स्कोह 11 तथा इंद्रु नाग फुटबॉल एसोसिएशन के मध्य खेले गए मैच में इंद्रुनाग ने 1-0 से जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे दिन के मुकाबले में धांस यूनाइटेड तथा डायमंड डायनामस के बीच खेले गए मैच में धंस ने 12-0 से जीत दर्ज की, गम्मरू फुटबॉल क्लब तथा एसआर फिलिंग स्टेशन चंबा के बीच खेले गए मैच में एसआर फिलिंग स्टेशन चंबा ने 3-0 से जीत दर्ज की, जयसिंहपुर फुटबॉल क्लब तथा ईगल क्लब के बीच खेले गए मैच में ईगल फुटबॉल क्लब ने 5-0 से जीत दर्ज की। इसके अलावा वोल्वस फुटबॉल क्लब तथा फुटबॉल एसोसिएशन धर्मशाला ए के बीच खेले गए मैच में वोल्वस क्लब ने 2-0 से जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)



## पठानकोट के सरना में टूटे सात दुकानों और एक घर के ताले

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट जिले में चोरियों की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गत देर रात सरना क्षेत्र में 7 दुकानों और एक घर को चोरों ने निशाना बनाया है। चोर पहले दुकानों में वारदातें करने लगे और उसके बाद घरों का रुख किया।

ऐसे में सरना अड्डे में हुई चोरी की वारदात के बाद संबंधी जानकारी देते हुए रोहित और राहुल ने कहा कि चोर उनकी दुकान के ताले तोड़ कैश और जरूरी कागजात चुरा कर ले गए है। इसी तरह साथ वाली 6 के करीब दुकानों पर चोरों ने ताले तोड़ वारदात को अंजाम दिया है, जबकि दुकानदार अमरीक कुमार का कहना है कि चोर उनका शटर तोड़ कर अंदर से पैसे और अन्य सामान चोरी करके ले गए है।



उनका कहना है कि जब पुलिस की रात को गश्त होती थी तो चोरियों की वारदातें नहीं होती। अब गश्त ना होने से चोरी की वारदातें शुरू हो गई है।

दूसरी तरफ घर के मालिक राज कुमार ने कहा कि चोर उनके घर में दीवार फांद कर दाखिल हुए और चोरी का प्रयास करने लगे। जब वह जाग गए तो चोर फरार हो गए। सभी पीड़ितों ने चोरी की वारदातों संबंधी संबंधित पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने करवाया योगाभ्यास

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

जिला कांगड़ा में विभिन्न स्थानों पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षक हितेश राय ने सी एस आई आर पालमपुर में 250 के एल वी पालमपुर में 350,देश राज चमबयाल, डिंपल मंढोतरा, अजेय शर्मा ने पुलिस प्रशिक्षण संस्थान डरोह में 500, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डरोह में 200 अनू गोयल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटौर में 300 गगल में 100 विकास ने धर्मशाला जेल में 100 लोगों को योग, ध्यान व प्राणायाम की अनेक क्रियाओं को सिखाया। (अनंत ज्ञान)



### कार्यक्रम में जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने की शिरकत

## लंबागांव धरोड़ में मनाई कबीर जयंती

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर**

लंबागांव धरोड़ में शनिवार को कबीर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसमें जयसिंहपुर क्षेत्र के लोगों में सद्गुरु कबीर जी के प्रति काफी श्रद्धा भाव देखा गया। लोगों ने कबीर जी के भजन, दोहे और उनकी शिक्षाओं का खूब गुणगान किया। सुबह 9.30 बजे झंडा समारोह सदगुरु कबीर जी का भक्तिभाव से किया गया और हर वर्ष की तरह नया झंडा चढ़ाया गया। इसके बाद हलवा प्रसाद श्रद्धालुओं में बांटा गया। भंडारा भी लगाया गया। कार्यक्रम में जयसिंहपुर के पूर्व विधायक और समाजसेवी रविंद्र रवि धीमान ने भी शिरकत की तथा साथ ही स्थानीय जिला परिषद संजीव ठाकुर भी भंडारे में शामिल हुए। यहां पर यहां लंबागांव स्कूल की 11वीं कक्षा की आर्टिस्ट छात्रा आंचल ने अपने हाथों से बनाई सद्गुरु कबीर साहिब की पेंटिंग रविंद्र धीमान जी को भेंट की। कार्यक्रम की आयोजक टीम सद्गुरु कबीर समाज सुधार सभा के प्रधान शक्ति चंद ने सारी टीम के सहयोग और सफल कार्यक्रम के लिए सबका धन्यवाद प्रेषित किया। (अनंत ज्ञान)



## स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन करें योग : पठानिया

### द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में मनाया गया 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

द्रोणाचार्य शिक्षा महाविद्यालय रैत में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम समाज और स्वयं के लिए योग के उपलक्ष्य में 21 जून को सुबह साढ़े 6 बजे से योग का कार्यक्रम शुरू हुआ।

यह शिविर संजीवनी क्लब द्रोणाचार्य, 6 एएम हैप्पी क्लब और रोटरी क्लब के सहयोग द्वारा संचालित किया गया। शिविर में विधानसभा के उप मुख्य सचेतक एवं विधायक केवल पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि व रणजीत सिंह योगी, अंतरराष्ट्रीय योग गुरु, संस्थापक त्रिगर्त दिव्य योग सेवा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। योगगुरु रणजीत ने योगाभ्यास करवाया।

इस शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा हर आयु वर्ग के 300 के करीब योग प्रेमी लाभ लेने पहुंचे। महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी और योग आसान प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिनमें विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि केवल पठानिया ने बताया कि योग की परंपरा प्राचीन है। इसको हर किसी को अपने जीवन मे ढालना चाहिए। जो मनुष्य योग से नाता जोड़ लेता है, वह ऊर्जावान हो जाता है। जीवन में स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)




## बाथू मंदिर के चढ़ावे को कब्जाने वालों पर दर्ज होगी शिकायत : सुरेंद्र कुमार

**अनिल छांगू, जवाली**

बीडीसी सदस्य सुरेंद्र कुमार ने कहा कि पौंग झील के मध्य स्थित पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान निर्मित बाथू की लड़ी में पर्यटकों द्वारा चढ़ाए जा रहे चढ़ावे को कुछ लोग तानाशाही रवैये से कब्जाने की कोशिश कर रहे हैं और कर्मचारियों को डरा-धमका रहे हैं, उनके खिलाफ शीघ्र ही शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बाथू की लड़ी मंदिर का चढ़ावा प्रशासन द्वारा खुलवाए गए खाते में जमा करवाया जा रहा है, जबकि बाथू की लड़ी में चलाई जा रही मोटरबोट में घूमने की एवज में एकत्रित राशि को वन्य प्राणी विभाग के खाते में जमा करवाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा मंदिर में पुजारी बैठाया गया है, जो कि दिनभर के चढ़ावे को एकत्रित करके प्रशासन के पास जमा करवा देता है। (अनंत ज्ञान)



### अखिल भारतीय असंगठित अभ्यास में भाग लेंगी शशि

**सालबिया शर्मा, गरली।** छत्तीसगढ़ में 28 से 30 जून तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय अखिल भारतीय असंगठित अभ्यास में हिमाचल की ओर से गरली की शशि लता शिरकत करेंगी। शशि लता भारतीय मजदूर संघ आशा कर्मचारी महासंघ की उपाध्यक्ष एवं आशा कार्यकर्ता संघ हिमाचल प्रदेश की महामंत्री भी हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ संबंधित अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ की ऑल इंडिया लेवल के अभ्यास में पांच आशा वर्कर्स शामिल होने जा रही हैं, जिसमें हिमाचल प्रदेश से उनका चुनाव हुआ है। (अनंत ज्ञान)



**योगा** | साई स्पोर्ट्स ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में 1400 प्रतिभागियों ने लिया भाग

## सीयू के विद्यार्थी विदेशों में भी सीखाएंगे योग : प्रो. बंसल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने विश्व योग दिवस का आयोजन साई स्पोर्ट्स ग्राउंड धर्मशाला में किया। इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, गैर शिक्षक कर्मचारियों के साथ राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बाल), श्री सत्य साईं एजुकेयर व भारतीय हिमालय स्कूल टंग के विद्यार्थी-शिक्षक भी प्रतिभागी रहे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में 1400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन 6 से 7:30 बजे प्रात: किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया।



इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल व विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल संजय शांडिल ने शिरकत की। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय स्थित योग अध्ययन केंद्र द्वारा पिछले एक महीने भर से पूरे धर्मशाला क्षेत्र के स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व आम जनमानस को योग से अपने शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के प्रति जागरूक करवाया गया।

कुलपति ने कहा कि शीघ्र ही हमारे विद्यार्थी विदेश में भी योग सिखाने जाएंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय कई प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है और आने वाले समय में देश विदेशों में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय अपनी शिक्षा की श्रेष्ठ गुणवत्ता व शोध से जाना जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### योग के लाभ बताए

डॉ. सत्यानंद, सहायक आचार्य, योग अध्ययन केंद्र के निर्देशन में प्रोटोकॉल अभ्यास करते हुए सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसनों व प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों के साथ-साथ उनके लाभों को भी बताया गया। तत्पश्चात शांति पाठ से इस अभ्यास का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में दीनदयाल अध्ययन केंद्र के सह-आचार्य डॉ. इंद्र सिंह ठाकुर ने मंच संचालन किया तथा योग अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. सुनील कुमार ने कार्यक्रम की रूप रेखा बनाते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज ब्रीफ

### नप सुजानपुर में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का पद रिक्त

**ए कुमार, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर में दोनों ही अहम पद खाली हो गए हैं। एक और जहां नगर परिषद के उपाध्यक्ष का पद वार्ड सात के पार्षद पवन कुमार के निधन से खाली हो गया, वहीं दूसरी ओर अविश्वास प्रस्ताव के चलते अध्यक्ष पद करीब चार माह से खाली चल रहा है। नगर परिषद के चुनावों में वार्ड नंबर सात से पवन कुमार ने पहली बार आजाद उम्मीदवार के तौर पर यह चुनाव लड़ा था और चुनाव जीतकर वह नंबर सात के पार्षद बने थे। पवन का निधन होने से पार्षद एवं उपाध्यक्ष का पद रिक्त हो गया। वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनावों में आचार संहिता से पहले अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास के कारण अध्यक्ष पद रिक्त हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### खड्ड बाजार में व्यक्ति से 12 बोतलें देसी शराब बरामद

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** भोरंज पुलिस ने खड्ड बाजार के पास एक व्यक्ति से 12 बोतलें देसी शराब पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार राजकुमार पुत्र दीपचंद गांव रखोह, जिला मंडी से खड्ड बाजार के पास गश्त के दौरान 12 बोतल शराब ऊना नंबर-1 की बरामद की है। जिस पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि एसएचओ भोरंज योग राज चंदेल ने की है। (अनंत ज्ञान)

### सद्गुरु कबीर साहेब का प्रकटो दिवस मनाया



**अनिल कुमार, हमीरपुर।** कबीर पंथ समाज सुधार सभा जिला हमीरपुर द्वारा कबीर साहेब का 627वां प्रकटो दिवस कबीर भवन सलासी में हर्षोल्लास से मनाया। इस कार्यक्रम का आगाज झंडा आरोहण से शुरू किया गया। उसके पश्चात महात्मा प्रणवानंद जी रोहतक वालों ने सद्गुरु कबीर साहेब की शिक्षाओं पर आधारित सत्संग किया। उसके बाद सभा के जिला प्रधान सतीश कुमार कौशल ने आई हुई संगत का स्वागत किया और सभा की गतिविधियों और आय-व्यय के बारे में सभी को अवगत करवाया। इस अवसर पर विनय कुमार को भी सम्मानित किया गया जो प्रशासनिक सेवा में चयनित किए गए हैं। इसके साथ ही चमन लाल को भी उनके सराहनीय कामों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लगभग एक हजार से ज्यादा लोगों ने सत्संग और भंडारे का आनंद लिया। (अनंत ज्ञान)

### विकास करवाने के लिए कांग्रेस वचनबद्धः रणजीत



**एकुमार, सुजानपुर।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार ग्रामीण इलाकों का विकास करवाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। सुजानपुर का विकास करवाने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। यह बात सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत राणा ने सुजानपुर पंचायत समिति सदस्यों की विशेष बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों ने अपने पंचायत में हो रहे विकास कार्य को लेकर जानकारी दी। बैठक में राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का विकास तभी संभव है, जब ग्रामीण इलाकों में संपूर्ण विकास हो सरकार इस बात को लेकर पूरी तरह काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जितनी भी पंचायतें आती हैं, वहां पर एक समान विकास कार्य करवाए जाएंगे। पंचायत समिति सदस्य इस बात का ध्यान रखें कि उनकी पंचायत में जो कार्य पहले शुरू हुए हैं वे पूर्ण हों उसके बाद नए कार्य शुरू करवाएं। उन्होंने कहा कि पंचायत में कार्य करवाते समय उन्हें किसी भी तरह की कोई दिक्कत आती है तो वह सीधा उनसे या विभागीय उच्चाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुजानपुर में विकास के नई गाथा लिखी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### भरेड़ी स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू




**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बधानी के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा ने किया। इस शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवियों के ठहरने एवं खान की व्यवस्था स्कूल प्रशासन द्वारा स्कूल में ही की गई है। यह जानकारी एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मीरा देवी ने दी। प्रधानाचार्या सुनीता देवी ने बच्चों को एनएसएस का महत्व बताया। स्कूल के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहते हुए इन सात दिनों में अपने जीवन के उन परिवर्तनों को अपने अंदर लाने की बात कही, जिन परिवर्तनों की आने वाले वक्त में सब विद्यार्थियों को जरूरत होती है। इसी तरह मुख्यातिथि महोदय ने बच्चों को एनएसएस के बारे में समझाया और अपने जीवन में एनएसएस का जो मुख्य वाक्य 'मैं नहीं, बल्कि आप' के सिद्धांत पर काम करने की बात कही यदि जिंदगी में कामयाबी हासिल करनी है और बच्चों के साथ रहकर 7 दिनों में अपनी जिंदगी के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने के बारे में समझाया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल पूजा शर्मा एवं अन्य स्टाफ के सदस्य अभी उपस्थित रहे। यह कैंप 22 जून से लेकर 28 जून तक चलेगा। (अनंत ज्ञान)

### विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा जिम्मेदारः प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने हिमाचल की तीन विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए विपक्षी दल भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। प्रतिभा ने भाजपा के उस आरोप को पूरी तरह निराधार बताया है, जिसमें वह विधानसभा उप चुनावों के लिए कांग्रेस को दोषी बता रही है। उन्होंने शनिवार को एक बयान में कहा कि भाजपा ने एक षड्यंत्र के तहत प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तीन निर्दलीय विधायको को भी अपने पक्ष में करने को त्यागपत्र देने को उकसाया।



# मेडिकल कॉलेज में मरीजों को नहीं मिल रही निशुल्क दवाइयां

## विटामिन-डी थ्री की दवाई भी काफी समय से हो चुकी है खत्म

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कालेज हमीरपुर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां नहीं मिल रही हैं। मेडिकल कॉलेज में निशुल्क दवाई केंद्र में पेंटोप्रोजोल विद डोमप्रिडेन दवाई समाप्त हो गई है। गेस्ट्रिक की दवाई समाप्त होने की वजह से मरीजों को मेडिकल स्टोर से इसकी खरीदने पड़ रही है। इस दवाई की कीमत मेडिकल स्टोर पर अलग-अलग बताई जा रही है। कहीं इस दवाई की कीमत 100 रुपए तो कहीं इससे भी अधिक बताई जा रही है। फार्मेसी में दवाई के समाप्त होने की सूरत में मरीज परेशान हो रहे हैं।

इसके साथ ही बच्चों को दी जाने वाली विटामिन-डी थ्री की दवाई भी काफी समय से खत्म हो चुकी है। दोनों ही दवाइयों के लिए अब मरीजों को मेडिकल स्टोर का रुख करना पड़ रहा है। यदि बात सॉफ्ट रोल की करें तो यह कई महीनों पहले ही समाप्त हो चुका है, जिसकी आपूर्ति आज दिन तक नहीं हो पाई। फार्मेसी में दवाइयों की कमी की वजह से मरीजों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। जाहिर है कि मेडिकल कालेज एवं अस्पताल हमीरपुर में रोजाना हजारों लोग उपचार करवाने के लिए पहुंचते हैं। डॉक्टरों द्वारा दवाई लिखने के उपरांत मरीज अस्पताल की फार्मेसी में पहुंचते हैं तो उन्हें दवाई नहीं मिलती है।

लोगों ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की है कि फार्मेसी में समाप्त हुई दवाई की आपूर्ति जल्द की जाए ताकि मरीजों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। (अनंत ज्ञान)




मेडिकल कॉलेज में मरीजों को नहीं मिल रही निशुल्क दवाइयां।

**क्या कहते हैं चिकित्सा अधिकारी**

चिकित्सा अधीक्षक आरकेजी एमसी डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि यदि गैस्ट्रिक की यह दवाई समाप्त है तो इसकी आपूर्ति जल्द हो जाएगी। दवाई के आर्डर किए जाते हैं, लेकिन पहुंचने में कुछ वक्त लग जाता है। फार्मेसी में सरकार की तरफ से निशुल्क उपलब्ध करवाए जाने वाली अधिकांश दवाइयां उपलब्ध हैं और जो नहीं है उन्हें भी जल्द ही उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

## मनचाही मांगें पूरी करती है मां टौणी देवी, मेला आज



माता टौणी देवी का भव्य मंदिर।

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

चौहान वंश की कुलदेवी माता टौणी देवी के मंदिर में हर वर्ष की तरह 10 प्रविष्टे रविवार को मेले का आयोजन होगा। यह जानकारी कमेटी अध्यक्ष सरवन सिंह चौहान ने दी। टौणी देवी मंदिर ऐतिहासकि मंदिर है। इसका इतिहास चौहान वंश से जुड़ा है।

पूर्वज बताते हैं कि आज से लगभग 800 वर्ष पूर्व जब दिल्ली पर मुगलों का अधिपत्य हो गया तो उन्होंने राजपूतों की मां-बहनों पर अत्याचार करना प्रारंभ कर दिया और राजपूतों के जनेउ उतारने व धर्म परिवर्तन करवाने लगे, तो चौहान वंश के 12 भाइयों ने इस पहाड़ी दुर्गम क्षेत्र में शरण ली थी, ताकि अपने धर्म व परिजनों की रक्षा कर सकें। उनके साथ उनकी बहन जिसे सुनाई नहीं देता था, वह भी साथ थी। परिवार के मुखिया ने बाकर कुनाह व पुंग खड्ड के केंद्र पर भवन की योजना बनाई, मगर जिस स्थान पर आधारशिला रखी गई, वहां पर खून की धारा निकलने पर सब अचंभित हो गए, इस पर कुल पुरोहित से सलाह ली और उन्होंने इसके लिए घर की कुवारीं कन्या को दोषी बताया।

घर की महिलाओं ने माता टौणी देवी पर आरोप लगाए जिस पर क्षुब्ध माता ने इस स्थान पर घोर तपस्या की और आषाढ़ मास के 10 प्रविष्टे को अंतध्यन हो गई। उसी की याद में उसके भाइयों ने यहां छोटे से मंदिर की स्थापना की जो कि आज भव्य रूप धारण कर चुका है। माता की याद में यहां हर वर्ष मेले का आयोजन होता है जिसका शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी प्रकाश चंद करेंगे। माता टौणी देवी को सुनाई नहीं देता था इसलिए जब भी कोई मन्नत मांगता है तो मंदिर में रखे पत्थरों को आपस में टकराता है और उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। (अनंत ज्ञान)

## एनआईटी हमीरपुर में 3 दिवसीय अन्वेषिका समन्वयकों की बैठक 24 से

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के भौतिकी और फोटोनिक्स विज्ञान विभाग और भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (आईएपीटी) संयुक्त रूप से 24 से 26 जून तक निर्धारित 3 दिवसीय अन्वेषिका समन्वयकों की बैठक एमएसी-2024 का आयोजन करने जा रहे हैं।

निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी को उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जो सोमवार सुबह 8.30 बजे एनआईटी हमीरपुर के मानविकी और सामाजिक विज्ञान के सेमिनार हॉल में आयोजित किया जाएगा है। भारत के राष्ट्रीय अन्वेषिका नेटवर्क के राष्ट्रीय समन्वयक, जो आईआईटी कानपुर में प्रोफेसर रहे हैं, भौतिकी में बेस्ट सेलर पुस्तक-द कॉन्सेप्ट ऑफ फिजिक्स के लेखक और देश के एक प्रमुख प्रयोगात्मक भौतिक विज्ञानी प्रो. एचसी वर्मा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हैं, 24 से 26 जून तक निर्धारित अन्वेषिका समन्वयकों की बैठक एमएसी-2024 आयोजित करने के लिए एनआईटी हमीरपुर में होंगे। अन्वेषिका भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ की एक पहल है जिसका उद्देश्य पूरे भारत में ऐसे केंद्र बनाना है जहां छात्र और शिक्षक प्रयोग-आधारित भौतिकी सीख सकें और अपने स्वयं के विचारों को आजमा सकें। भारत के राष्ट्रीय अन्वेषिका नेटवर्क पहल के तहत देश के विभिन्न स्थानों पर अन्वेषिका केंद्र स्थापित किए गए हैं। एनआईटी हमीरपुर की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने कहा कि हमें अपने परिसर में ऐसे महान व्यक्ति को पाकर बहुत गर्व और सौभाग्य की बात है और एनआईटी हमीरपुर भारत के महान भौतिक विज्ञानी प्रो. वर्मा व अन्य का स्वागत करने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर देश भर के विभिन्न राज्यों से आईआईटी, एनआईटी, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूलों से संबद्ध सभी आईएपीटी अन्वेषिका लैब्स के लगभग 31 समन्वयक इस वार्षिक बैठक में भाग लेने आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## सड़क के बीच डाली पाइप दे रही हादसों को न्योता

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**



जल शक्ति विभाग द्वारा सड़क के बीचोंबीच पेयजल पाइप लाइन डालने से कोट के ग्रामीणों की समस्या बढ़ा दी है। जल शक्ति विभाग बड़सर द्वारा मेन टैंक से कोट गांव एवं साथ लगते बल्ह बिहाल ग्राम के लिए पेयजल लाइन बिछाई गई है, जो कि सड़क से आर-पार की गई है।

नियमों के अनुसार सड़क से लगभग 2 से 2.5 फुट तक गहरी खुदाई करके पेयजल पाइपलाइन डाली जाती है, ताकि सड़क से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही बाधित न हो सके। ठेकेदार द्वारा सड़क के ऊपर ही पेयजल पाइपलाइन डाल दी है, जिसके चलते सड़क हादसे होने का अंदेशा कोट हर वक्त बना रहता है अगर कोई हादसा होता है तो इसका कौन जिम्मेदार होगा। स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की है कि कोट गांव के पास सड़क के ऊपर से डाली गई पेयजल पाइपलाइन को खुदाई करके डाला जाए। जेई विनोद कुमार धीमान ने कहा कि मामला विभाग के ध्यान में है और इस पाइपलाइन शीघ्र ही ठीक करवा दिया जाएगा ताकि किसी प्रकार का सड़क हादसा उक्त स्थान पर न हो सके। (अनंत ज्ञान)



भरेड़ी ग्राम पंचायत बजरोह में यूथ क्लब और सीनियर सिटीजन कुओं और बावड़ियों की साफ-सफाई अभियान के दौरान सामूहिक चित्र में।

### नगर परिषद सुजानपुर के उपप्रधान पवन का निधन

**ए कुमार, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के उपप्रधान पवन कुमार (55) का निधन हो गया। पवन कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पीजीआई चंडीगढ़ में शुक्रवार रात को उनका निधन हो गया। पवन अपने परिवार में पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गए। उनके निधन पर सुजानपुर के व्यापारी वर्ग सहित सुजानपुर के प्रबुद्ध लोगों ने शोक व्यक्त किया है। पवन वर्तमान में क्रिकेट के कोच भी थे। (अनंत ज्ञान)



## निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षकों ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए और उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर कड़ी नजर रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चंद्रभूषण त्रिपाठी और व्यय पर्यवेक्षक आनंद कुमार स्वयं भी फील्ड में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं।

विधानसभा हमीरपुर में बनाए गए मतदान केंद्रों व अन्य गतिविधियों का जायजा ले रहे हैं, हालांकि मतदान के लिए अभी 17 दिन शेष हैं, लेकिन मतदान केंद्रों की स्थिति और वहां पर दी जाने वाली सुविधाओं का भी प्रबंध करना अभी बाकी है। शनिवार को उन्होंने जिला मुख्यालय के साथ-साथ हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्य इलाकों का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डिडवीं टिक्कर के मतदान केंद्र का निरीक्षण भी किया और वहां उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया।



डिडवीं टिक्कर में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते सामान्य पर्यवेक्षक।

सामान्य पर्यवेक्षक चंद्रभूषण त्रिपाठी ने निरीक्षण करने के बाद स्थानीय अधिकारियों से डिडवीं टिक्कर में मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्र से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, बिजली-पानी, शौचालय, दिव्यांगों के लिए रैंप और अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सामान्य पर्यवेक्षक ने स्थानीय अधिकारियों से कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए डिडवीं टिक्कर और अन्य मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त व्यवस्था की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि मतदान के दिन 10 जुलाई को भारी गर्मी या बारिश की स्थिति में मतदाताओं के लिए अतिरिक्त प्रतिक्षा कक्ष बनाने की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए। व्यय पर्यवेक्षक आनंद कुमार ने फील्ड में तैनात उड़न दस्तों, स्टैटिक सर्विलांस टीमों और वीडियो सर्विलांस टीमों के प्रभारियों को अलर्ट रहने तथा किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## जेबीटी टेट में 191 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

**200 अभ्यर्थियों को जारी किए गए थे कॉल लेटर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर में सुबह के सत्र में जेबीटी टेट की लिखित परीक्षा के लिए 200 अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए थे। इनमें से 191 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि नौ अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित पाए गए।

यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई, जबकि शाम के सत्र में शास्त्री टेट की लिखित परीक्षा के लिए इसी परीक्षा केंद्र में 33 अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए थे। इनमें से 32 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और एक अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित पाया गया। यह जानकारी प्रधानाचार्य पूनम चौहान ने दी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र में टेट का एग्जाम शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया है। (अनंत ज्ञान)



जेबीटी टेट की लिखित परीक्षा कन्या स्कूल हमीरपुर में।

**आरोप** चुनाव प्रचार की बेला में भाजपा प्रत्याशी आशीष को थाने बुलाना गलत

# हिमाचल में सत्ता का दुरुपयोग चरम परः रणधीर शर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और हमीरपुर विस उपचुनाव के प्रभारी रणधीर शर्मा ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश में सत्ता का दुरुपयोग अपने चरम पर है। मुख्यमंत्री पद की गरिमा का उल्लंघन करते हुए अपने निजी मित्रों को खुश करने और उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश के विकास को दरकिनार कर रहे हैं और जो भी इस सच्चाई को उजागर करने का प्रयास करता है, उसे मुख्यमंत्री द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा मुख्यमंत्री के इस गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करती है। हिमाचल प्रदेश जैसे शालीन राज्य के मुख्यमंत्री से ऐसा व्यवहार अपेक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री का यह रवैया लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है।

उन्होंने बताया कि शनिवार को हमीरपुर उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण समय में शिमला के बालूगंज थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया। यह घटना तब हुई जब प्रचार अभियान के लिए केवल कुछ ही दिन शेष हैं। शर्मा ने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि मुख्यमंत्री सत्ता का दुरुपयोग कर भाजपा प्रत्याशी को प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व्यक्तिगत कारणों के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं।

रणधीर शर्मा ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री जनता के सामने यह दिखाने का प्रयास करते हैं कि वे जमीन से जुड़े हुए हैं और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन उनका वास्तविक व्यवहार इसके विपरीत है। खासकर हमीरपुर के बेटे के प्रति। मुख्यमंत्री का यह दोहरा रवैया हमीरपुर की जनता में और आक्रोश पैदा कर रहा है। शर्मा ने विश्वास जताया कि हमीरपुर उपचुनाव के परिणाम मुख्यमंत्री और पूरे प्रदेश के सामने यह स्पष्ट कर देंगे कि हमीरपुर की जनता ने अपने बेटे के साथ हो रहे अन्याय का उचित जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जनता इस सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ खड़ी होगी और अपने अधिकारों की रक्षा करेगी। (अनंत ज्ञान)





# शिक्षा मंत्री ने किया 66 केवी सबस्टेशन का लोकार्पण



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के हाटकोटी स्थित नवनिर्मित 66 केवी सब स्टेशन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने उपस्थित लोगों को कहा कि इस सब स्टेशन के उद्घाटन के बाद क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी।

विद्युत आपूर्ति के लिए क्षेत्र के लोगो को नोगली (रामपुर) से आने वाली बिजली आपूर्ति पर ही निर्भर रहना पड़ता था। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्याओं का सामना भी करना पड़ता था लेकिन अब वह समस्या नहीं रहेंगी। समोली हाटकोटी आपूर्ति लाइन से जुड़ने के बाद वोल्टेज और अधिक सशक्त होगी।

उन्होंने कहा कि इस सब स्टेशन से न केवल जुब्बल बल्कि साथ लगते रोहड़ू क्षेत्र के लोग भी लाभान्वित होंगे । परियोजना मे सब स्टेशन के निर्माण पर 18 करोड़ तथा ट्रांसमिशन लाइन पर लगभग 29 करोड़ रूपये खर्च किए गए है। बिजली की सप्लाई को और अधिक सुदृढ़ करने हेतू नोगली से आने वाली पुरानी लाइन की भी 24 करोड़ की लागत से मुरम्मत की गई है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ग्राम पंचायत अंटी के अंतर्गत बागवानी सिंचाई हेतू 2 करोड़ 59 लाख की लागत से निर्मित बहाव सिंचाई योजना के पहले और तीसरे चरण का लोकार्पण किया।

इस योजना से स्थानीय पंचायत के चींग, भोराड सभाड़, ढाडी आदि गांव लाभांवित होंगे। शिक्षा मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संसोग के 66 लाख से नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जुब्बल कोटखाई नावर विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश सरकार विपरीत आर्थिक परिस्थिति और पिछली साल हुई त्रासदी के बावजूद अभूतपूर्व विकास कर रही है इसी कड़ी मे आज अंटी पंचायत मे बागवानी सिंचाई योजना के पहले और तीसरे चरण का उद्घाटन किया गया है तथा शीघ्र ही 5 करोड़ 40 लाख की लागत से अन्य दो चरणों को भी पूरा किया जाएगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नावर क्षेत्र के अंतर्गत टिक्कर में स्वर्गीय रोहित पापटा मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। (अनंत ज्ञान)

# जिले में हुए दो हादसों में चार की मौत

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा में शनिवार को रावी नदी में एक थार जीप (एचपी 48/बी 5775) गिर गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सदर टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया।

वहीं, शवों को कब्जे में लेकर आगामी तफ्तीश आरंभ कर दी। यह हादसा शुक्रवार देर रात को पेश आया। जीप के रावी नदी समीप गिरने की आवाज सुनकर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन के सुरक्षाकर्मी ने पुलिस को सूचना दी। मृतकों की पहचान चालक दिव्यांशु पुत्र संतोष कुमार गांव भगवानपुरा चंबा और जांदू निवासी राजस्थान के रूप में हुई है। घायल दिव्यम पुत्र अजय कुमार गांव सरोल घायल का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। शवों को मेडिकल कॉलेज चंबा में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।


पहाड़ी से गिरकर क्षतिग्रस्त हुई कार का दृश्य।

## चंबा-सिढकुंड मार्ग पर गिरी कार

**चंबा-सिढकुंड** मार्ग पर एचपी48-9712 कार दुर्घटना का शिकार होने से दो व्यक्तियों की मृत्यु व एक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में भर्ती करवाया गया है। जबकि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सदर टीम ने मौके पर मामला दर्ज कर दुर्घटना में मारे गए दोनों व्यक्तियों के शवों को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने मृतकों की पहचान योगेश कुमार पुत्र पवन कुमार गांव में डाकघर सिढकुंड तहसील व जिला चंबा व अखिलेश पुत्र दिलीप गांव मुछियाड़ी डाकघर हरदासपुर तहसील व जिला चंबा के रूप में पहचान हुई है। दुर्घटनाग्रस्त कार का चालक अनमोल पुत्र गणेश ज्योति गांव वह पोस्ट ऑफिस सिढकुंड घायल बताए जा रहा है। जिसका मेडिकल कॉलेज चंबा में उपचार चल रहा है।

# कुलदीप पठानिया ने किया आषाढ़ नाग मेले का शुभारंभ


मेले के शुभारंभ के दौरान मौजूद कुलदीप पठानिया व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, बनीखेत**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रसिद्ध पर्यटन कस्बे बनीखेत में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले में शोभायात्रा की अगुवाई करते हुए भूरू नाग मंदिर पधर में पूजा-अर्चना कर चार दिवसीय मेले का विधिवत शुभारंभ किया ।

शोभायात्रा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह बनीखेत से शुरू होकर भूरू नाग मंदिर पधर में संपन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के रूप में जाना जाता है तथा मेले एवं उत्सव हिमाचल प्रदेश की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। लोक परम्पराओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ यहां आयोजित होने वाले मेले-उत्सव और त्यौहार स्थानीय देवी-देवताओं के प्रति लोगों की कृतज्ञता, धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द को इंगित करते हैं। उन्होंने कहा कि भूरू नाग मंदिर एक ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है और यहां के आषाढ़ नाग मेला उत्सव का अपना एक विशेष महत्त्व है।

विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन के प्रति प्रदेश सरकार गंभीर है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को एसडीएम डलहौजी एवं अध्यक्ष मेला आयोजन समिति अनिल भारद्वाज ने शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी राजीव कौशल, स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा, मेला आयोजन समिति के सदस्यों में संदीप कुमार, विश्वजीत सिंह, राजकुमार शर्मा, ध्रुव पठानिया, सुरेश शर्मा, नवीन शर्मा सहित डीएसपी सलूणी रंजन शर्मा, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, तहसीलदार रमेश चौहान सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# चचूल में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने की मांग

**एमएम डैनियल, चंबा**

चुराह विस क्षेत्र की पंचायत चचूल क्षेत्र के कुछ लोगों ने अवैध कब्जे को लेकर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने वन विभाग ने जहां लगाई थी नर्सरी वहां से उस नर्सरी को भी कर दिया गायब प्रशासन से मांग की है कि सेई वन बीट में किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को सौंपे ज्ञापन से अवगत करवाते हुए प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि चुराह वन मंडल की वन बीट सेई में वन विभाग ने जहां नर्सरी लगाई थी, वहां कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर खेत बना लिए हैं। सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को लेकर वन विभाग से लेकर अन्य कोई भी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।


उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए स्थानीय लोग।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल शफी मुहम्मद, शब्बीर, तारीक हुसैन और यासीन ने उपायुक्त को बताया कि कुछ समय पहले वन विभाग ने जिस स्थान पर पौधों की नर्सरी बनाई थी, वहां पर कंटीली तारों से बाड़बंदी भी की गई थी। वहां पर अवैध कब्जाधारियों से सरकारी नर्सरी को भी हटा दिया है। साथ वार्डबंदी की कंटीली तारों को भी उखाड़ फेंका है। उन्होंने कहा कि यह कब्जाधारी धीरे-धीरे पूरी जमीन पर कब्जा करने के चक्कर में हैं। इसलिए प्रशासन को समय रहते इन अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

उधर प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने संबंधित विभाग को इस मामले की जांच करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# एनपीएस कर्मचारी महासंघ ने की बैठक

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा मुख्यालय पर हुई एनपीएस कर्मचारी महासंघ की बैठक में उपस्थित जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने बैठक करके प्रदेश सरकार से अपील की है कि जिस प्रकार प्रदेश सरकार ने शीला देवी के केस में सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अनुबंध सेवाकाल को पुरानी पेंशन हेतु गिने जाने के आदेश जारी किए हैं वह सब काबिले-तारीफ है।

यह बात एनपीएस जिलाध्यक्ष सुनील जरियाल ने महासंघ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहें। उन्होंने कहा कि अक्सर सरकारें ऐसे निर्णयों को लागू करने में समय लगाती हैं लेकिन प्रदेश सरकार ने तुरंत इसे लागू करके कर्मचारी हितैषी होने की अपनी छवि दोहरायी है। महासंघ जिला चंबा अध्यक्ष सुनील जरियाल ने सरकार से निवेदन किया है कि जिन कर्मचारियों अथवा दिवंगत कर्मचारियों के अनुबंध सेवाकाल को पेंशन के लिए गिना जाना है तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सेवाकाल को 60 वर्ष किया गया है उन्हे पुरानी पेंशन हेतु विकल्प देने का एक और अवसर दिया जाए। (अनंत ज्ञान)


बैठक के दौरान मौजूद एनपीएस कर्मचारी महासंघ के सदस्य।

# भरमौर के शिशु कुमार बने युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर के शिशु कुमार को युवा कांग्रेस का राज्य सचिव नियुक्त किया है। प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर शिशु कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास युवा कांग्रेस के हिमाचल प्रभारी भाई विनीत कंबोज हिमाचल प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री सुक्खू, लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भाई निगम भंडारी जी वह सभी शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी हाई कमान ने संगठन की जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।



इस मौके पर शिशु कुमार ने कहा है कि वह सबसे पहले युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ेंगे और संगठन की मजबूती के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# लोगों को बताया योग का महत्व

**एमएम डैनियल, चंबा**

चमेरा पावर स्टेशन के बैडमिंटन हॉल में अतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चमेरा पावर स्टेशन के अधिकारीगण, कार्मिक एवं उनके परिवारजनों ने पावर स्टेरशन के महाप्रबंधक (प्रभारी) उमेश कुमार नंद व उनकी धर्मपत्नी व तथा महिला क्लब की अध्यक्ष अरिता नंद की उपस्थित में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया ।

इस कार्यक्रम में चंबा जिला के आयूष विभाग की डॉ. एकता व उनके सहयोगी ने उपस्थिपत होकर योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया। जबकि के योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस योगाभ्यास में महाप्रबंधक, टिकेश्वयर प्रसाद, पावर स्टेशन के अन्य वरि. अधिकारीगण व कालोनी परिसर में रह रहे कार्मिक एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रबंधक (प्रभारी) ने योग के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए। तदोपंरात पावर स्टेशन के महाप्रबंधक (प्रभारी) व उनकी धर्मपत्नी तथा महिला क्लब की अध्यवक्षा अरिता नंद ने डॉ. एकता व उनके सहयोगी को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)


योगाभ्यास के दौरान मौजूद गणमान्य व अन्य लोग।

# नशे पर रोक लगाने के लिए छात्रों को बताए टिप्स

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

एसएफआई हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी द्वारा हिमाचल प्रदेश के युवाओं व शिक्षण संस्थानों में लगातार बढ़ रही नशाखोरी व सिंथेटिक ड्रग्स के बढ़ते चलन पर रोक लगाने के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एक राज्य स्तरीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस अधिववेशन में हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से आए हुए तथा विश्वविद्यालय के लगभग 180 छात्रों व प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अधिवेशन का संचालन एसएफआई राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने किया व इस अधिवेशन में वक्ताओं के रूप में ज्ञान विज्ञान समिति से सत्यवान पुंडीर, डॉ. ओ पी भुरैटा, डॉ. राजीव, उर्मिल ठाकुर व मनोविज्ञान के भूतपूर्व प्राध्यापक डॉ. रवि भूषण उपस्थित रहे।


ड्रग्स के बढ़ते चलन पर रोक लगाने के लिए जानकारी देते अधिकारी व स्टूडेंट्स।

सत्यवान पुंडीर ने नशे व नशीली दवाओं के दुरुपयोग की बुनियाद और प्रगति पर अपनी बात रखी। उन्होंने अपनी बात रखते हुए बताया कि आज हमारा पूरा समाज नशे की चपेट में आ रहा है यह सच है कि इसमें ज्यादातर नौजवान शामिल हैं लेकिन बड़ी उम्र के लोगों की संख्या भी कोई काम नहीं। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए ये कहा कि किस तरह एक इंसान धीरे धीरे नशे की ओर बढ़ता है और वह नशे के दलदल में घुसता चला जाता है।

उन्होंने बताया कि कैसे मनुष्य किसी कारण से लेकर आदत तक नशे की ओर बढ़ता है और नशा किस तरह उसकी पूरी जिंदगी को तहस नहस कर देता है।डॉ. ओ पी भुरैटा ने बताया कि नशा मनुष्य के तंत्रिका तंत्र पर सबसे बड़ा हमला करता है, जिससे मनुष्य के अन्य शरीर का उसके मस्तिष्क से संबंध खराब हो जाता है और मनुष्य आनंद महसूर करता है। परंतु मनुष्य इस बात से अपरिचित रहता है कि इससे मनुष्य के शरीर व मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। वहीं साथी उर्मिल ठाकुर ने अपनी बात नशे के उपयोग में माता-पिता, शिक्षकों और साथियों की भूमिका पर रखी।

डॉ. राजीव ने बताया कि नशे की लत के उपचार के लिए क्या किया जाना चाहिए।आज का हमारा समाज नशाखोरी में बहुत दूर तक चला गया है और इसमें सुधार करने के लिए हमें अधिक से अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। (अनंत ज्ञान)

# डाक विभाग पंचायत स्तर पर करें शिविरों का आयोजन : पठानिया

**एमएम डैनियल, चंबा**

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन मामलों के भुगतान को लेकर अधिक्षक डाक विभाग पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन कर लाभार्थियों को पेंशन वितरण करना सुनिश्चित बनाएं ।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने यह निर्देश बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के गैर सरकारी सदस्य द्वारा रखी गई मांग पर जारी किए। विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जिला मुख्यालय स्तर पर पार्किंग की समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन को नगर परिषद चंबा के तहत उपयुक्त स्थल चयनित कर पार्किंग स्थल के रूप में अधिसूचित करने को कहा ।


बैठक के दौरान मौजूद पठानिया व अन्य अधिकारी।

उन्होंने जल शक्ति विभाग को माई का बाग, सुलतानपुर व ओबड़ी मोहल्ले में मल निकासी योजना के निर्माण कार्यों में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने यह निर्देश भी दिए की योजना से छूटे हुए घरों को भी जोड़ा जाना सुनिश्चित बनाया जाए । बस स्टैंड चुवाड़ी से एसडीएम कार्यालय की तरफ के संपर्क मार्ग में नाली बनाने की रखी गई शिकायत के संदर्भ में विभागीय प्रतिनिधि ने बैठक में बताया कि आरसीसी तकनीक के आधार पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष ने ज़िला में किसानों- बागवानों की सुविधा के लिए विभिन्न उपमंडलों में विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने के लिए मामला तैयार कर निदेशालय को भेजने के निर्देश भी दिए ।

उन्होंने ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ज़िला की विभिन्न सड़कों में ब्लैक स्पॉट को सुधारने तथा आवश्यकता के अनुरूप क्रैश बेरियर लगाने को भी कहा । विधानसभा अध्यक्ष पठानिया ने सलूणी बाजार में पार्किंग निर्माण को लेकर संबंधित विभागों को संयुक्त कार्रवाई कर प्राक्कलन तैयार करने को कहा । उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम को ज़िला में बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। (अनंत ज्ञान)

## सूडोकु 00104 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 00103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

23 जून, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** द्वितीयः (3:28) : **नक्षत्र :** पूर्वाषाढ़ा (5:04), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** ब्रह्म (02:25) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55-12:51), **राहुकाल** (5:37 -07:22 ।

## विशेष दिन

» 23 जून 2024 : विश्व ओलंपिक दिवस आज।
» 24 जून 2024 : इंटरनेशनल फेयरी डे कल।

**मेषः** कारोबार में नए अनुबंध लाभदायक रहेंगे। समय का दुरुपयोग ना करें। रुके पैसे प्रयत्न करने पर प्राप्त होंगे।

**वृषभः** दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**मिथुनः** व्यापार में अवरोध आ सकते हैं। संतान की ओर ध्यान देना आवश्यक है। आपकी दूरदर्शिता और बुद्धिमानी से कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्कः** मनचाही नौकरी मिल सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। नौकरी के लिए दिन शानदार रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। महत्वपूर्ण लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**सिंहः** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार, समाज में आपका महत्व बढ़ेगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। सोच-समझकर निर्णय लेने पर लाभ होगा।

**कन्या :** कला के कार्यों में रुचि बढ़ेगी। व्यापार-व्यवसाय में सुअवसर प्राप्त हो सकेंगे। नया प्रस्ताव मिलेगा। विवाह योग्य जातकों के लिए समय शुभ है।

**तुलाः** दिन की शुरुआत व्यस्तता पूर्ण रहेगी। पारिवारिक जीवन में हर्ष हो सकता है। धार्मिक रुचि बढ़ेगी। जल्दबाजी नुकसानदायक रहेगी। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा।

**वृश्चिकः** व्यापार में ऋण लेना पड़ सकता है। अनुकूल परिणाम के लिए सक्रियता और निश्चितता आवश्यक है। विशेष लाभ के कारण मन में प्रसन्नता रहेगी।

**धनु :** लंबे समय के बाद व्यापार अच्छा चलेगा। परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के योग होने के कारण संबंध व परिचय क्षेत्र बढ़ेगा।

**मकरः** कार्यस्थल पर अपनी जिम्मेदारी की ओर विशेष ध्यान दें। पूंजी निवेश लाभदायी रहेगा। परिवार की समस्या रहेगी।

**कुंभ :** कम समय में कार्य पूरे होंगे। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि होगी। स्थायी संपत्ति की प्राप्ति के भी योग हैं। व्यापार में नई योजनाओं का शुभारंभ होगा।

**मीनः** व्यवहार में परिवर्तन लायें। वाहन, मकान आदि की खरीदी का योग बनेगा। व्यापारिक कार्य से की गई यात्रा लाभप्रद होगी। संतान की ओर से सुखदायक समाचार मिलेंगे।

# नंगल जरियालां के मोहल्ला चौकी में कबीर जयंती पर चढ़ाया झंडा

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक**

गगरेट क्षेत्र के गांव नंगल जरियालां के मोहल्ला चौकी में कबीर साहिब जी की 627वीं जयंती शनिवार को गांववासियों के सहयोग से श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। सदगुरु कबीर साहिब जी के मंदिर में लोगों ने बैंड बाजों के साथ झंडा चढ़ाया तथा महापुरुषों द्वारा भजन कीर्तन भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बीडीसी मंजू कुमारी ने शिरकत की। मुख्यतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि संत कबीर ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने अपना सारा जीवन समाज कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। गुरु से दीक्षा लेकर अपना अलग मार्ग बनाया। उन्होंने कहा संत कबीर ने समाज कल्याण के लिए अपनी वाणी का प्रयोग किया 7 वह धर्मगुरु थे। उनकी वाणी को हिंदी साहित्य व् गुरु ग्रन्थ साहिब में शामिल किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे विशेष रूप से खीर भी श्रद्धालुओं को वितरित की गई ।

इस मौके पर कबीर पंथी समाज सुधार सभा के प्रधान सीता राम, वरिष्ठ उप प्रधान होशियार सिंह, उप प्रधान बलवंत राय, सचिव नरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष विमल कुमार, मिडिया प्रभारी मलकीयत सिंह आर्य, मुख्य सलाहकार जोगेश कुमार, हर्बिन्द्र सिंह, मनोहर लाल, पंकज कलोता, मनोहर कलोता, देस राज कलोता, मुकेश कुमार, प्रवीण कुमार, जसवंत राय, बलबीर सिंह, सुभाष चंद, ओम दत्त आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

# तेज धूप व भीषण गर्मी के कारण सूखी सीर खड्ड

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली सीर खड्ड तेज धूप व भीषण गर्मी के कारण सूख गई है। सीर खड्ड में पानी न होने पर 10 से 15 फुट गहरी खाइयों आलों में मछलियों का नामोनिशान मिट गया है। बची शेष मछलियों को सारस, बगुले और अन्य पक्षी चट कर रहे हैं।

आलम यह है कि जलचर जीव जंतु पूर्ण रूप से नष्ट हो गए हैं, वहीं सीर खड्ड पर चलने वाली उठाऊं सिंचाई जल और पेयजल आपूर्ति स्कीमें ठप्प होने की कगार पर है । एक समय था जब सीर खड्ड और सहयोगी नदी-नालों में लगभग 100 से ज्यादा घराट, कोहलू, पिंजा व धान कुटाई की मशीनरी पानी से चला करती थी। ऐसे में सैकड़ों परिवार घराटियों को रोजगार के साथ आय का साधन होता था।


सूखी पड़ी हुई सीर खड्ड।

### सीर खड्ड पर है तीन दर्जन से अधिक पेयजल योजनाएं

जानकारी के अनुसार पूरी सीर खड्ड पर तीन दर्जन से अधिक पेयजल योजनाएं पानी की वजह से हांफ चुकी हैं तथा लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। आलम यह है कि जल शक्ति विभाग ने वाटर लेवल स्थिर रखने में कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं, जिसकी वजह से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन से भी जल स्तर गिरा है।और सीर खड्ड सूख गई है। यदि बारिश नहीं होती है तो खड्ड पूरी तरह सूख जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# कोट स्कूल प्रबंधन कमेटी के कुलदीप बने अध्यक्ष

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय कोट स्कूल में स्कूल के मुख्याध्यापक सुरेश भारती की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पिछली स्कूल प्रबंधन कमेटी ने अपना लेखा जोखा प्रस्तुत किया। वहीं पर नवनिर्वाचित कमेटी के गठन हेतु सर्व सहमति से कमेटी का गठन न होने पर अध्यक्ष पद के लिए कुलदीप सिंह तथा रीता देवी पर वोटिंग हुई जिसमें दोनों को 9-9 बराबर मत मिले।


कोट स्कूल में कुलदीप को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

उसके बाद स्कूल स्टाफ सदस्यों द्वारा पर्ची डाली गई जिसमें कुलदीप सिंह विजेता घोषित किए गए। इस मौके पर नव निर्वाचित कमेटी सदस्यों में रीता देवी, नीलम कुमारी, ज्योति बाला, सुमना देवी, नीलम देवी, सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य अभिभावकों सहित स्कूल स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

**अगर** आप अपने घर में मिल जुलकर प्रेम से रहते हैं, तो आपका घर स्वर्ग के समान हो जाता है। -साईं

## संपादकीय

# गुरु-शिष्य की मर्यादा

शिमला जिले के चौपाल स्कूल की 11 स्कूली छात्राओं के बाद मंडी जिले के जोगिंद्रनगर क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल की चार छात्राओं से छेड़छाड़ के मामले ने सबको झकझोर दिया है। शिमला का मामला तो स्कूल के बाहर का था, लेकिन जोगिंद्रनगर में तो स्कूल के मुख्य शिक्षक ने ही गुरु-शिष्य की मर्यादा को तार-तार कर दिया है। हिमाचल में पहले इस तरह के मामले कम ही देखने को मिलते थे, लेकिन कुछ वर्षों से सब कुछ बदलता चला जा रहा है, जो कि बहुत ही चिंता का विषय है। मां-बाप गुरुओं पर भरोसा करके अपने बच्चों को स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने के लिए भेजते हैं, लेकिन वहां उनके साथ अभद्रता, दुर्व्यवहार और यौन उत्पीड़न जैसे मामले सामने आने से अभिभावकों का विश्वास भी टूटता जा रहा है। उनके मन में बार-बार एक ही सवाल कौंधता रहता है कि वे अपने बच्चों को किसके भरोसे पर स्कूल भेजें। जब तक उनके बच्चे स्कूल से सकुशल घर नहीं लौट आते, उनकी धुकधुकी शांत नहीं होती।

लड़कियों के मां-बाप ज्यादा परेशान होते हैं, क्योंकि सबसे ज्यादा घिनौने कारनामे गुरु लड़कियों के साथ ही कर रहे हैं। एक महान गुरु ही जीवन का सच्चा निर्माता होता है। वह अपने बुद्धि कौशल से शिष्य के चरित्र का निर्माण करता है। यह गुरु की महिमा ही है कि वह अपने शिष्य को महान बनाता है। ईश्वर ने भी गुरु को श्रेष्ठ बताया है। इसी तरह माता-पिता भी गुरु को अपने से श्रेष्ठ मानते हैं। वास्तव में माता-पिता तो जन्म देकर पालन-पोषण करते हैं, लेकिन किसी को आदर्श मनुष्य का आकार देने वाला तो गुरु ही होता है।

गुरुओं को मां-बाप के बाद सबसे ऊपरी स्थान दिया गया है। एक गुरु अपनी शिक्षा से शिष्य को कहां से कहां से पहुंचा देता है। अर्जुन को गुरु द्रोण ने शिक्षा देकर संसार का सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर बना दिया था, लेकिन अब ऐसे गुरु विरले ही मिलते हैं, जिन पर देश और युवा पीढ़ी के भविष्य की जिम्मेदारी होती है, अगर वे ही गलत रास्ते पर चल पड़ें तो भला शिष्य गुरुओं से क्या सीखेगा और अपना करियर कैसे बनाएगा। जब एक शिक्षक हैवानियत पर उतर आए तो इससे न केवल गुरु-शिष्य के रिश्ते शर्मसार होते हैं, बल्कि गुरु की गरिमा को भी गहरी ठेस पहुंचती है।

जोगिंद्रनगर के मामले में पीड़ित छात्राओं के अभिभावकों की शिकायत पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है, यानी जिन लड़कियों से छेड़छाड़ हुई, वह नाबालिग थी। छेड़छाड़ करने वाले गुरु की उम्र पचास साल से ज्यादा है। ऐसे में उसे छेड़छाड़ करते वक्त इतना भी ध्यान नहीं आया कि जिन लड़कियों से वह छेड़छाड़ करने जा रहा है वे उसकी पुत्रियों के समान हैं। भला एक पिता समान गुरु अपनी पुत्रियों के साथ कैसे छेड़छाड़ कर सकता है। दरअसल, इस मामले हमारा कानून भी काफी लचीला है। उसमें कई ऐसे छिद्र हैं, जिनसे आरोपी किसी न किसी तरकीब से बाहर निकल आते हैं। ऐसे आरोपियों पर तो कोई असर नहीं होता, लेकिन जिन लड़कियों की तार-तार हुई इज्जत एक बार जगत के सामने आ जाती है, उन्हें भविष्य में कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है। समाज के कुछ लोग उन लड़कियों को हीन भावना से देखते हैं। ऐसे मामलों में लड़कियों को भी चाहिए कि वे चाइल्ड हेल्पलाइन का सहारा लें। कभी भी ऐसी कोई अनहोनी होने की आशंका हो तो उसकी शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1098 पर करें।

यौन उत्पीड़न स्कूलों में सालों से हो रहा है, लेकिन इस इस अंकुश नहीं लग पा रहा है, बल्कि दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। यौन उत्पीड़न युवाओं को गहरा मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचा सकता है। हम सबको इसे रोकने के लिए कुछ करना चाहिए। कोर्ट के निर्णयों से यह स्पष्ट हो गया है कि विद्यालय प्रणाली की यह जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक छात्र सुरक्षित वातावरण में विद्यालय जा सके। सर्वोच्च न्यायालय ने इस जिम्मेदारी को और मजबूत किया, जब उसने फरवरी 1992 में फैसला सुनाया कि छात्र शिक्षा अधिनियम 1972 के तहत उत्पीड़न के लिए मुकदमा कर सकते हैं और हर्जाना वसूल सकते हैं। गुरुओं को अपनी छवि सुधारने के लिए फोकस सिर्फ बच्चों की पढ़ाई पर ही करना होगा। स्टूडेंट को भी सख्त रहना होगा तथा गलत हरकत का डटकर विरोध करना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

13 वर्ष की आयु में बुशहर रियासत की राजगद्दी संभालने वाले पहले राजा वीरभद्र सिंह थे। कृष्ण वंश के 122वें राजा वीरभद्र सिंह ने प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में काफी बड़ी भूमिका अदा की। बुशहर रियासत की शान वीरभद्र सिंह का जन्म शोणितपुर जिसे वर्तमान समय में सराहन के नाम से जाना जाता है, में हुआ था। वीरभद्र सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य भी रहे। वह आठ बार विधायक, छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री और पांच बार लोकसभा में बतौर सांसद रह चुके हैं और पिछले आधे दशक में वह कोई चुनाव नहीं हारे। वह हिमाचल कांग्रेस के चार बार अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वरिष्ठता के क्रम और हिमाचल प्रदेश के अकेले सांसद होने के कारण 28 मई, 2009 को मनमोहन सिंह के नेतृत्व में बनने वाली केंद्र सरकार में उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया। इससे पहले भी वीरभद्र सिंह 1976 से 1977 तक केंद्र में नागरिक उड्डयन तथा पर्यटन राज्यमंत्री और 1982 से 1983 तक केंद्र में उद्योग राज्य मंत्री रहे हैं। ■



**वीरभद्र सिंह**
**जन्म :** 23 जून, 1934
**मृत्यु :** 8 जुलाई, 2021

## अपनी बात

ज्यादा गर्मी में जितना हो सके, बाहर कम ही निकलें। बाहर जरूरत होने पर ही जाएं तथा एहतियात जरूर बरतें ताकि आप हीटवेव से बच सकें। गर्मियां आते ही बहुत से लोगों को लगता है अब तो बाहर घूमने के दिन आ गए हैं, लेकिन शायद वे यह नहीं समझते कि जरूरत से ज्यादा धूप के संपर्क में रहने से उनके शरीर पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस दौरान कुछ सावधानियां बरतना बेहद आवश्यक हो जाता है। ऐसी ही कुछ आदतों के बारे में जानते हैं, जिनमें सुधार लाकर गर्मी के मौसम में स्वस्थ्य रहा जा सकता है।

गर्मी के मौसम में सबसे बड़ी आदत जिसमें बदलाव करना चाहिए, वह है पानी पीने की आदत। अगर शरीर को भरपूर मात्रा में पानी न मिले, तो चक्कर आना, थकान और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। गर्मी के मौमस में शराब, शक्कर वाले ड्रिंक और कैफीन जैसे पेय पदार्थों के अधिक सेवन से बचें। यह डिहाइड्रेशन के खतरे को बढ़ा सकते हैं। जब प्यास लगे तो ग्लोकोज या फिर नींबू पानी का सेवन करें।

प्रोसेस्ड और तले हुए फूड्स, मीठे स्नेक्स और मीठे ड्रिंक्स का अधिक सेवन सीमित कर दें। तले हुए के बजाय ग्रिल्ड या भुने हुए फूड आइटम्स का विकल्प चुनें और स्नेक्स के रूप में ताजे फल और सब्जियों का सेवन करें। स्वस्थ शरीर और मन के लिए शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। कोशिश करें कि बहुत लंबे समय तक बैठने से ब्रेक लें।

**-नर्वदा देवी, बैजनाथ**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# डॉ. मुखर्जी: निष्काम, निस्वार्थ, निष्कपट राज-योगी

**बलिदान दिवस पर विशेष**

जम्मू-कश्मीर को भारतीय संविधान के दायरे में लाने और एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान (झंडा) के विरोध में सबसे पहले आवाज उठाने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 23 जून को बलिदान दिवस है। कश्मीर से विरोधाभासी प्रावधानों की समाप्ति के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया, लेकिन चाहकर भी उनका यह स्वप्न उनके जीते जी पूरा नहीं हो पाया और रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गई। उनका यह स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के 70 वर्ष बाद तब पूरा हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अगस्त 2019 में संसद में संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35-ए को समाप्त करने का बिल पारित कराया।

हालांकि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का भारत और भारतीयों के लिए योगदान सिर्फ जम्मू-कश्मीर तक सीमित नहीं है। डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व का समग्र विश्लेषण उन्हें उन युग-पुरुषों में स्थापित करता है, जो वर्तमान की दहलीज पर बैठकर भविष्य की सामाजिक और राजनीतिक गणनाओं का आंकलन करने में समर्थ थे। पचास के दशक में जनसंघ की स्थापना के मंगलाचरण के दौर में भारत की भावी राजनीति और सामाजिक व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने जो चिंताएं व्यक्त की थीं, वे आज पूरी विकरालता और भयावहता के साथ सिर उठाती दिखाई देती हैं।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बंगाली भद्रलोक के ऐसे प्रभावशाली परिवार में जन्मे थे, जो उस समय बंगाल में अपनी बौद्धिकता के लिए विख्यात था। मात्र 33 साल की उम्र में डॉ. मुखर्जी कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए थे। इतनी कम उम्र में कुलपति बनने वाले वह पहले भारतीय थे। शिक्षा के शिखर से उतरकर भारतीय राजनीति में उनका पदार्पण गहन राष्ट्रीय उद्देश्यों के लिए हुआ था। डॉ. मुखर्जी उस समय बंगाल में जारी मुस्लिम लीग की विभाजनकारी और सांप्रदायिक राजनीति से काफी नाराज और विचलित थे। मुस्लिम लीग की राजनीति बंगाल को एक और विभाजन की ओर ले जा रही थी।

मुस्लिम लीग सुनियोजित तरीके से ब्रिटिश-शासन की मदद से भारत के पूर्वी हिस्सों में हिंदुओं को हाशिए पर ढकेल रही थी। डॉ. मुखर्जी ने संकल्प लिया था कि मुस्लिम लीग की कट्टरता के खिलाफ वह हिंदू समाज को जागृत करेंगे। इस लड़ाई को वह सामाजिक और राजनीतिक, दोनों मोर्चों पर लड़ना चाहते थे। इसी के मद्देनजर उन्होंने बंगाल में सक्रिय कृषक प्रजा पार्टी के प्रमुख फजल-उल-हक और बंगला के जाने-माने महाकवि काजी नजरूल इस्लाम के साथ इस काम को आगे बढ़ाया। हिंदू एकता और देश की अखंडता पर आसन्न खतरों ने उन्हें हिंदू महासभा की ओर आकर्षित किया, जिसका नेतृत्व वीर सावरकर करते थे। 1939 में वह हिंदू महासभा के अध्यक्ष बन गए। अध्यक्ष के रूप मे उन्होंने घोषणा की कि संयुक्त भारत के लिए तत्काल समग्र स्वतंत्रता हासिल करना हिंदू महासभा का मूल उद्देश्य है। गौरतलब है कि महात्मा गांधी ने भी हिंदू महासभा में उनकी सक्रियता का स्वागत किया था। हिंदू महासभा में शामिल होने के बाद जब डॉ. मुखर्जी गांधी जी से मिलने पहुंचे, तो दोनों के बीच दिलचस्प संवाद हुआ।



**लेखक : विष्णुदत्त शर्मा**
खजुराहो से सांसद

डॉ. मुखर्जी ने गांधी जी से कहा कि आप मेरे हिंदू महासभा में शामिल होने पर खुश नही होंगे, तो गांधीजी ने उनसे कहा था कि 'सरदार पटेल हिंदू मनोमस्तिष्क से ओत-प्रोत कांग्रेसमैन हैं, आप हिंदू महासभाई हो, जिसका हृदय कांग्रेस का है। यही देश के हित में है।' महात्मा गांधी के कहने पर ही पं. नेहरू ने डॉ. मुखर्जी को अपनी कैबिनेट में शामिल किया था। पं. नेहरू की कैबिनेट में रहते हुए डॉ. मुखर्जी ने कई बड़े काम किए। पं. नेहरू भी उनके कामों के कायल थे लेकिन पाकिस्तान, कश्मीर या शरणार्थियों जैसे मसलों मे दोनों के बीच व्यापक और गहरी राजनीतिक असहमति थी। अनुच्छेद 370, हिंदू कोड बिल और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों पर भी पं. नेहरू से उनकी पटरी कभी भी नहीं बैठ पाई। ये ही वो कारण हैं, जो अन्ततः नेहरू कैबिनेट से उनके इस्तीफा देने का कारण बने।

आजादी के पहले बंगाल में मुस्लिम लीग के प्रभुत्व के विरुद्ध डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जबरदस्त संघर्ष किया और देश को होने वाले नुकसान से बचा लिया। विभाजन के समय भी डॉ. मुखर्जी ने देश की जनता और नेतृत्व को आगाह किया था- 'पाकिस्तान सांप्रदायिक समस्या का कोई हल नही हैं। इससे वह और उग्र होगी, जिसका परिणाम गृहयुद्ध होगा। हमें इससे आंखें नहीं मूंदनी चाहिएं कि पाकिस्तान की लालसा का स्रोत वस्तुतः शासन सत्ता के रूप में इस्लाम की पुनःप्रतिष्ठा करने की इच्छा है।' 1953 में जनसंघ के पहले अधिवेशन में उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू की कश्मीर नीति का विरोध करते हुए कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नही चलेंगे।

नेहरू-सरकार की नीतियों से असहमत होने के बाद लोकसभा में दिया गया उनका भाषण ऐतिहासिक है। अगस्त 1952 में लोकसभा में कश्मीर के मुद्दे पर भाषण देते हुए डॉ. मुखर्जी ने कहा था- 'दुनिया को यह पता होना चाहिए कि भारत महज एक थ्योरी या परिकल्पना नहीं है, बल्कि एक यथार्थ है...एक ऐसा देश जहां हिंदू, मुसलमान, ईसाई और सभी बिरादरी के लोग बगैर किसी भय के समान अधिकारों के साथ रह सकेंगे। यही हमारा संविधान है, जिसे हमने बनाया है और पूरी शिद्दत, निष्ठा और ताकत से लागू करने जा रहे हैं।' डॉ. मुखर्जी मानते थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं...इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वह मानते थे कि विभाजन संबंधी परिस्थितियां ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से उत्पन्न हुई थीं। वे कहते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं... हममें कोई अंतर नहीं है... हम एक ही रक्त के हैं, एक ही भाषा,एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है...।

डॉ. मुखर्जी महान शिक्षाविद्, निरभिमानी देशभक्त, राजनीतिक चिंतक और सामाजिक दृष्टा थे। प्रखर राष्ट्रवादी के रूप में वह हमेशा देश में पहली पायदान पर खड़े मिलेंगे। डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। राजनीति में उनकी सक्रियता के मायने उन आदर्शों का परिपालन था, जो मनुष्यता के कवच का काम करते हैं। सार्वजनिक जीवन में उनकी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का निस्वार्थ और त्याग-जनित लोकार्पण उन्हें असामान्य बनाता है। उनकी आलोचनाएं रचनात्मक होती थीं और सुझाव विचारपूर्ण होते थे। इसलिए वह अपने समकालीन सांसदों में सबसे ज्यादा सम्मानित और विश्वसनीय नेता थे। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता उनके गंभीर परामर्शों को अनसुना नहीं करते थे। राजनीतिक मलिनताओं के बीच उनके व्यक्तित्व की प्रखरता अलग ही दमकती थी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# हिमाचल में सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ना चिंता का विषय

हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, जिसे पर्यटन राज्य के नाम से भी जाना जाता है। हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक यहां घूमने आते हैं। पिछले कुछ सालों में कुछ नए पर्यटन स्थल विकसित किए गए हैं। हिमाचल के लोगों को ईमानदारी और मेहनत के लिए जाना जाता है। आज हिमाचल के लगभग सभी गांव सड़क से जुड़ चुके हैं। हिमाचल एक छोटा राज्य है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हिमाचल की लगभग 80 लाख जनसंख्या में 23 लाख वाहन रजिस्टर हैं। आज के समय में लगभग हर घर में वाहन अवश्य है, लेकिन प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ना एक चिंता का विषय है।

हिमाचल प्रदेश में बीते आठ सालों में लगभग 8 हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि 34 हजार 754 लोग इसमें घायल भी हुए हैं। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाओं में मानवीय गलती के चलते ही हादसे पेश आए हैं। प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं सरकार और परिवहन विभाग के लिए भी चिंता का विषय हैं। न्यू मोटर वाहन अधिनियम के लागू होने के बाद जुर्माना भी पहले से काफी ज्यादा हो गया है।




**लेखक : अशोक काजलेट**
जोगिंद्रनगर, मंडी

प्रदेश में हर दिन लाखों रुपए की राशि मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माने के रूप में पुलिस द्वारा एकत्रित की जाती है, बावजूद इसके बहुत से लोग मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने से बाज नहीं आते हैं। बिना हेलमेट और तेज रफ्तार से वाहन चलाना आजकल के नौजवानों के लिए एक फैशन बनता जा रहा है। नशा करके वाहन चलाना व वाहन चलाते समय नियमों के पालन करने में की गई लापरवाही भी सड़क दुर्घटनाओं की मुख्य बजह है। इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस की रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल में 2016 में 3 हजार 168 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1 हजार 271 लोगों की मौत हुई, जबकि 5 हजार 764 घायल हुए। 2017 में 3 हजार 114 सड़क दुर्घटनाओं में 1 हजार 203 लोगों की मौत हुई और 5 हजार 452 लोग घायल हुए। 2018 में 3 हजार 110 सड़क दुर्घटनाओं में 1 हजार 208 मौत के साथ 5 हजार 551 लोग घायल हुए। 2019 में 2 हजार 873 सड़क दुर्घटनाओं में 1 हजार 147 मौतें हुईं, जबकि 4 हजार 903 लोग घायल हुए।

2020 में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 2 हजार 239 तक पहुंचा, जिनमें 893 लोगों की मौत हुई, जबकि 3 हजार 323 लोग घायल हुए। साल 2021 में 2 हजार 404 सड़क दुर्घटनाओं में 1 हजार 52 लोगों की मौत और 3 हजार 454 लोग घायल हुए। गौरतलब कि 2020 और 2021 में देशभर में कोरोना के चलते लॉकडाउन भी लगाया गया था। इसी तरह साल 2022 में 2 हजार 597 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1 हजार 32 लोगों की मौत हुई, जबकि 4 हजार 063 लोग घायल हुए। साल 2023 में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों में 2100 से ज्यादा दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें लगभग 1000 लोगों ने अपनी जान गवाई और 4814 लोग घायल हुए हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**



### बच्चों की रेल

राजेंद्र पालमपुरी

*लो बच्चों ने रेल बना ली।*
*रस्सी ले गाड़ी खिंचवा ली।।*

*छुक-छुक करते डिब्बे दौड़े।*
*बच्चे चढ़ गए जो थे थोड़े।।*

*चलते चलते वे चढ़ जाते।*
*हो हल्ला सब खूब मचाते।।*

*इतने (इत्ते) में ही स्टेशन आया।*
*सब बच्चों ने शोर मचाया।।*

*चलो उतर जाएं हम सारे।*
*मजा आ गया हमको प्यारे।।*

# हिमाचल प्रदेश में कंज्यूमर प्रोटेक्शन समय की जरूरत

हिमाचल प्रदेश में कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट सख्ती से लागू करने की वर्तमान समय में अधिक जरूरत है। बिक चुका सामान अधिकतर दुकानदार वापस लेने में आनाकानी करते हैं। ऑनलाइन शापिंग के बढ़ते प्रचलन के चलते ग्राहकों के हितों की सुरक्षा करना बेहद जरूरी है। बेशक इस बीच दुकानदारी पर विपरीत असर पड़े, कोई इस बारे नहीं सोचना चाहता है। ग्राहक को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। मौजूदा समय में ग्राहक सबसे अधिक ठगी का शिकार हो रहे हैं। बिना बिल दुकानदार सामान बेचकर नियमों की अवहेलना करते हैं।

गुणवत्ताहीन सामान बेचकर लोगों को ठगने का नित नए दिन प्रयास किया जाता है। कहने का मतलब साफ कि कोई भी दुकानदार अपनी मनमर्जी दाम से सामान बेचकर ग्राहक की अनदेखी कर सकता है। उक्त एक्ट लागू होने पर बिका हुआ माल वापस भी होगा और कई दिनों के बाद बदला भी जा सकता है। अगर कोई दुकानदार ऐसा करने से मनाही करता तो उसके लिए सजा का प्रावधान भी किया जाता है। ग्राहक भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। दुकानदार और एक ग्राहक का पारिवारिक रिश्ता होता है, जो सालों तक बरकरार रहना चाहिए। ऑनलाइन शॉपिंग में बढ़ती हेराफेरी को लेकर यह एक्ट लागू होना जरूरी है, जिसकी शिकायत देश में कहीं भी की जा सकती है। कहने को प्रदेश में लोक अदालतें भी बनी हुई हैं, मगर जागरूकता के अभाव की बजह से लोग इनका सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं। प्रत्येक दुकानदार मनमाने दाम में अपना सामान बेचकर जनता को लूटने की कोशिश करता है। बिना बिल के चलते लोग लोक अदालतों का दरवाजा भी नहीं खटखटा सकते हैं। जनता चाहकर भी इसका विरोध किए जाने की बजाए दशकों से लूटते आ रहे हैं।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

अगर बात की जाए विदेशों की तो वहां यह एक्ट बहुत ही सख्त होता है। शॉपिंग मॉल में सेल की सदैव भरमार लगी रहती है और लोग दिल खोलकर सामान की खरीददारी करते हैं, ऐसे में ग्राहक दो सप्ताह उपरांत भी ज्वेलरी को छोड़कर दूसरे सामान को बदलने का अधिकार बराबर रखता है। सामान की गुणवत्ता, रंग और कीमत में अगर कोई कमी नजर आए तो ग्राहक इसे बदल भी सकता है। यही नहीं अगर कोई दुकानदार ग्राहक की अनदेखी करता तो उसके खिलाफ कड़ी सजा और भारी भरकम जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है। अगर किसी आइटम की कीमत पूरी हो चुकी है तो उसे दुकानों में सजाने की बजाए सेल लगाकर लोगों को राहत पहुंचाने की कोशिश की जाती है। कुछ ऐसी भी कंपनियां जो मुनाफा कमाने के तदोपरांत बचे स्टॉक को बिना किसी को दिए नष्ट भी कर देती हैं।

प्रत्येक आइटम पर बार कोर्ड लगा होता जिसका ऑनलाइन भी रिकॉर्ड रहता है, ऐसे में कोई भी दुकानदार ग्राहक से धोखाधड़ी करने की सोच भी नही सकता है। ग्राहक सेवा को हमेशा एहमियत दी जाती है जिसकी वजह से लोग शॉपिंग किए जाने में खासी दिलचस्पी रखते हैं। सरकार समय-समय पर शॉपिंग मॉल की चैकिंग भी करती है कि कहीं वे जनता के साथ धोखाधड़ी करके उनको लूट तो नहीं रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में स्थिति बिलकुल इसके विपरीत नजर आती है। ग्राहक को किस तरह संतुष्ट किया जाता है, ज्यादातर दुकानदारों को पता नहीं होता है। दुकानदारी की आड़ में सदैव लोगों को लूटने का प्रयास किया जाता है। एक आइटम जो दुकान से बिक गई, उसे दोबारा वापस लेना दुकानदार भारी जोखिम का काम समझते हैं। ग्राहक जब तक संतुष्ट नहीं होगा, तब तक किसी भी दुकानदार का कारोबार भविष्य में आगे नहीं बढ़ सकता है।

ग्राहक और दुकानदार का रिश्ता पारिवारिक बना रहे, इसके किए जरूरी बन चुका है कि कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट को सख्ती से लागू किया जाए। आज क्या बजह है कि लोग बाजारों में खरीददारी करने की बजाय दूसरे राज्यों के नामी शॉपिंग मॉल में जाना बेहतर समझ रहे हैं। ऐसे शॉपिंग मॉल आए दिन सेल लगाकर रखते हैं, जिसकी बजह से उनका कारोबार फलता-फूलता है। शॉपिंग मॉल प्रबंधक ग्राहक सेवा को एहमियत देते हैं, जिसकी बजह से उनका कारोबार चल रहा है। हिमाचल प्रदेश के बाजारों में डेरा जमाए दुकानदार वर्षों पुराना सामान दुकानों में सजाकर रखते हैं, जिन्हें लोग पसंद नहीं करते हैं, फिर भी सालों बीत जाने के बावजूद भी दुकानदार उनकी कीमतों में कोई गिरावट नहीं लाना चाहते हैं। कुछेक दुकानदार ऐसे पुराने सामान की सेल उत्सवों पर लगाकर अपना कुछ बोझ कम करने की कोशिश करते हैं, मगर सफल नहीं हो पाते हैं। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने की बजह से ग्राहक और सरकार दोनों को लाभ मिलेगा। सामान की वापसी के लिए बिल का अहम रोल रहता है। दुकानदार बिना बिल के सामान लोगों को बेचते हैं और इस कारण उनका व्यवसाय कैसे बढ़े, बड़ा सवाल है। बाजारों की अधिकतर दुकानों में पूर्व की भांति ग्राहकों की आमद नहीं रही है।

लोग ऑनलाइन शापिंग पर अधिक निर्भर होकर रह गए हैं। हिमाचल प्रदेश में आजकल ट्रेड फेयर का प्रचलन बड़ा है। बाजारों की बगल में बाहरी राज्यों के दुकानदार अपनी दुकानें सजा देते हैं, ऐसे ट्रेड फेयर में बिकने वाला सामान सस्ता जरूर होता है, मगर इतना चलने वाला नहीं होता है। ग्राहक को वस्तु की सही कीमत साथ बिल के मिले, तभी उसके अधिकारों की रक्षा की जा सकती है। लोक अदालतों में आजकल बहुत ऐसे मामले निपटाकर जनता को राहत पहुंचाई जा रही है। जनता को आज जरूरत खरीददारी करते समय जागरूकता बरतने की है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल के धार्मिक स्थलों को अश्लीलता और पर्यटन का केंद्र न बनाएं श्रद्धालु

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के नाम से जाना जाता है क्योंकि इसमें सैकड़ों देवी-देवताओं का वास है, जिसे हम श्रद्धा और विश्वास के साथ मानते भी हैं परंतु कुछ सालों से हमें देखने एवं सुनने को मिलता है कि देवभूमि में भी विभिन्न क्षेत्रों से पधार रहे श्रद्धालु और अन्य व्यक्तियों द्वारा विभिन्न मंदिरों में जाने के लिए मानो अपनी सभ्यता को ही भुला दिया हो। इसका एक कारण आधुनिकता भी है।

इस आधुनिकता में हम मानो इतने अंधे और असभ्य हो चले हैं कि हमने मानो अपनी संस्कृति और आस्था को ही धूमिल कर दिया हो। वर्तमान में हमें बहुत कम श्रद्धालु और भक्तजन ऐसे मिलते हैं, जो निस्वार्थ और भक्तिभाव से मंदिर में अपनी भूमिका अदा करते हैं, अन्यथा यहां जो भी आता है तो यह अमूमन देखने को मिलता है कि मंदिर में व पूजा-अर्चना के दौरान भी लोग सेल्फी एवं फोटोग्राफी करते नजर आते हैं, जो कदाचित किसी भी लिहाज से सही नहीं है, तो वहीं आजकल लड़कियों एवं महिलाओं द्वारा भी मंदिरों में अर्धनग्न होकर प्रवेश किया जाता है, जो किसी भी सभ्य समाज और आस्था के लिए उचित नहीं है। वहीं, दूसरी और आज की आधुनिक युवा पीढ़ी इन सभी नैतिक मूल्यों और आस्था इत्यादि को मानने से कोई सरोकार नहीं रखती है क्योंकि उन्हें अभिभावक बचपन से इन सभी आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने से ही चूक रहे हैं। इस कारण युवा शिक्षा के साथ-साथ अपनी धार्मिक आस्था से भी मानो दूर होता जा रहा है। हमें आए दिन समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया पर खबरें सुनने को मिलती हैं जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालु अर्धनग्न और पर्यटन के रूप में अपना परिचय देते हैं, तो वहीं अनेक बार मंदिरों के वातावरण को भी दूषित करने का प्रयास करते हैं।

हिमाचल प्रदेश में यह समस्या गंभीर होती जा रही है, जिसको स्थानीय प्रशासन और मंदिर कमेटियों को सुचारु रूप से चलाने एवं इस प्रकार के नासमझ युवाओं के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने की परम आवश्यकता है या फिर ऐसे तमाम व्यक्तियों को मंदिर में आने से वर्जित किया जाए, ताकि जिस देवभूमि के लिए हिमाचल को जाना जाता है, उसकी विशेषता और शक्ति भी कायम बनी रहे। अनेक क्षेत्रों में लोगों द्वारा मंदिर के इर्द-गिर्द शराब पीना, सिगरेट पीने एवं अन्य विभिन्न प्रकार के नशे करते नजर आते हैं। इस कारण मंदिरों में सभ्य भक्तजनों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो वहीं प्रदेश सरकार को भी इस और विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि हिमाचल प्रदेश में मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर भक्तों की अटूट आस्था और विश्वास बना रहे हैं।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

आए दिन देखने को मिलता है जब आज के युवाओं में धार्मिक आस्था और शक्ति में वह प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हैं, जिन्हें देखकर और सुनकर लज्जा एवं शर्म आती है क्योंकि उन्हें बचपन से शायद मां-बाप ने इन सभी शिक्षाओं से वंचित रखा है, जैसे वे ईश्वर को मानते ही नहीं है, इसलिए आज हम सभी युवाओं एवं समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम अपने बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति, सभ्यता, आस्था, और संस्कार का भी निर्माण करवाएं ताकि भविष्य में वह धार्मिक स्थल पर अपनी असभ्यता और अश्लीलता का परिचय न दें।

हिमाचल प्रदेश को अगर किसी विशेष क्षेत्र के लिए जाना जाता है तो वह देवभूमि के लिए, जहां लोग बहुत ही सभ्य, सुशील, सीधे-साधे, भोले-भाले, आस्तिक हैं। जहां विभिन्न क्षेत्रों में देवी-देवताओं का वास माना जाता है, जिसके अनेक उदाहरण हमारे बुजुर्ग एवं बुद्धिजीवी द्वारा दशकों से देते आ रहे हैं, इसलिए हमें अपने धार्मिक स्थलों की मर्यादाओं और नियमों का पालन करना चाहिए। इससे हिमाचल प्रदेश के धार्मिक स्थलों की आस्था और विश्वास सदैव बना रहे, वहीं ऐसे मनचलों और सिरफिरों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने की भी परम आवश्यकता है।

आज मंदिरों की मर्यादाओं के परिप्रेक्ष्य में मंदिर और मूर्तियों की फोटो खिंचाने एवं वीडियो बनाने पर भी रोक होनी चाहिए क्योंकि यह सब आस्था और श्रद्धा के विपरीत माना जाता है। इसलिए इन सभी पर कहीं न कहीं अंकुश लगाने की भी आवश्यकता है। इसलिए मंदिर में जाने के लिए हम सबसे पहले सभ्य पहनावा, सभ्य शब्दावली और सभ्यता के साथ अपनी अटूट आस्था और विश्वास को लेकर जाएं, तो शायद हमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भविष्य में इस प्रकार का विपरित वातावरण देखने को न मिले, ऐसी उम्मीद और विश्वास करते हैं और हम सभी ऐसे युवाओं एवं लोगों को भी इस प्रकार जागृत करने और मार्गदर्शन करने का भी प्रयास करें ताकि श्रद्धालु हिमाचल के धार्मिक स्थलों को अश्लीलता और पर्यटन का केंद्र न बना पाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई मंडी में होगा 200 पदों के लिए इंटरव्यू

**अनिल शर्मा, मंडी ।** राजकीय आईटीआई मंडी में 25 जून को अल्लायंसग्रो स्टाफींग प्राइवेट लिमिटेड पंजाब द्वारा डिफरेंट्स कंपनियों में 200 पदों के लिए इंटरव्यू कराया जा रहा है। इस इंटरव्यू में दसवीं, 12वीं दो वर्ष आईटीआई पास एनसीवीटी, एनसीवीटी मान्यता प्राप्त संस्थानों से अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर रविंद्र सिंह बनयाल ने बताया कि यह इंटरव्यू केवल युवक अभ्यर्थियों के लिए होगा। यह इंटरव्यू बद्दी परवाणु और मोहाली के लिए करवाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था : महिला समिति

**अनिल शर्मा, मंडी ।** जोगिंद्रनगर में 4 नाबालिग बहनों के साथ हुई छेड़छाड़ पर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने रोष जताया। महिला समिति ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। समिति की अध्यक्ष डॉक्टर वीना वैद्य व जिला सचिव जैवंती शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला मंडी इकाई जोगिंद्रनगर में 4 नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ की उस घटना की घोर निंदा करती है, जिसमें सरकारी स्कूल का 51 वर्षीय मुख्य शिक्षक ही इसका दोषी है। हालांकि पीड़ित छात्राओं व अभिभावकों की शिकायत पर पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया है, परंतु प्रश्न यह है कि बच्चियों के साथ एक के बाद ऐसी घटनाएं घटती जा रही हैं और राज्य सरकार इन पर किसी प्रकार का अंकुश नहीं लगा पा रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिल्कुल सही नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### नुपे राम बने शाढला पाली पाठशाला के एसएमसी प्रधान



**अनंत ज्ञान, पधर ।** शिक्षा खंड औट के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला शाढला पाली में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 3 वर्ष के लिए पाठशाला प्रबंधन समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें नुपे राम को प्रधान चुना गया और इसके अतिरिक्त मधु, हेमंत कुमार, रामलीला, आशा ठाकुर को सदस्य, मोहन सिंह सकलानी (प्रभारी शिक्षक) पदेन सचिव और प्रवीन कुमार वार्ड मेंबर कोटाधार-1 को मनोनीत सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान नुपे राम ने संबोधित करते हुए कहा की पाठशाला विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे तथा अध्यापकों के साथ उचित तालमेल के साथ बच्चों की गुणात्मक शिक्षा की ओर प्रयास किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### जल्द होगा नौबाही कॉरिडोर का ड्रोन सर्वे : राजीव



**अनिल शर्मा, मंडी ।** समाजसेवी राजीव परमार ने कहा कि आचार संहिता खत्म हो चुकी है, ऐसे में नौबाही कॉरिडोर को लेकर कदमताल पुन: शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले नौबाही कॉरिडोर को लेकर ड्रोन सर्वे होना था, लेकिन आचार संहिता के चलते उसे स्थगित करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि नौबाही कॉरिडोर बनने से नौबाही, जुकैण, सूरजपुर बाडी, मौंही आदि पंचायत के युवाओं को स्थाई रोजगार मिलेगा। क्षेत्र में कई मंदिर और व्यापरिक प्रतिष्ठान बनाए जाएंगे। जिला व सरकाघाट प्रशासन के साथ मिलकर कॉरिडोर का खाका तैयार किया जाएगा, तत्पश्चात केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। राजीव परमार ने कहा कि यह अपनी तरह का अनौखा कॉरिडोर होगा, जो पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ.साथ सरकाघाट क्षेत्र चंडीगढ़, कुल्लू मनाली से सीधे तौर पर जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ टनल भी बनाई जाएगी, जिससे पर्यटकों के लिए यात्रा सुगम होगी। बारिश के पानी को लेकर भी एक प्राकृतिक टब भी बनाया जाएगा, जो पर्यटकों को लुभाएगा। इसके साथ ही नौबाही क्षेत्र में गुरुकुल की परिकल्पना को भी साकार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 40 गाइड्स को मिलेगा राज्य पुरस्कार

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी ।** राज्य स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में 28 जून से 2 जुलाई तक राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार टेस्टिंग फॉर गाइड्स कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 40 गाइड्स के लिए आयोजित होगा जिसमें प्रतिभागियों को एक दिन पहले ही शाम तक अपनी उपस्थिति देनी पड़ेगी। कैंप में प्रतिभागी स्काउट एंड गाइड तथा स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन को निर्धारित शुल्क भी अदा करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय की ओर से इस कैंप के लिए गाइड कैप्टन प्रमिला को कंटिंजेंट लीडर तैनात किया गया है और गाइड कैप्टन निर्मला, ममता, छम्मा और चंपा को गाइड्स को एस्कॉर्ट करने का जिम्मा दिया गया है। यही नहीं संबंधित 40 स्कूलों को प्रतिभागी भेजने के लिए भी सूचना भेजी जा चुकी है। सभी 40 स्कूलों से केवल लड़कियां ही गाइड्स के रूप में इस कैंप में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी सप्ताह भर के इस टेस्टिंग कैंप के बाद इन्हें राज्य पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### शहर में कूलर के पास फिर लगा कूड़े का ढेर



**पुष्पराज, मंडी ।** मंडी शहर में जहां पीलिया की शिकायत से बहुत ज्यादा लोग लगातार जूझ रहें है जिसका कारण पानी का खराब होना बताया जा रहा हैं गर्मीयों के कारण लोग प्राकृतिक जल स्त्रोत या फिर कुल्लरों का पानी पीने में ज्यादातर इस्तेमाल करते है। वहीं पिछले दिनों इस थनेहड़ा मोहल्ला को जाने वाले रास्ते पर लगे कूलर को मुद्दा उठने पर साफ करवाया गया था लेकिन उसके कुछ ही दिनों बाद फिर से कूलर की वहीं हालत हो चुकी हैं कूलर के पास लगातार कूड़ा रखा जाता हैं जिससे आधा कूड़ा कूलर के इर्द गिर्द ही गिर जाता हैं। अब स्थिति यह बन गई हैं कि फिर से कूलर से पानी पीने के लिए लोगों के मुंह से अनायास ही निकलता हैं। कूड़ा कूलर के पास रखने से पानी भी खराब हो सकता हैं। हालांकि नगर निगम द्वारा कुल्लर की सिर्फ बाहर से ही सफाई की थी लेकिन सफाई कर्मी लगातार कूलर के समीप कूड़ा रख देते हैं और कूड़े का ढेर देख लोग भी वहां पर कूड़ा फेंक देते हैं। शहर में थनेहड़ा मोहल्ला की ओर जाने वाले और महामृत्युंजय चौक के समीप के व्यापारी और दुकानदार इसी कूलर के पानी का प्रयोग करते है। वहीं नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि पिछले माह ही कूलर की सफाई करवा दी गई थी। सफाई कर्मियों के उक्त स्थान पर कूड़ा रखने से यह समस्या पेश आ रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### निगम कर रहा शहर को स्वच्छ रखने का प्रयास, लोगों को नहीं आ रहा रास

# जंगल और नदी–नाले बने डंपिंग साइट

**पुष्पराज, मंडी**





जंगल शहर के व्यू प्वाइंट पर फेंका कूड़ा व इनसेट में सकोढी खड्ड का सफाई के बाद भी वहीं हालात।

मंडी शहर में जहां नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा दो बार शहर से कूड़ा उठाया जाता हैं। बावजूद इसके लोग कूड़ा शहर के नदी नालों और जंगलों में जाकर फेंक दे रहे हैं। नगर निगम द्वारा जहां शहर को स्वच्छ रखने का हर प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं शहर के लोगों की लापरवाही की वजह से सफाई व्यवस्था फिर से चरमरा गई हैं। जहां कुछ ही समय पहले नगर निगम द्वारा सकोढी खड्ड की सफाई नगर निगम द्वारा की गई आज फिर उनकी स्थिति दयनीय हो गई है।

वहीं सुकेती खड्ड में सुकेती पुल के छोरों पर से लोगों द्वारा बुरी तरह से कूड़ा फेंका गया है जिसे देखते ही ऐसा लगता हैं कि किस के कूड़े की डंपिंग साइट यहीं पर हैं लगातार प्रयास



करने के बाद शहर में जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजनों के बाद भी शहर में सफाई व्यवस्था को सुधारना नगर निगम मंडी के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया हैं। वहीं शहर के साथ लगते गंदर्भ जंगल, जहां से मंडी शहर को आप एक नजर में देख सकते हैं वहां पर आपको कूड़ा देखने को पहले मिलेगा बाद में आप शहर का नजारा देख पाते हैं।

साथ ही जिन लोगों के घर सुकेती खड्ड के साथ में है वे तो लगातार सुकी खड्ड में कूड़े को जला देते है या फिर पानी का बहाव बढ़ता देख नदी में ही कूड़े को फेंक दे रहे है। (अनंत ज्ञान)

### शहर में फिर से शुरू होगा सर्वे : वीरेंद्र

**नगर** निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि बड़े दुख से की बात है कि नगर निगम क्षेत्र में सफाई कर्मियों द्वारा दो बार सफाई करने के बाद भी शहर के कई स्थानों में लोगों द्वारा कूड़ा फेंका जा रहा हैं।
नगर निगम द्वारा हाल ही में सकोढी खड्ड की सफाई करवाई गई थी लेकिन शहर के लोग सफाई के प्रति जागरूक नहीं है। नगर निगम द्वारा अब हर घर में सर्वे किए जाएंगे और लोगों से कुड़े की पर्ची मांगी जाएगी। पर्ची न होने पर निगम की तरफ से उक्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एनएसयूआई ने एनटीए व केंद्र के खिलाफ की नारेबाजी

**उमेश, सुंदरनगर**

एनटीए द्वारा आयोजित नीट व नेट की परीक्षा के लीक होने व धांधली के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई सुंदर नगर इकाई द्वारा जिला मंडी उपाध्यक्ष अनित जसवाल के नेतृत्व में एनटीए का पुतला जलाया। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने सुंदरनगर के महाराणा प्रताप चौक पर एनटीए व केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

एनएसयूआई ने विरोध प्रदर्शन करके केंद्र सरकार से एनटीए को जल्द से जल्द बैन करने व पुन: परीक्षा करवाने व दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार एक परीक्षा भी उचित तरीके से आयोजित करवाने में समर्थ नहीं है।

उन्होंने कहा कि नैतिकता के आधार पर देश के शिक्षा मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए और सरकार को एनटीए को जल्द से जल्द बैन कर देना चाहिए। अनित जसवाल में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा छात्रों के साथ अन्याय किया जा रहा है।

अनित जसवाल ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए मांग की कि सरकार जल्द से जल्द एनटीए को बैन करे व नीट की परीक्षा को रद्द करके पुन: परीक्षा को आयोजित करे ताकि छात्रों को न्याय मिल सके। उन्होंने मांग की कि परीक्षा पत्र लीक करने वाले दोषियों पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्द से जल्द छात्र हित में फैसला नहीं लेती है तो एनएसयूआई इससे और अधिक उग्र आंदोलन छात्रों को न्याय दिलाने के लिए करेगी। (अनंत ज्ञान)




महाराणा प्रताप चौक पर एनटीए का पुतला जलाते हुए एनएसयूआई के कार्यकर्ता ।

### दो सगी बहनों से छेड़छाड़ का मामला

## आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

आरोपी शिक्षक को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया और जहां से कोर्ट ने आरोपी शिक्षक को तीन दिन के रिमांड में भेज दिया है। बताया जा रहा है आरोपी शिक्षक मंडी जिला के बल्ह, गोहर जंजैहली में अपनी सेवाएं दे चुका है। साल 2023 से नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ को अंजाम दे रहा था।

मामले की शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर की तो जिला बाल संरक्षण विभाग ने स्कूल में दबिश दी और पीड़ित छात्राओं और उनके अभिभावकों के बयान कलमबद्ध किए। इसके बाद

अनंत ज्ञान फॉलोअप

मामला पुलिस को सौंपा। पुलिस और चाइल्ड लाइन विभाग के अनुसार चौथी और पांचवीं कक्षा की दो छात्राओं से छेड़छाड़ के अलावा छठी कक्षा में प्रवेश कर चुकी दो अन्य छात्राओं से आरोपी मुख्य शिक्षक ने कई बार छेड़छाड़ की। स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे कुल 15 विद्यार्थियों में शामिल अन्य छात्राओं से भी पुलिस ने पूछताछ कर जानकारी जुटाई है। (अनंत ज्ञान)

## बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्राप्त करने के दिए सुझाव

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल की एकलव्य एजुकेशनल अकादमी में अभिप्रेरणा समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि एचएएस चिराग शर्मा शिरकत की वर्तमान में चिराग शर्मा बतौर वीडीओ सिरमौर रेणुका में सेवा दे रहे हैं। एकलव्य एजुकेशनल अकादमी की निदेशिक खुशबू शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

मुख्यातिथि ने एकलव्य एजुकेशनल अकादमी में पढ़ रहे बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्राप्त करने के लिए सुझाव दिए कि बच्चे भविष्य में किस प्रकार से अपना भविष्य बना सकते हैं और साथ ही एकलव्य एजुकेशनल अकादमी के बच्चों के द्वारा उनसे बेहतरीन प्राप्ति के सुझाव लिए किस प्रकार से अपने जीवन में सफलता को हासिल किया जा सकता है।



खुशबू शर्मा व अकादमी स्टाफ मुख्यतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

इस मौके पर एकलव्य एजुकेशनल अकादमी के अध्यापक अनिल ठाकुर, संजय कुमार अध्यापिका आशा ठाकुर, संगीता धरवाल और अकादमी में पढ़ रहे विद्यार्थी व उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे व भाजपा बूथ अध्यक्ष मसौली दीपक ठाकुर भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### करसोग में जल्द ही पार्किंग होगी तैयार

**पीयूष शर्मा, करसोग।** नगर पंचायत करसोग द्वारा बरल स्थित इमला पुल किनारे पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। चार करोड़ रुपए से पार्किंग का निर्माण होने से अब यहां आने वाले लोगों को वाहन पार्क करने की सुविधा मिलेगी।

नगर पंचायत करसोग अध्यक्ष सविता गुप्ता ने कहा कि करसोग में लंबे समय से पार्किंग की समस्या चल रही थी। लोगों को अपने वाहनों को सड़कों पर पार्क करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि लगभग 4 करोड़ से बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है, जिससे पार्किंग की परेशानी दूर हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### नीरज बने जखेड़ू एसएमसी के अध्यक्ष

**उमेश, सुंदरनगर ।** राजकीय उच्च पाठशाला जखेड़ू में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति में नीरज कुमार अध्यक्ष, मुख्याध्यापक टेकचंद सचिव, शिक्षक ओमप्रकाश सहसचिव, पंचायत प्रधान सरला देवी व शिक्षक अलका सदस्य बनाए गए।

इसके अलावा पूर्ण चंद, बलदेव, बिट्ठू, चंचल, भावना, दीपा, इंदिरा, रेवती, चंचल, चिंता व रमेश कुमार को सदस्य बनाया गया है। वहीं नीरज ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई उसे वह इमानदारी से निभाएंगे और हर समस्या का समाधान किया जाएगा।

## पांगणा स्कूल में चुने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री



चुनाव के बाद बच्चे अध्यापकों के साथ।

**पीयूष शर्मा, करसोग**

पीएम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा में युवा संसद चुनी गई, जिसमें पहले छठी से 12वीं कक्षा तक के विभिन्न कक्षाओं से लोकसभा सांसद की तरह प्रतिनिधि चुने गए। जिन्होंने बाद में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को चुना।

प्रधानाचार्य संजय कुमार, अंग्रेजी प्रवक्ता मस्तराम, राजनीतिक शास्त्र प्रवक्ता ललित ठाकुर, टीजीटी नॉन मेडिकल राकेश गुप्ता टीजीटी आर्ट्स रमेश चौहान, कमलेश शर्मा, विद्याधर, खुशाल चंद सहित अन्य ने बताया कि युवा संसद एक ऐसा मंच है, जहां बच्चे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और मुद्दों को पेश कर सकते हैं । इससे बच्चे राजनीति, नीति निर्माण और सामाजिक समस्याओं से भी जागरूक होते हैं। (अनंत ज्ञान)

## प्रभु के दर्शनों के बिना मानव जीवन व्यर्थ : मोहित

**पुष्पराज, मंडी**

संत निरंकारी मिशन द्वारा इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन निरंकारी शाखा भवन मंडी में किया गया। समागम की अध्यक्षता चंडीगढ़ से प्रचारक महात्मा डॉ. मोहित गुप्ता ने की।

इस मौके निरंकारी मिशन जोनल इंचार्ज मंडी आरके अभिलाषी मौजूद रहे। इस अवसर पर महात्माओं ने इंग्लिश भाषा का सहारा लेते हुए गीत, कविता, भाषण के रूप में निरंकारी मिशन के सिद्धान्तों तथा मानवता के उत्थान की चर्चा की। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि इस प्रभु के दर्शनों के बिना मानव जीवन व्यर्थ है। इस दौरान ज्ञान प्रचारक डॉ. मोहित गुप्ता ने कहा कि सभी दैवी गुण मानव के जीवन में तभी आ सकते है जब इंसान इस प्रभु परमात्मा को जान लेता है और ये ही इंसान के मानव जीवन का असली उद्देश्य है।



समागम में गुणगान करते हुए बच्चे सामूहिक चित्र में।

उन्होंने कहा कि यह कार्य आज के युग में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंकार प्रभु परमात्मा का दिदार (दर्शन) करवाकर कर रहे हैं। इस अवसर पर मंडी संयोजक डीपी पठानिया, सेवादल क्षेत्रीय संचालक भगत सिंह व रविन्द्र सहित मिशन के अनुयाई मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## मार्शल आर्ट में रिशिता को गोल्ड

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन द्वारा बैडमिंटन हॉल पड्डल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मंडी जिला के क्लब और स्कूलों के 158 खिलाड़ी भाग ले रहे है।



मुख्यातिथि और आयोजक जोगिंद्र सिंह के साथ खिलाड़ी।

मंडी जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र सिंह आजाद ने बताया की प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा ने किया।

शनिवार को हुए मुकाबलों में टेन्डिंग इवेंट (फाइट) में लड़कियों के मकान वर्ग में 20 किलोग्राम भार वर्ग में बल्ह की तेजस्विनी शर्मा, 24 किलोग्राम भार वर्ग में बल्ह क्लब की प्रगति ने स्वर्ण 26 किलोग्राम भार वर्ग में मंडी की रिशिता कुमारी ने स्वर्ण पदक, 30 किलोग्राम भार वर्ग में सिराज की गाजा ने स्वर्ण पदक, कैम्ब्रिज स्कूल लुणा पानी की अलिशिया गुप्ता ने रजत पदक और सिराज की किरण ने कांस्य पदक जीता। जिला परिषद सदस्य पाल वर्मा ने आयोजक मंडल और सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### नंगल जरियालां में किसानों की बैठक आज

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** ग्राम पंचायत नंगल जरियालां में रविवार सायं 5 बजे वार्ड नंबर 7 में स्थानीय किसानों की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत के उप प्रधान शौर्य चक्र विजेता कैप्टन सुशील जरियाल ने बताया कि आगामी बरसात के मौसम के मद्देनजर किसानों की यह बैठक बुलाई गई है जिसमें उपजाऊ भूमि को जानवरों से बचाने के लिए तारबंदी को मजबूत करना, किसानों को अच्छे बीज व खाद उपलब्ध करवाने एवं किसानों से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी ।

## जोगिंद्रनगर में 400 से अधिक अभ्यर्थियों ने दी टेट परीक्षा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की टीजीटी टेट की परीक्षा में अभ्यर्थियों को तलाशी के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिला। जोगिंद्रनगर के दो मुख्य परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे का सख्त पहरा रहा। 400 से अधिक उम्मीदवारों ने यहां अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

शनिवार को आदर्श कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर के परीक्षा केंद्र में सुबह 10:30 बजे दोपहर 12:00 बजे टीजीटी आर्ट की परीक्षा में 133 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर की अगुवाई में करीब 15 शिक्षकों की मौजूदगी में पहले चरण की परीक्षा पूर्ण हुई।

प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने बताया कि परीक्षा अधीक्षक और सहायक अधीक्षक ने परीक्षा की हर गतिविधि का जायजा लिया। कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर में दो चरणों में संपन्न हुई टीजीटी आर्ट और शास्त्री की परीक्षा में 25 से अधिक परीक्षार्थी पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

**तस्करी** | मंडी में बढ़ते जा रहे है गो तस्करी के मामले, बाइक सवार तस्करों को देते हैं सुरक्षा

# पंडोह में रात को फिर पकड़ी गोवंश से लदी गाड़ी, ड्राइवर फरार

**अनंत ज्ञान, मंडी/ पंडोह**

गत रात्रि पंडोह बाजार में गोवंश से लदे हुए ट्रक को एक संगठन के सदस्यों द्वारा पकड़ने के बाद जो सूचनाएं मिल रही हैं वह अपने आप में हैरानी जनक है। बताया जा रहा है कि गोवंश की यह तस्करी लेह के रास्ते से जम्मू कश्मीर के लिए की जाती है। इस ट्रक के आगे एक स्कॉर्पियो गाड़ी उसको एस्कॉर्ट कर रही थी। जैसे ही पंडोह बाजार में इन गाड़ियों को रोका गया तो भागने के इरादे से पुरानी सड़क की तरफ को गाड़ियां मोड़ दी लेकिन आगे टूटा हुआ लाल पुल उनकी इस दिशा में अड़चन बन गया। ऐसे में कार और ट्रक में बैठे हुए लोग व्यास नदी की तरफ भाग खड़े हुए।

बताया जा रहा है कि उन लोगों को वहां गायब करने के लिए बाइकर्स का ग्रुप पंडोह डैम के आसपास आया और उन्हें भगा कर ले गए। वहीं गाड़ी के मालिक का कहना है कि यह गाड़ी ड्राइवर के पास थी। वह गाड़ी को लेकर यमुनानगर गया हुआ था वहां से वापसी पर नेरचौक में उसने गाड़ी का कुछ काम करवाना था लेकिन यह सब कैसे हुआ यह उसे कुछ पता नहीं क्योंकि इस घटना के बाद ड्राइवर का अभी तक कोई अता पता नहीं है।

अशंका का व्यक्त की जा रही है कि यह कोई बहुत बड़ा गिरोह है जिसके ऊपर किसी बड़े नेता की कर सरपरस्ती शामिल है। पंडोह चौकी के एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही। मामला बेशक दर्ज नहीं किया गया है मगर पुलिस वाहन चालक व वाहन की तोड़फोड़ करने वालों की तलाश की जा रही है।



पंडोह बाजार में कथित गोवंश तस्करी में संलिप्त ट्रक।

### सरकार और प्रशासन को उठाने होंगे सख्त कदम : राजीव

**समाजसेवी** मंडी राजीव परमार ने कहा कि मंडी जिला में रात के अंधेरे में गाय के ट्रकों के ट्रक दूसरे राज्यों में भेजे जा रहे है और प्रशासन मौन है जो बहुत ही निंदनीय है। अगर ओर सरकार और प्रशासन की ओर से सख्त कदम नहीं उठाए गए तो हाई कोर्ट में जनहित याचिका लगाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसके साथ ही एक प्रखर हिन्दू संगठन की भी नींव रखी जाएगी।

## जनक राज बने कार्य निरीक्षकों के राज्य प्रधान

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग एवं जल शक्ति विभाग कार्य निरीक्षक संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव राजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर की अध्यक्षता में विश्रामगृह सुंदर नगर में संपन्न हुए। इसमें अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर (मंडी), प्रधान जनक राज (शिमला), वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कटोच (कांगड़ा), महासचिव दर्शन ठाकुर (कुल्लू), कोषाध्यक्ष सुनील ठाकुर (मंडी) चुने गए।

इसके उपरांत नवनिर्वाचित प्रधान ने कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें महिला विंग की अध्यक्ष विद्या ठाकुर कुल्लू, मनोहर लाल सोलन उपाध्यक्ष, यशपाल ठाकुर उपाध्यक्ष, रोशन लाल शिमला उपाध्यक्ष, दिनेश श्याम शिमला उपाध्यक्ष, महेंद्र ठाकुर सचिव, बलवीर ठाकुर संयुक्त सचिव, नीरत ठाकुर कुल्लू उपाध्यक्ष चुने गए। लालचंद शर्मा मंडी व नितेंद्र डोगरा कांगड़ा प्रबंध सचिव बनाए गए हैं। इस दौरान जनकराज ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वह इमानदारी से पूरा करेंगे और समस्या का समाधान करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)




लोक निर्माण विभाग के राज्य कार्य निरीक्षक संघ के नवनिर्वाचित राज्य पदाधिकारी।

### मंडी के हितेंद्र ठाकुर को सौंपी अध्यक्ष पद की कमान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय

# बच्चों और अभिभावकों ने खेल मैदान न होने पर एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

## केवी बंगाणा स्कूल के मैदान में खेलने की मांगी अनुमति, बोले- सात दिन में करें व्यवस्था

**अभिषेक कुमार, ऊना**

उपमंडल बंगाणा के तहत हिमुडा कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र के बच्चों को खेलने का मैदान न होने के कारण केंद्रीय विद्यालय के मैदान में खेलना पड़ता है।

पिछले कई वर्षों से आसपास के बच्चे और लोग केंद्रीय विद्यालय (केवी) बंगाणा के मैदान में गैर–कार्य समय के दौरान खेलते आ रहे हैं, लेकिन शुक्रवार शाम को इन बच्चों को स्कूल प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया था कि अब बच्चे इस मैदान का उपयोग खेलने के लिए नहीं कर सकते हैं, और गेट बंद कर दिया था। जब बच्चे प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को खेलने जाने लगे तो स्कूल गेट बंद कर दिया गया था। बच्चों और स्थानीय लोगों के कहने के बाद भी यह गेट नहीं खोला गया। देर रात तक बच्चे गेट के सामने बैठे रहे, लेकिन गेट नहीं खुला। इस निर्णय से बच्चों और उनके माता–पिता में बहुत निराशा हो गई। बच्चों और अभिभावकों का कहना है कि केवी स्कूल का मैदान ही हमारे पास उपलब्ध एकमात्र सुरक्षित और नजदीकी स्थान है, जोकि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी भी है।



एसडीएम बंगाणा को ज्ञापन सौंपते हिमुडा कॉलोनी और आसपास क्षेत्र के लोग।

इस संदर्भ में बच्चों और अभिभावक और बच्चे ने एसडीएम बंगाणा को अपनी समस्या बताई और उनसे मांग की है की केंद्रीय विद्यालय बंगाणा स्कूल के मैदान में खेलने की गैर–कार्य समय के दौरान अनुमति उन्हें दी जाए।

परिजनों का यह भी कहना है की यदि केवी स्कूल के मैदान का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, तो कृपया अगले सात दिनों के भीतर एक वैकल्पिक मैदान प्रदान करें। यह वैकल्पिक स्थान सुरक्षित, सुलभ और बच्चों के खेल और मनोरंजन गतिविधियों के लिए उपयुक्त होना चाहिए। जब तक ये वैकल्पिक मैदान उपलब्ध नहीं होता तब तक हमें इसी स्कूल मैदान में खेलने की अनुमति दी जाए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### लठियानी में लगाई मीठे पानी की छबील



**अभिषेक कुमार, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियानी ने डीएवी स्कूल लठियानी में चल रहे क्लस्टर लेवल खेल हिमाचल प्रदेश जॉन की खेल प्रतियोगिता में मीठे पानी की छबील लगाई है। इस अवसर पर क्लब के सदस्य विश्वजीत उर्फ मिठू, शशि कुमार, प्रधान दिनेश शर्मा, मंथन सोनी, गौरव, सानू, आदर्श, सुरेश शर्मा, बिन्नी, मुनीष, अंकुर, इत्यादि इस मौके पर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### पिरथीपुर स्कूल में बच्चों ने सीखी योग क्रियाएं



**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर लगाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परमीत सिंह ने छात्रों को योग के महत्व बारे जानकारी उपलब्ध करवाई। छात्रों ने विभिन्न प्रकार की योग क्रियाएं अनुलोम विलोम, सूर्या नमस्कार, ताड़ासन, वक्रासन आदि योग क्रियाएं सीखी। इस मौके पर एन एस एस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास, महिला प्रभारी पूनम देवी, हर्बिन्द्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, सुलोचना राणा, पूजा शर्मा, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, अंजना कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, प्रशांत कुमार, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, मनजीत कौर, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### दौलतपुर चौक स्कूल में कराया योग अभ्यास



**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों व छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। विभिन्न योगासनों और उनके गहन शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मनोज कुमार डीपी ने बज्र आसन, मंडूक आसन, ताड़ आसन, सूर्य आसन सहित अन्य आसनों का अभ्यास करवाया। प्रधानाचार्य सनम ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में समर्पित प्रयासों के लिए सभी प्रतिभागियों की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

# महिलाओं ने डरोह में शराब ठेका खोलने का किया विरोध



ठेका खोलने पर विरोध जताती महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के डरोह गांव में शराब का ठेका खोले जाने का ग्रामीणों द्वारा विरोध कर दिया गया है। शनिवार को दूसरी दफा महिला मंडल डरोह की ओर से विरोध प्रदर्शन करते हुए स्थानीय विधायक एवं जिला प्रशासन से ठेके को तुरंत बंद करने के मांग की है, साथ ही चेतावनी दी है कि अगर ठेका बंद नहीं किया गया तो आने वाले समय में आंदोलन उग्र किया जाएगा। इस अवसर पर महिला मंडल सदस्य संतोष कुमारी, कमलेश कुमारी, अंजना देवी, रोशनी देवी, आशा देवी, विजय देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, रीना देवी, संतोष कुमारी, सुनीता देवी, माया देवी, पूनम कुमारी, आदि मौजूद रहीं। (अनंत ज्ञान)

## मतदाता एसजीपीसी चुनावों के लिए 31 जुलाई तक कर सकेंगे पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शिरोमणी गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य 31 जुलाई, 2024 तक किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि निदेशक पंचायती राज एवं आयुक्त गुरूद्वारा चुनाव हिमाचल प्रदेश से प्राप्त शेडयूल के अनुसार 1 अगस्त से 20 अगस्त तक हस्तलिखित नियमावली तैयार करके उसकी छपाई और रख–रखाव का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नियमावली का प्रारंभिक प्रकाशन उपायुक्त द्वारा 21 अगस्त को किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन सूची में प्रकाशित नाम, पद व पता या कर्मचारी के मामले में, उसका पद और पता से संबंधित दावे व आक्षेप 21 अगस्त तक संबंधित पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि दावे व आक्षेप प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 सितम्बर रहेगी।

सिख गुरुद्वारा बोर्ड चुनाव नियम, 1959 के नियम 10(3) के तहत प्राप्त सभी दावे और आपत्तियों का निपटारा 12 सितंबर से 20 सितम्बर, 2024 तक किया जाएगा। इसके अलावा 21 सितंबर से 4 अक्तूबर तक संक्षिप्त नामावलियों को छपाई के लिए तैयार कर लिया जाएगा तथा 5 अक्तूबर को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## ट्रक व टैक्सी की टक्कर में चार जख्मी

**अभिषेक कुमार, ऊना**

जनपद के ऊना से अंब मार्ग पर धुसाड़ा में एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है, जहां पर्यटकों की कार दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक सहित चार जख्मी हुए है।

पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के मोहाली निवासी टैक्सी ड्राइवर राम ने बताया कि शुक्रवार रात चंडीगढ़ से सवारियां लेकर वह धर्मशाला घूमने जा रहा था। टैक्सी में चंडीगढ़ निवासी रिशी, शमी व उनकी 16 वर्षीय बेटी रीधि सवार थे। इसी दौरान जब टैक्सी धुसाड़ा पुल के पार पहुंची तो अंब की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने गलत साइड से टैक्सी को टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी घूमकर सड़क किनारे बने लोहे के पैराफीट से टकरा गई। हादसे में टैक्सी में सवार सभी लोगों को चोटें आई है। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया जहां से डॉक्टर ने रिशी, शमी व रिधि को पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया है। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो ने गरीब व्यक्ति के ऑपरेशन के लिए दी सहायता राशि

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र के एक गरीब व्यक्ति के ऑपरेशन के लिए 31,000 रुपए देकर मदद की।



उक्त परिवार ने पूर्व विधायक का आभार प्रकट किया है। इस बारे भुट्टो ने बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लोग मेरे परिवार के सदस्य हैं और उनकी मदद करना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने उक्त परिवार और मीडिया से आग्रह किया कि जिस गरीब परिवार की मदद की गई है, कृपया उनका गांव और मरीज का नाम गुप्त रखा जाए। समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर उक्त परिवार का गांव और मरीज का नाम उजागर न किया जाए। उन्होंने कहा कि कहा कि विधायक बनने से पहले भी क्षेत्र के गरीब एवं बेसहारा लोगों की मदद करते रहे हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाजसेवा करने से उनको आत्मिक शांति मिलती है। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के गरीब एवं बेसहारा लोगों के लिए उनके घर के दरवाजे हमेशा खुले हैं। वह गरीब एवं बेसहारा लोगों की हरसंभव मदद करने की कोशिश करते रहेंगे। और सदा कुटलैहड़ की जनता के हित के लिए काम करेंगे।

पूर्व विधायक कुटलैहड़ गरीबी रेखा से नीचे परिवार के बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता बीते कई वर्षो से देते आ रहे हैं और जो भी गरीब परिवार के व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आर्थिक मदद की जरूरत होती हैं तो तत्काल देवेंद्र भुट्टो बिना किसी भेदभाव से उस परिवार तक पहुंच कर उन्हें आर्थिक मदद करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## भंडारे के लिए भेजे राशन के तीन ट्रक

**अभिषेक कुमार, ऊना**

बाबा बर्फानी के दर्शनों को जाने वाले यात्रियों के लिए पिछले 16 वर्षों से निरंतर भंडारे की व्यवस्था करने वाले दिल्ली, नोएडा और हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के शिवभक्त गत दिवस 17वें भंडारे का राशन लेकर बाबा बर्फानी की कृपा से अमरनाथ को रवाना हुए।

हिमाचल की मैहतपुर चड़तगढ़ शाखा से जुड़े बाबा बर्फानी के प्रमुख सेवक सुशील कुमार उर्फ लक्की, श्री शिव बर्फानी सेवा मंडल दिल्ली के अध्यक्ष राकेश शर्मा, महासचिव पप्पू शर्मा के अलावा नोएडा मंडल के अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता सहित अनेक अन्य शिवभक्तों के सहयोग से हर साल की तरह तीन ट्रक राशन के लेकर शिवभक्त रवाना हुए हैं। श्रीनगर से करीब 30 किलोमीटर दूर बालटाल रोड पर स्थित मनीगांव वेस कैंप में हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# कैंप से लौटे पंजावर स्कूल के स्टूडेंट्स का भव्य स्वागत

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।**



भारत स्काउट एंड गाइड ग्रुप के स्काउट्स स्कूल स्टाफ के साथ।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजावर में भारत स्काउट गाइड ग्रुप के चार स्काउट्स अभिजोत, ऋतिक गोयल, आशीष, कार्तिक व चार गाइड्स रिया, तृषा धीमान, शाहीन, अंशिका का पांच दिवसीय तृतीय सोपान टेस्टिंग कैंप से लौटने पर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट मास्टर श्री करनैल सिंह संधू ने बताया कि बच्चों ने शिविर में मचान, पुल, गेट बनाना आदि सीखा। इसके अलावा उन्होंने नदी की चौड़ाई पेड़ की ऊंचाई नापने का आसान तरीका, रस्सी की गांठें बनाना और नक्शा बनाने की विधि भी सीखने को मिली। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य नीलम रानी ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बलवंत मान, मनोज, संदीप, मौलिका व अन्य अध्यापक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## रायपुर मैदान देहरी मंदिर में भंडारा आज

**अभिषेक कुमार, ऊना**

कुटलैहड़ रियायत के राजा के बजीर जो कि एक महान पुरुष हुए हैं जिनका नाम पुन्नू राम बंगा था जिनकी सात सहभागिन (पत्नियां) थी उनके नाम पर वार्षिक भंडारा 23 जून को बड़े हर्षोल्लास से रायपुर मैदान बंगा आवादी के पास कुआं पर (जहां उनकी देहरी (मंदिर) बना है) किया जा रहा है। इस भंडारे में सभी परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं। शनिवार को देहरी स्थान पर पुजा पाठ कर भंडारे की तैयारियां की गईं। (अनंत ज्ञान)

## ऊना होस्टल की वॉलीबॉल टीम में खेलेंगे शोर्य प्रताप

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोह जिला ऊना के आठवीं कक्षा के विद्यार्थी शोर्य प्रताप सिंह पुत्र कर्ण सिंह का चयन स्पोर्ट्स हॉस्टल ऊना में हुआ। शोर्य प्रताप सिंह वालीबॉल के खिलाड़ी हैं।



उन्होंने चयन का श्रेय प्रधानाचार्य हरी चंद, डीपीई अमन कुमार, पीईटी विजय कुमार को दिया। इस चयन पर पंचायत चम्याड़ी के प्रधान अशोक कुमार, उपप्रधान पवन कुमार ने स्कूल प्रशासन व माता पिता को शुभाकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

# अनुराग ठाकुर ने अंब के भाजपा कार्यकर्ताओं का जताया अभार


**विवेक, अंब**



सांसद अनुराग ठाकुर को पुष्प माला पहनाते कार्यकर्ता।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर 5वीं बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से जीतने के वाद भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने के लिए शुक्रवार को अंब पंहचे।

अंब पहुंचने पर युवा मोर्चा के सदस्यों ने उनका स्वागत गर्मजोशी से किया और उनको पुष्प हार पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता ने चार लोकसभा की सीटें जीत कर भारतीय जनता पार्टी की झोली में डाली हैं उसके लिए हिमाचल की जनता का धन्यवाद करता हूं। उनहोंने कहा कि इस वार के चुनाव में 68 विधानसभा क्षेत्र में 61 विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को भारी लीड मिली है ओर यह दिखाता है कि मुख्यमंत्री अपने क्षेत्र में भी हार गये ओर भारतीय जनता पार्टी को वहां से 2200 मतों की लीड मिली। उनहोंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आगे वढेगा ओर हिमाचल के विकास में किसी तरह की कोई कमी नहीं रहेगी। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### दिघाली गांव में पानी के लिए हाहाकार

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर जनपद के आंजभोज क्षेत्र में इन दिनों राजपुर पंचायत के दिघाली गांव में लोगों पानी को भारी किल्लतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी न आने की सूरत में स्थानीय लोग स्वयं, रेंच लेकर पाइपलाइन को ठीक कर रहे हैं। पानी की पूर्णतया सप्लाई देने में विभाग नाकाम साबित हुआ है क्योंकि तीन दिन बाद भी पानी की सुचारु व्यवस्था नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोग इतने परेशान हो गए हैं कि जब पानी नहीं आता है, तो मजबूरन वह खुद पानी की पाइप ठीक करने आए हैं। स्थानीय लोगों में अनुज कपूर, गगन कपूर, रणजीत कपूर, जयमल कपूर, जिमोती देवी, सुशील शर्मा, विपुल शर्मा, चैतन्य शर्मा, मिम्मा, शिव, दिशांत शर्मा ने बताया कि उनकी समस्या आज से नहीं बल्कि कई सालों से है। (अनंत ज्ञान)

### लालमन बने स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान

**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च पाठशाला बागा में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा की अध्यक्षता मुख्याध्यापक शारदा देवी ने की। इस आम सभा का मुख्य एजेंडा नई स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का गठन रहा। आमसभा में सर्वसम्मति से लालमन को स्कूल प्रबंधन समिति का प्रधान चुना गया। शारदा देवी सचिव, सदस्यों में तारा, राजकुमार, निशा, राजकुमार, रीना, रोशनी देवी, सपना देवी, निशा देवी, सुखदेई, गोपाल दास, अनीता देवी व अध्यापकों में रविंद्र सिंह व ओमप्रकाश को एसएमसी कार्यकारिणी की सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। मुख्याध्यापक शारदा देवी ने एसएमसी कार्यकारिणी के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों से विद्यालय व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में हर संभव सहायता व सहयोग देने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

### शिविर में एकत्रित किया 117 यूनिट ब्लड



**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर कालाअंब फार्मा एसोसिएशन ने शुक्रवार को त्रिलोकपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता में दवा निरीक्षक नरेंद्र ठाकुर ने की। स्वास्थ्य विभाग सिरमौर के ब्लड बैंक नाहन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में दवा उद्यमियों ने 117 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इससे पहले सुबह फार्मा एसोसिएशन की ओर से योग शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें एचडीएमए कालाअंब के दवा उद्यमियों और फैक्ट्री कर्मचारियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष एचडीएमए मनोज गर्ग ने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि ये ऐसा पवित्र कार्य है, जिससे अनमोल जिंदगियों की जान बचाई जा सकती है। आज समाज में हर व्यक्ति को जागरूक होने की जरूरत है, ताकि हर किसी के जीवन की कीमत को समझा जा सके। (अनंत ज्ञान)

### बिगड़ती कानून व्यवस्था गिरोह युद्ध में परिवर्तित: विवेक

**आर मोहन चौहान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने बिलासपुर गोलीकांड पर बयान जारी करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था अब 'गिरोह युद्ध' अर्थात गैंग वॉर में परिवर्तित हो रही है, जो केवल प्रदेश के लिए ही नहीं युवा पीढ़ी के लिए भी घातक साबित होगी, जिसकी नैतिक जिम्मेदारी वर्तमान मित्रों की सरकार के व्यवस्था परिवर्तन को लेनी होगी। हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर का घटनाक्रम इसका प्रामाणिक उदाहरण है, जिस प्रकार न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं व न्यायाधीशों के द्वार पर आमजन के समक्ष यह घटनाक्रम घटा है। उसने लॉ एंड ऑर्डर के साथ-साथ अनेक प्रश्न भी उत्पन्न किए हैं और जिस तरह से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बंबर ठाकुर के परिवार का नाम गैर कानूनी गतिविधियों में सम्मिलित होने के इल्जाम लग रहे हैं व पुलिस स्वयं अपना पक्ष रखने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### एसएमसी के अध्यक्ष बने मनोहर व ममता



**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय माध्यमिक तथा प्राथमिक विद्यालय कोलका में नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें माध्यमिक विद्यालय से ममता शर्मा और प्राथमिक विद्यालय से मनोहर लाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। शीला देवी, आरती, पवना, रेखा, मीना, अनीता एवं करिश्मा को सदस्य चुना गया। इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालय से प्रभारी गुलजारी लाल, ज्योति, अश्विनी, हीमवती और प्राथमिक विद्यालय से मुख्य शिक्षक यशपाल व कमल किशोर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**मुख्य संसदीय सचिव ने अखाड़ा पूजन कर कुश्ती प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं**

# शूलिनी मेला सोलन ही नहीं, प्रदेशभर में विख्यात : अवस्थी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने मां शूलिनी मेला के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया।

संजय अवस्थी ने मेला मैदान में अखाड़ा पूजन कर कुश्ती प्रतियोगिता के दंगल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां शूलिनी मेला सोलन जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेशभर में विख्यात है। दूर-दूर से लोग इसमें भाग लेने आते हैं और मां शूलिनी के प्रति अपनी श्रद्धा व आस्था जताते हैं। मेले के दौरान आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में स्थानीय युवा बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। ठोडो मैदान में आयोजित दंगल सोलन सहित अन्य राज्यों के पहलवानों को भी आकर्षित करता है और बड़ी संख्या में लोग कुश्तियों का आनंद लेने के लिए यहां पहुंचते हैं। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए एक मंच उपलब्ध करवाते हैं। उन्होंने दंगल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि वह खेल भावना को बनाए रखते हुए हार-जीत की चिंता किए बिना अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। खेल आयोजन समिति की ओर से पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह ने इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी को सम्मानित किया।

मेले के दौरान वॉलीबाल, कबड्डी, शतरंज, महिलाओं की रस्साकशी सहित विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता के संयोजक एवं प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सुरेंद्र सेठी, नगर निगम सोलन के पार्षद सरदार सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मनमोहन मल्होत्रा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिव कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार सहित प्रतियोगिताओं से जुड़े विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



सीपीएस संजय अवस्थी मेला मैदान में।

### सारेगामा फेम तन्मय चतुर्वेदी, अभिज्ञ बैंड और रैप आईडी के नाम रही सांस्कृतिक संध्या

**आर मोहन चौहान, सोलन।** राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में सारेगामा फेम तन्मय चतुर्वेदी, अभिज्ञ बैंड तथा रैप आईडी ने अपनी प्रस्तुतियां से दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ी।




इससे पहले स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने प्रथम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त एनजेडसीसी की ओर से प्रायोजित सांस्कृतिक दल द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। मेला आयोजन समिति की ओर से स्थानीय सांस्कृतिक दलों व लोक कलाकारों को भी उचित अधिमान दिया गया है। जिले के तीन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के बच्चों की ओर से भी सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। पहले दिन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की की छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंत्री ने सोलन वासियों को मां शूलिनी मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति एवं लोक परंपराओं को सहेजने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाते हैं। देव भूमि हिमाचल में अधिकांश मेले एवं उत्सव देव परंपरा से जुड़े हैं। इस अवसर पर मेला आयोजन समिति की ओर से स्वास्थ्य मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर मां शूलिनी मेला-2024 की स्मारिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर बघाट बैंक के अध्यक्ष अरुण शर्मा, जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मंडल के सदस्य जतिन साहनी, नगर निगम सोलन के विभिन्न पार्षदगण, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव सुरेंद्र सेठी व रमेश ठाकुर, जिला कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष शिव कुमार, खंड कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश सूद, कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता काप्टा, उपमंडलाधिकारी (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल प्रथम सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते हुए।

## शूलिनी मेले के दूसरे दिन ठोडा खेल का किया आयोजन



शूलिनी मेला के ठोडा खेल में शामिल होने पहुंची टीम।

**भावना, सोलन**

अपनी अनूठी परंपरा के लिए विख्यात मां शूलिनी मेले के दूसरे दिन प्राचीन खेल ठोडा का आयोजन ठोडो मेला मैदान में किया गया। शाठा-पाशा दलों में होने वाले तीरंदाजी के इस रोचक एवं प्राचीन खेल का जुड़ाव महाभारत काल से कौरवों एवं पांडवों से माना गया है।

इस वर्ष शूलिनी मेले के ठोडा खेल में चार ठोडा दल भाग ले रहे हैं। इनमें ठोडा दल डरोल-ठियोग, कोटी-टिब्बा (सिरमौर), किशोर (ठियोग) तथा पाशी ठोडा दल दंवा (क्योंथल) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वाद्य यंत्र दल सिरमौर भी इसमें सहभागिता जता रहा है। इसमें अध्यक्ष राजीव ठाकुर, उपाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, सचिव हेमंत अत्री, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार तथा सदस्य ललित कश्यप, भूषण कुमार शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### मां शूलिनी की नगरी बनी अन्नपूर्णा

**आर मोहन चौहान, सोलन।** मां शूलिनी के अपार कृपा ने सोलन नगरी को अन्नपूर्णा बना दिया। मेले के उपलक्ष्य पर तीन दिन दिन तक 24 घंटे भंडारे लगने से शहर में किसी को भी भूख-प्यास की चिंता नहीं रहती। हजारों की संख्या में लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर खुद को भाग्यशाली मानते हैं। मेले के दौरान पूरे सोलन के लगभग क्षेत्र, हर गली, नुक्कड़, और सड़क पर खाने-पीने की व्यवस्था होती है।

यहां सुबह से शाम तक लोग बिना किसी चिंता के भोजन और पानी का आनंद ले सकते हैं। इस आयोजन का सबसे बड़ा संदेश है कि मां शूलिनी के द्वार पर जो आता है वह भूखा नहीं जाता। शूलिनी मेले की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें धार्मिक सद्भावना की अद्वितीय मिसाल देखने को मिलती है। (अनंत ज्ञान)

## झाझा के गगन दीप ने जीता फ्लावर ऑफ द शो का पुरस्कार

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शूलिनी मेला-2024 के दौरान उद्यान विभाग सोलन की ओर से नगर निगम सोलन के परिसर में इन्नर व्हील क्लब सोलन सिटी के सौजन्य से 'फ्लावर शो' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्यान विभाग की अध्यक्षता डॉ. शिवाली ठाकुर ने की। इस पुष्प प्रदर्शनी में सोलन के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। आयोजन के दौरान गमले में उगाए जाने वाले फूलों, पुष्प प्रबंधन व नारा लेखन श्रेणी में विद्यार्थियों ने भाग लिया। फ्लावर ऑफ द शो का पुरस्कार झाझा गांव के गगन दीप को लीलियम फूल की उत्कृष्ट किस्म के लिए दिया गया। (अनंत ज्ञान)



### नौणी की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**आर मोहन चौहान, सोलन।** मां शूलिनी मेला-2024 के अवसर पर डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय की ओर से 21 से 23 जून तक मेला मैदान में लगाई गई प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के दोनों कॉलेजों के विभिन्न विभागों की ओर से अपने उत्पादों एवं वैज्ञानिक तकनीकी को प्रदर्शित किया गया है। नौणी विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक, विस्तार शिक्षा डॉ. अनिल सूद ने बताया कि प्रदर्शनी



में शहद, फूलों एवं सब्जियों के बीज, आचार, जैम और जूस प्रदर्शित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों पर लिखित साहित्य भी बिक्री के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों, बागवानों व अन्य लोगों की शंकाओं का निवारण भी मौके पर ही कर रहे हैं और उनके विभिन्न जिज्ञासाओं पर जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं।

### खदाल स्थित मंदिर में मां बाला सुंदरी की स्थापना

**जोशी, रेणुका जी।** ददाहू के समीप खदाल स्थित 11 मुखी हनुमान मंदिर में मां बाला सुंदरी की स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व विनीत अग्रवाल, अमित अग्रवाल, पुष्पा देवी, नवीन गुप्ता, अंजलि सहित सभी यजमानों ने हवन यज्ञ में भाग लिया। बाला सुंदरी मां की पूजा-अर्चना की। पंडित राकेश शर्मा ने बताया कि कई वर्षों पहले इस मंदिर में मां बाला सुंदरी की मूर्ति स्थापित की गई थी। इसके उपलक्ष्य में हर वर्ष यहां भंडारे का आयोजन किया जाता है। (अनंत ज्ञान)



## ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय रेंडमाइजेशन संपन्न

**आर मोहन चौहान, सोलन**

51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी सभागार में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) व वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों की मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रथम स्तरीय रैंडमाइजेशन की गई।

डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए उपलब्ध बैलेट यूनिट (बीयू)-169, कंट्रोल यूनिट (सीयू)-169 तथा वीवीपैट-181 मशीनों की प्रथम स्तरीय छंटनी प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम व वीवीपैट अतिरिक्त संख्या में रखी जानी अनिवार्य हैं, ताकि मतदान के दौरान इनमें कोई खराबी आने पर तुरंत दूसरी ईवीएम से बदला जा सके। डीसी ने बताया कि 51-नालागढ़ के 121 मतदान केंद्रों के लिए 169 बीयू, 169 सीयू तथा 181 वीवीपैट उपलब्ध हैं। (अनंत ज्ञान)



ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीसी।

## हाब्बन के लोगों ने मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री से की भेंट

**आर मोहन चौहान, राजगढ़**

राजगढ़ ब्लॉक की पंचायत हाब्बन के एक प्रतिनिधिमंडल ने पच्छाद के पूर्व कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भेंट की तथा उनसे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हाब्बन के निर्माणाधीन भवन के लिए धनराशि जारी करने का आग्रह किया।

इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने पझौता क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों का नामकरण स्वतंत्रता सैनानियों के नाम पर करने के लिए प्रस्ताव दिया गया। शिक्षा मंत्री ने इनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि



हाब्बन स्कूल के भवन को शीघ्र धनराशि जारी कर दी जाएगी।

बता दें कि बीते करीब सात साल पहले भारी बारिश के चलते हाब्बन स्कूल के भवन को भू-स्खलन से क्षति पहुंची थी, जिसके चलते स्कूली के बच्चों के पढ़ने के लिए रेन शेल्टर और अन्य स्थानों पर व्यवस्था की गई है। (अनंत ज्ञान)

## फायर एनओसी के चलते दिक्कत में लघु उद्योग

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश के उद्योग जगत के विभिन्न मुद्दों को लेकर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लघु उद्योग संघ की राज्य कार्यकारिणी प्रांत कार्यालय बद्दी में हुई।

उद्यमियों ने कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन समेत हिमाचल प्रदेश के ईएसआईसी अस्पतालों में श्रमिकों का इलाज नहीं हो रहा है। इलाज के लिए अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों को एक से दूसरे अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। इससे अब



उद्यमियों को अपने श्रमिकों का उपचार मजबूरी में निजी अस्पतालों में करवाना पड़ रहा है। लघु उद्योग संघ की मासिक बैठक में उद्यमियों ने इस मामले को लेकर जमकर हंगामा किया और कहा कि जब हर माह श्रमिकों का अंशदान कंपनियों द्वारा ईएसआईसी में जमा करवाया जाता है, तो उसकी एवज में श्रमिकों को उपचार क्यों नहीं दिया जा रहा है। इन अस्पतालों में यदि श्रमिकों को उपचार नहीं होता, तो केंद्र सरकार को यह अस्पताल बंद कर देने चाहिए, ताकि लोग गुमराह न हो सकें।

लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष अशोक राणा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरसेम शर्मा ने कहा कि संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि इस मामले को लेकर जल्द ही केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की जाएगी और सारे मामले की जानकारी उन्हें दी जाएगी।

### घंटों लगना पड़ रहा कतार में

उद्योगों से श्रमिक जब उपचार के लिए ईएसआईसी जाते हैं, तो उनका पूरा दिन वहां लंबी कतारों व उपचार के लिए लग जाता है। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरसेम शर्मा व सह सचिव सौरभ गुप्ता ने बताया कि ऐसा कई बार हुआ है, जब छोटी-मोटी चोट के इलाज के लिए मरीज ईएसआईसी अस्पताल पहुंचते हैं, तो उन्हें घंटों तक कतार में लगना पड़ता है और उसके बाद छोटे से इलाज के लिए अपनी दिहाड़ी का पूरा दिन व्यर्थ करना पड़ता है। वहीं यदि कोई मरीज किसी हादसे का शिकार हो जाता है, तो उसकी गंभीर चोटों को देखते हुए ईएसआईसी प्रबंधन दूसरे अस्पतालों के लिए रेफर कर देता है। इससे मरीजों के इलाज में देरी होती है और आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड़ता है। वहीं संघ के पदाधिकारी हरीश खजूरिया ने कहा कि जब से एनआर एरोमा उद्योग में अग्निकांड हुआ है, उसके बाद फायर विभाग ने एनओसी जारी करना ही बंद कर दिया है।

### प्रवीण ठाकुर बने एसएमसी के अध्यक्ष

**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनागुघाट में स्कूल प्रबंधन समिति की आम सभा बैठक पूर्व एसएमसी प्रधान सुरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वप्रथम पिछली एसएमसी को भंग किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से नई विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया।

इसमें प्रवीण ठाकुर को अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय शर्मा को सचिव, देवी चंद, कुसुमलता, कौशल्या, विजय लक्ष्मी, निर्मला, मीता देवी, रोशन ठाकुर को सदस्य के रूप में चयनित किया। (अनंत ज्ञान)

## जटिल आसन से दिया रोगमुक्त का संदेश

**एसपी जैरथ, नाहन**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला सिरमौर के स्कूलों और कॉलेजों समेत कई संस्थानों में योग शिविरों का आयोजन हुआ। इस दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने जटिल आसन कर रोगमुक्त सिरमौर का संदेश दिया। नाहन के पक्का तालाब में आयुष विभाग और जिला प्रशासन की ओर से जिला स्तरीय योग दिवस मनाया गया। इसका शुभारंभ नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर कई तरह के योगासन किए गए। इस दौरान एसएसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा, जिला आयुष अधिकारी



राजन सिंह, कांग्रेस नेता रूपेंद्र ठाकुर समेत कई लोग मौजूद रहे। स्कूल ऑफ नर्सिंग डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर छात्राओं ने कई योगासन किए। नर्सिंग छात्रावास में आयोजित योगासन के दौरान छात्राओं ने सुबह छह से सात बजे तक योग किया। वहीं, डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज नाहन की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज चांडक व प्रो. लक्षिता ने बताया कि योग दिवस के उपलक्ष्य पर कॉलेज के महिला छात्रावास के प्रांगण में सुबह 6:30 बजे सहायक आचार्य वनस्पति डॉ. प्रीति चौहान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों और स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास करते हुए विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया। पीएम श्री उत्कृष्ट संस्थान वैद्य सूरत सिंह स्मारक राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसकी अध्यक्षता तहसीलदार एनडी शर्मा ने की। (अनंत ज्ञान)

**खुशी** — प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन में इन दिनों टमाटर की क्रेट अधिकतम बिक रही आठ सौ रुपए में

# टमाटर के दाम में भारी उछाल आने से किसानों के खिले चेहरे

**बीआर चौहान, राजगढ़**

राजगढ़ क्षेत्र में उत्पादित होने वाले टमाटर ने प्रदेश सहित देश की विभिन्न मंडियों में दस्तक देनी शुरू कर दी है। प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन में टमाटर के दाम में एकाएक उछाल आने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।

प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन में इन दिनों टमाटर की क्रेट अधिकतम आठ सौ रुपए बिक रही है। अच्छे दाम मिलने से किसान अत्यधिक प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं,



सब्जी मंडियों के लिए टमाटर भरते किसान।

जबकि बीते वर्ष हिमसोना सहित अन्य किस्म के टमाटर की क्रेट अधिकतम चार हजार रुपए बिकी थी और किसान मालामाल हो गए थे। वर्ष 2022 में सब्जी मंडियों में टमाटर की अत्यधिक आवक होने से किसानों को टमाटर के बीज व मजदूरी के पैसे भी नसीब नहीं हुए थे। प्रगतिशील किसान प्रीतम ठाकुर का कहना है यदि टमाटर के दाम ऐसे ही टिके रहे तो किसानों की पौ बारह हो जाएगी। मंडियों में जैसे-जैसे टमाटर की भारी आवक बढ़ेगी अथवा अन्य राज्यों का टमाटर आने से आने वाले दिनों में टमाटर के भाव में गिरावट आ सकती है। आढ़तियों का ऐसा मानना है। किसानों का कहना है कि राजगढ़ क्षेत्र में सोलन की तर्ज पर हर वर्ष बड़ी मात्रा में टमाटर के अलावा फ्रांसबीन और शिमला मिर्च उत्पादित की जा रही है।

कृषि विभाग के अनुसार राजगढ़ क्षेत्र में करीब दो हजार हेक्टेयर भूमि पर सब्जियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाता है, जिसमें प्रमुखतः टमाटर, मटर, लहसुन, शिमला मिर्च, फ्रांसबीन, फूलगोभी आदि सब्जियां उगाई जाती हैं। (अनंत ज्ञान)

### शिमला मिर्च किसानों की आय का मुख्य साधन

लहसुन के दामों में उछाल आने से किसानों का रुझान लहसुन लगाने की ओर बढ़ गया है। इस वर्ष लसुहन के अच्छे दाम मिलने से किसान आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हुए हैं। सोलन की तर्ज पर राजगढ़ क्षेत्र में टमाटर की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। टमाटर व शिमला मिर्च किसानों की मुख्य आय का साधन बन चुका है। राजगढ़ के आढ़ती विनोद शर्मा और ट्रांसपोर्टर प्रदीप ब्रागटा का कहना है कि इस वर्ष शुरुआती दौर में टमाटर तीन सौ रुपए प्रति क्रेट बिक रहा था और अब टमाटर में एकदम से उछाल आ गया है, जिससे किसानों को काफी लाभ मिल रहा है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

महिला क्रिकेट

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का अंतिम वनडे आज

# 'क्लीन स्वीप' करने उतरेगी बेटियां

एजेंसी, बेंगलुरु

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे को जीतकर सीरीज में 'क्लीन स्वीप' करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने सीरीज का पहला मैच आसानी से जीता, लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया।

पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा।

भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने पहले दो मैच में 117 और 136 रन बनाए और इस तरह से लगातार दो वनडे मैच में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी। भारतीय उपकप्तान अपने इस रिकार्ड को और बेहतर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पिछले मैच में 88 गेंद पर 103 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की, लेकिन सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा रन बनाने के लिए जूझ रही हैं, जो भारतीय टीम प्रबंधन के लिए भी चिंता का विषय होगा।

भारत पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुका है और ऐसे में टीम प्रबंधन गेंदबाज श्रेयंका पाटिल, सायका इशाक और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पूनिया को मौका दे सकता है। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह इस मैच में जीत दर्ज करके आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप के लिए कम से कम दो अंक हासिल करने की कोशिश करेगा, जो अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं।


भारतीय खिलाड़ियों की फाइल फोटो।

### मंधाना पर नजरें


स्मृति मंधाना ने पहले दो मैच में 117 और 136 रन बनाए। इस मैच में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें होगी।

### संभावित टीमें

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्राकर, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पूनिया।

**दक्षिण अफ्रीका :** लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लर्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता, मारिजाने काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे, डेल्मी टकर।

**समय : दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा।**

# भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने 2024 में स्वर्ण की लगाई हैट्रिक

एजेंसी, नई दिल्ली

शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तुर्की के अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-3 के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने खिताबी मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया (232-229) को हराया। इसी के साथ भारतीय तिकड़ी की 2024 में तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी हुई।

तीरंदाजी विश्व कप-3

टीम ने इस साल की शुरुआत में शंघाई और येचियन में आयोजित पिछले चरणों में स्वर्ण पदक जीते थे।

स्टेज 3 में, भारत को पहले दौर में बाई मिली, जिसमें केवल 10 देश शामिल थे, तथा फिर उसने अल साल्वाडोर को 235-227 से तथा मेजबान तुर्की को 234-227 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा भी दो पदकों की दौड़ में हैं क्योंकि दोनों व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।



जीत के बाद खुशी व्यक्त करतीज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर।

प्रियांश, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश फुगे की मौजूदगी वाली शीर्ष भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में तुर्की से 236-236 (शूट-ऑफ 30*-30, तुर्की ने सेंटर के करीब शॉट मारा) से हार गई।

भारत कांस्य पदक के मैच में भी फ्रांस से 236-235 से हार गया।

## न्यूज ब्रीफ

### नागल ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है, इसकी पुष्टि शनिवार को की गई। नागल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार पल है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक खास जगह रखता है।' नागल वैकल्पिक खिलाड़ियों में से एक थे, लेकिन उनसे बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के हटने की संख्या बढ़ने के साथ, भारतीय खिलाड़ी का 4 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ द्वारा आधिकारिक प्रवेश सूची जारी किए जाने पर कट बनाना पक्का है। पेरिस ओलंपिक में टेनिस 27 जुलाई से 4 अगस्त तक रोलां गैरा में खेला जाएगा, जहां फ्रेंच ओपन का आयोजन होता है। 26 वर्षीय नागल लिएंडर पेस (1992-2000) के बाद ग्रीष्मकालीन खेलों के लगातार संस्करणों में एकल स्पर्धा में जगह बनाने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। पेस ने 1996 में अटलांटा ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था, जो इस आयोजन में भारत का दूसरा व्यक्तिगत पदक था। नागल ने टोक्यो ओलंपिक में पुरुष एकल में भी भाग लिया था, जहां वह दूसरे दौर में दूसरे वरीयता प्राप्त रूसी डेनियल मेदवेदेव से हार गए थे।



### पेले की मां सेलेस्टे अरांतेस का निधन

**साओ पाउलो।** दिवंगत महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले की मां सेलेस्टे अरांतेस का 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अरांतेस ने पिछले पांच साल वानस्पतिक अवस्था (चेतना की कमी) में बिताए। उन्हें 2022 में पेले की मृत्यु के बारे में सूचित नहीं किया गया था। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ ने एक बयान में कहा कि वह पिछले आठ दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं। पेले फाउंडेशन ने अपने सोशल मीडिया चैनलों पर कहा कि एकमात्र तीन बार विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी की मां एक रोल मॉडल थीं।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारी



**लंदन।** शीर्ष वरीय रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन को सिंच चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में करेन खाचानोव और टेलर फ्रिट्ज की रूस और अमेरिका के खिलाड़ियों की जोड़ी से सीधे सेटों में हार गयी। टूर्नामेंट में 8वीं वरीयता प्राप्त खाचानोव और फ्रिट्ज ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की जोड़ी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 7-6 (1), 7-6 (3) से हराया। फ्रें ओपन की उपविजेता बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने इससे पहले अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर की ऑस्ट्रिया की जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया था।

### गोल्फर वाणी कपूर की मजबूत शुरुआत

**बेरॉन (चेक गणराज्य)।** भारतीय महिला गोल्फर वाणी कपूर ने चेक लेडीज ओपन के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का अच्छा कार्ड खेला। पहला राउंड अभी जारी है जिसमें वाणी संयुक्त सातवें स्थान पर चल रही हैं, जिन्होंने छह बर्डी और दो बोगी लगायी। पहले दौर का प्रदर्शन देखा जाए तो यह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहा, जिसमें प्रणवी उर्स और दीक्षा डागर ने नौ होल में इवन पार का स्कोर बना लिया है।

अमेच्योर अवनि प्रशांत तीन अंडर बनाकर संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पहला दौर खत्म करने वाली रिद्धिमा दिलावड़ी (दो अंडर 70) संयुक्त 30वें और त्वेसा मलिक (एक अंडर 71) संयुक्त 44वें स्थान पर बनी हुई हैं।



### हाले एटीपी सेमीफाइनल में पहुंचे झांग झिझेन

**बर्लिन।** चीनी पुरुष टेनिस खिलाड़ी झांग झिझेन ने चीन के टेनिस इतिहास में एक नया रिकॅार्ड बनाते हुए जर्मनी के हाले में टेरा वोर्टमैन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। झिझेन ने पुरुष एकल के अंतिम 8 चरण में अमेरिका के क्रिस्टोफर यूबैंक को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। झांग तीसरे सेट में 2-5 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर जीत हासिल की, जिससे वे ओपन युग में ग्रास कोर्ट पर टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले चीनी खिलाड़ी बन गए। अपने दूसरे टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचकर, झांग इस सप्ताह पीआईएफ एटीपी लाइव रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ये उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। 28 वर्षीय चीनी टेनिस खिलाड़ी का अगला मुकाबला विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर से होगा, जिन्होंने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-2, 6-7(1), 7-6(3) से हराया।



टी-20 विश्व कप

### विंडीज ने अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते 9 विकेट से हराया

# वेस्टइंडीज की जीत में चमके होप

एजेंसी, ब्रिजटाउन

वेस्टइंडीज ने केंसिंग्टन ओवल में अमेरिका को नौ विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप के सुपर-8 में अपनी पहली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका की टीम 19.5 ओवर में केवल 128 रनों पर सिमट गई। जवाब में वेस्टइंडीज ने केवल 10.5 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

129 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम को चोटिल ब्रैंडन किंग की जगह आए शाई होप ने जानसन चार्ल्स के साथ शानदार शुरुआत दिलाई। सौरभ नेत्रवलकर ने पहला ओवर बढ़िया फेंका, लेकिन होप ने अगले ओवर में नोस्टुश केंजीगे की गेंद पर एक शानदार छक्का लगाया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। होप के बल्ले से बाउंड्री की बारिश होने लगी। दूसरी ओर चार्ल्स ने केवल स्ट्राइक रोटेट की। होप के आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत विंडीज ने पॉवरप्ले में 58 रन जोड़ दिए।




सातवें ओवर की दूसरी गेंद पर होप ने हरमीत सिंह की गेंद पर छक्का जड़कर केवल 26 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि इसी ओवर की आखिरी गेंद पर हरमीत ने चार्ल्स को मिलिंद कुमार के हाथों कैच कराकर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया। चार्ल्स ने 14 गेंदों पर 2 चौके की बदौलत 15 रन बनाए।

होप की पारी का सबसे बेहतरीन पल छक्कों की हैट्रिक थी, उन्होंने 9वें ओवर में मिलिंद कुमार की आखिरी तीन गेंदों पर तीन गगनचुंबी छक्के लगाए। इसके बाद निकोलस पूरन ने 11वें ओवर में सौरभ नेत्रवलकर को लगातार दो छक्के जड़े और फिर एक सिंगल लेकर होप का स्ट्राइक दिया। होप ने इस ओवर की पांचवीं गेद पर छक्का लगाकर शानदार अंदाज में वेस्टइंडीज को नौ ओवर और 1 गेंद रहते 9 विकेट से जीत दिलाई। होप ने 39 गेंदों पर नाबाद 82 रनों की तेज पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 4 चौके और 8 छक्के लगाए, जबकि पूरन ने 12 गेंदों पर 3 छक्के और 1 चौके की बदौलत नाबाद 27 रन बनाए।

### चोटिल किंग के स्थान पर काइल मेयर्स विंडीज टीम में शामिल



**बाएं** हाथ के बल्लेबाज काइल मेयर्स को वेस्टइंडीज की 2024 टी-20 विश्व कप टीम में चोटिल ब्रैंडन किंग के प्रतिस्थापन के रूप में आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है। किंग के साइड स्ट्रेन के कारण टूर्नामेंट के शेष भाग से बाहर होने के बाद मेयर्स, जिन्होंने 37 टी20 मैच खेले हैं, को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किंग को 19 जून को इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय चोट लगी और उन्हें 23 रन पर रिटायर होना पड़ा। वेस्टइंडीज ने यह मैच 8 विकेट से गंवा दिया।

# डिकॉक की ताबड़तोड़ पारी से द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराया




एजेंसी, सेंट लूसिया

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की 65 रन की आक्रामक पारी के बाद केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर-8 चरण में ग्रुप-2 के मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड को सात रन से हराया।

डिकॉक ने अपनी 38 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़े। उनके अलावा सिर्फ डेविड मिलर ही दक्षिण अफ्रीका के लिए तेजी से रन बना पाए। उन्होंने 28 गेंदों में 43 रन की परी में चार चौके और दो छक्के लगाए।

दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 163 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को छह विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक (53) और लियाम लिविंगस्टोन (33) ने 5वें विकेट के लिए 42 गेंद में 78 रन की साझेदारी की, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने वापसी कर मैच को जीत लिया।

### 2018 में राहिल गंगजी ने जीता था लुई फिलिप कप

# गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स गोल्फ खिताब जीता

सेलांगोर ( मलेशिया )

भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी शनिवार को यहां अंतिम दिन तीन ओवर 73 के कार्ड में छह बोगी के बावजूद डेयेन लॉसन (69) को एक शॉट से पछाड़कर पीकेएनएस सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीतने में सफल रहे। इस 45 साल के अनुभवी गोल्फर ने पांच शॉट की बढ़त से शुरुआत की और आठ अंडर पर रहे।

लॉसन का स्कोर सात अंडर रहा। यह गंगजी की एडीटी में दूसरी जीत है। उन्होंने 2018 में भारत में लुई फिलिप कप में खिताब जीता था। गंगजी एशियाई टूर पर दो जीत दर्ज कर चुके हैं जिसमें पहली 2004 में बीजिंग में फॉक्सवैगन मास्टर्स में और फिर 14 साल बाद जापान में पैनासोनिक ओपन में मिली थी। गंगजी अंतिम दिन कुछ ही होल में अपनी पांच शॉट की बढ़त गंवा बेठे।



उन्होंने पहले नौ होल में तीन बोगी कर डाली और 10वें होल में एक और बोगी कर बैठे।

गंगजी हालांकि 12वें और 13वें होल में बर्डी लगाने में कामयाब रहे जिससे वह आगे बने रहे। फिर उन्होंने 16वें होल में भी एक बर्डी लगा दी। पर गंगजी 17वें और 18वें होल में फिर बोगी कर बैठे, लेकिन इसके बावजूद 272 के स्कोर पर पहले और आस्ट्रेलियाई गोल्फर लॉसन 273 के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहे। स्थानीय स्टार मार्कस लिम और थाईलैंड के रूनचानापोंगे युप्रयायोंग संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

# हिमानी की घातक गेंदबाजी से जीता कांगड़ा

संजीव पुरी, ऊना

महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर का मुकाबला कांगड़ा के साथ ऊना के पीसीसीए स्टेडियम संतोषगढ़ में खेला गया। कांगड़ा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 138 रन बनाए। कांगड़ा की कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका। बिलासपुर की परीक्षा तिवारी ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, शिवाली चंदेल और अन्वी गौर ने 2-2 खिलाड़ियों को आउट किया,

वंदना, ईशानी दास, और ललिता ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बिलासपुर की टीम 31 ओवर में 10 विकेट खोकर 67 रन बना सकी।



कांगड़ा की गेंदबाज हिमानी शर्मा ने 5 खिलाड़ियों को आउट किया वहीं आहना शर्मा ने दो, श्वेता जमवाल और ज्योति ठाकुर ने एक-एक विकेट हासिल किया। बिलासपुर की बल्लेबाज वंदना राणा ने 20 रन, परीक्षा, तिवारी ने 15 रन बनाए जबकि मन्नत पंडित ने 9 रन बनाए। इस तरह कांगड़ा ने बिलासपुर को 71 रनों से हराया। (अनंत ज्ञान)

### मंडी की किन्नौर पर शानदार जीत

**महिला** सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत मंडी का मुकाबला किन्नौर के साथ ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया, जिसमें मंडी की टीम ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए। नीना चौधरी ने सर्वाधिक 94 रन रन बनाए, अपनी पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया। किन्नौर की गेंदबाज नताशा नेगी ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए किन्नौर की टीम 27.5 ओवर में 87 रन पर ऑल आउट कर दिया। इस तरह मंडी ने किन्नौर को 103 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

यूरो-2024

### पिछले मैच में लगी चोट के कारण स्टार एमबापे नहीं खेल पाए

# नीदरलैंड ने फ्रांस को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

एजेंसी, लीपजिग ( जर्मनी )

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबापे पिछले मैच में लगी चोट के कारण नहीं खेल पाए, जिसका फायदा उठाकर नीदरलैंड ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में फ्रांस को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया।

फ्रांस की ऑस्ट्रिया के खिलाफ पिछले मैच में 1-0 से जीत के दौरान एमबापे की नाक में चोट लग गई थी और उनका इस मैच में खेलना संदिग्ध था। एमबापे ने गुरुवार को मास्क पहनकर अभ्यास किया था और फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स को उम्मीद थी कि यह स्टार फुटबॉलर नीदरलैंड के खिलाफ मैच तक फिट हो जाएगा। उन्होंने हालांकि नीदरलैंड के शारीरिक रूप से मजबूत डिफेंडरों के सामने एमबापे को उतारने का जोखिम उठाना उचित नहीं समझा।




एमबापे जब टीम बस से उतरे तो काफी सहज नजर आ रहे थे। उन्होंने धूप का चश्मा पहन रखा था, लेकिन उनकी नाक पर पट्टी नहीं लगी थी। फ्रांस को मैच में उनकी कमी खली और उसे आखिर में नीदरलैंड के खिलाफ अंक बांटने पड़े।

फ्रांस और नीदरलैंड के ग्रुप-डी में अब चार-चार अंक हैं। ऑस्ट्रिया के तीन अंक हैं। उसने ग्रुप के अपने दूसरे मैच में शुक्रवार को पोलैंड को 3-1 से हराया था। पोलैंड के दो मैच में कोई अंक नहीं हैं और उसके आगे बढ़ने की संभावना समाप्त हो गई है।

### यूक्रेन ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराया

**डुसेलडोर्फ।** यूक्रेन ने यूरोपीय चैंपियनशिप-2024 फुटबॉल मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत स्लोवाकिया पर 2-1 से जीत हासिल कर खुद को अगले दौर की दावेदारी में बनाए रखा। रोमानिया से हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी। तेज बारिश में खेलते हुए स्लोवाकिया ने 17वें मिनट में इवान शरांज के हेडर से किए गए गोल से बढ़त बना ली थी। पर यूक्रेन ने मायकोला शापारेंको के 54वें मिनट में किए गए गोल से स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे यारेमचुक ने 80वें मिनट में विजयी गोल दागा।

### एंडी मर्रे की होगी पीठ की सर्जरी

**लंदन ।** दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मर्रे विंबलडन टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक 9 दिन पहले पीठ की सर्जरी से गुजरेंगे। इस बात की जानकारी उनकी मैनेजमेंट टीम की ओर दी से गई। विंबलडन एक जुलाई से शुरू हो रहा है। एंडी मर्रे को क्वींस क्लब चैंपियनशिप में दूसरे दौर के मैच के दौरान चोट लगने के कारण पीठ की सर्जरी करानी होगी। मरे विंबलडन 2024 से पहले फिट होने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि यह काफी मुश्किल लगता है।



तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### कछार में हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**कछार (असम)।** कछार में भारी मात्रा में हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर सिलचर थाना क्षेत्र के चालचापरा में एक विशेष अभियान चलाया। एक आटोरिक्शा (एएस 11/3/4513) को रोका गया। गहन तलाशी लेने पर वाहन से 47 साबुन के डिब्बे में भरकर रखी गई 974 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बाजार में इसकी कीमत पांच करोड़ रुपए है। यह हेरोइन पड़ोसी राज्य मिजोरम की राजधानी आइजोल से लाई जा रही थी। व्यक्ति की पहचान सिरुकुद्दीन लस्कर (24) के रूप में हुई है।

### महिला चिकित्सालय में लगी आग



**जयपुर।** लाल कोठी थाना इलाके के सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे भीषण आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल गया। आग की सूचना मिलने पर पुलिस सहित घाटगेट से दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया। जांच में सामने आया की एसी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई थी। इससे पहले धुएं के बीच पचास से ज्यादा महिला और बच्चे फंस गए, जिन्हें सकुशल बाहर निकाल कर सभी को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया।

### नौकरी देने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला काबू



**हरिद्वार।** नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जानकारी के मुताबिक जनपद के भगवानपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नंहेडा अनंतपुर निवासी सत्यपाल ने 2 अगस्त 2023 को यशपाल आर्य निवासी गोलापार जलाबाग व विशाल उर्फ सिद्धू अमृतसर, पंजाब के खिलाफ अपनी पुत्री व पुत्र को नौकरी लगाने के नाम पर 14.3 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया था।

### 18वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का समापन




**मुंबई।** 18वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का समापन बड़े ही शानदार ढंग से हुआ। इस महोत्सव में 12,000 से ज्यादा डेलिगेट्स ने हिस्सा लिया और यहां पर कुल 314 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया। गौरतलब है कि महोत्सव के ताजा संस्करण में अभूतपूर्व रूप से डेलिगेट्स ने अपनी भागीदारी दर्शाई और विभिन्न तरह की स्क्रीनिंग, परिचर्चाओं व मास्टरक्लास में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाया। इस महोत्सव के माध्यम से मुंबई समेत दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और पुणे जैसे शहरों में कुल 59 देशों की फिल्मों को प्रदर्शित किया गया। महोत्सव के समापन के खास मौके पर फेस्टिवल डायरेक्टर और (एनएफडीसी) के मैनेजिंग डायरेक्टर पृथुल कुमार ने इस साल लोगों की ओर से मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव को मिले भारी प्रोत्साहन पर अपनी खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इतनी भारी तादाद में लोगों की हिस्सेदारी से यह बात साफ हो जाती है कि डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्मों और एनिमेशन फिल्मों में लोगों की रुचि तेजी से बढ़ रही है।

### तेलंगाना सरकार ने किया किसानों का कर्ज माफ

**नई दिल्ली।** तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने किसानों का 2 लाख रुपए तक का कर्ज माफ करने का फैसला किया है। कैबिनेट के फैसले की मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने यह घोषणा की। तेलंगाना में किसानों का कर्ज माफ करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने तेलंगाना के अन्नदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि जो कहा वह करके दिखाया, यही नीयत है और आदत भी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि तेलंगाना के किसान परिवारों को बधाई। कांग्रेस सरकार ने आपके 2 लाख रुपए तक के सभी ऋण माफ कर 'किसान न्याय' के संकल्प को पूरा करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है, जो 40 लाख से ज्यादा किसान परिवारों को कर्ज मुक्त बनाएगा। जो कहा, करके दिखाया। यही नीयत है और आदत भी। कांग्रेस सरकार का मतलब है कि राज्य का खजाना किसानों और मजदूरों समेत वंचित समाज को मजबूत बनाने में खर्च होने की गारंटी, जिसका उदाहरण है तेलंगाना सरकार का यह फैसला।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर 12 जुलाई को सुनवाई



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट के संज्ञान आदेश को चुनौती दी गई है। हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को निर्धारित की। कोर्ट ने मामले में ईडी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### प्रथम सर्जिकल स्ट्राइक पुस्तक का विमोचन



**लखनऊ।** लखनऊ संसदीय क्षेत्र में दो दिवसीय दौरे पर आए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. लालता प्रसाद मिश्र के आवास पर भारतीय सेना की प्रथम सर्जिकल स्ट्राइक पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक रिटायर आईएएस त्रिलोकी नाथ मिश्रा हैं।

### हूती विद्रोहियों ने वाणिज्यिक जहाज को बनाया निशाना

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज को लक्षित कर विस्फोट किए। अधिकारियों ने बताया कि हूती विद्रोहियों के हमले में जहाज 'टूटर' के डूबने की घटना के बाद यह हमला किया है। 'टूटर' के डूबने की घटना से स्पष्ट है कि गाजा पट्टी में इजराइल-हमास संघर्ष के बीच महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग में जहाजों पर ईरान समर्थित हूतियों के हमले तेज हो गए हैं। इस बीच, अमेरिकी अधिकारियों ने कथित हूती हमलों की प्रतिक्रिया में अमेरिकी जवाबी कार्रवाई का नेतृत्व करने वाले विमानवाहक पोत 'यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर' को लौटने का आदेश दिया है।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। सुरक्षाबलों एक बार फिर भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान एक 9 मिमी कार्बाइन मशीन गन के साथ एक मैगजीन, दो 12 बोर एसबीबीएल गन, दो इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार (पंपी गन) और सात जिंदा कारतूस चुराचांदपुर जिले के एस लोनफई और लांगचिंग मनबी से बरामद किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे राज्य में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

# फर्जी बिल रोकने के लिए लागू होगा बायोमेट्रिक ऑथेंटिफिकेशन : सीतारमण

## दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने की सिफारिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जीएसटी काउंसिल की 53वीं मीटिंग की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अध्यक्षता की।

इस मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी वित्त मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। निर्मला सीतारमण ने कहा कि फर्जी बिलों पर रोक लगाने के लिए फेज्ड मैनर यानी चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिफिकेशन लागू किया जाएगा। काउंसिल ने मिल्क केन्स यानी दूध के डिब्बों पर एक समान 12 प्रतिशत की दर जीएसटी निर्धारित करने की सिफारिश की है।

फायर स्प्रिंकलर्स सहित सभी प्रकार के स्प्रिंकलर्स पर 12 प्रतिशत की दर लागू होगी। सभी सोलर कुकर पर 12प्रतिशत जीएसटी दर लागू होगी। रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली सर्विसेज जैसे बैटरी ऑपरेटेड व्हिकल्स, इंट्रा-रेल्वे सर्विसेज जीएसटी से मुक्त हैं।

### डिमांड नोटिस पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया जाएगा

**वित्त** मंत्री ने कहा कि अपीलेट अथॉरिटी के समक्ष अपील दायर करने के लिए अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपए से घटाकर 20 करोड़ रुपए जीएसटी प्री-डिपॉजिट कर दी जाएगी। छोटे टैक्सपेयर्स की मदद के लिए काउंसिल ने 2024-25 के लिए रिटर्न दाखिल करने हेतु 30 जून की तारीख की सिफारिश की है।




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी राज्यों को भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार उनके विकास में हर तरह की मदद देने को तैयार है। फिर चाहे बात वक्त पर टैक्स बंटवारे की हो, या फिर फाइनेंस कमीशन की ग्रांट और जीएसटी एरियर के भुगतान की। उन्होंने कहा कि पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के जरिए सभी राज्यों के विकास की रफ्तार बढ़ाई जाएगी। वित्त मंत्री ने सभी प्रतिनिधियों को सुझावों के लिए शुक्रिया कहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार केंद्रीय बजट 2024-25 बनाने के दौरान उनके सुझावों और मांगों पर वाजिब विचार करेगी।

केंद्रीय मंत्री टम्टा बोले-

## बरसात से पहले होंगी व्यवस्थाएं दुरुस्त

**एजेंसी, पिथौरागढ़**



अपने जनपद पिथौरागढ़ के भ्रमण दौरान केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि मुडीयानी से तिलोन तक 9.8 किमी, लागत 328 करोड़ चंपावत बाईपास को अगले माह तक स्वीकृत करा लेंगे, देवराडी बैंड से पाटन पाटनी तक लंबाई 6.4 किमी इसमें भी टनल होगी, ड्रोन सर्वे प्रारंभ लोहाघाट बायपास की भी मंजूरी होगी, पिथौरगढ़ बाईपास बनाएंगे 14 किमी बाईपास में 2.50 किमी टनल का प्रस्ताव है। एंचोली से निकलेगा सातशिलिंग से मिलेगा, सर्वे कार्य प्रारंभ, पनार से अल्मोड़ा टू लेन सड़क बनाने की प्रक्रिया गतिमान, लंबाई 77.10 किमी, अल्मोड़ा से ताकुला बागेश्वर उडियारी बैंड टू लेन की मंजूरी हुई है, उड़ियारी बैंड से घाट तक टू लेन सड़क की डीपीआर बनवाई जाएगी, चंपावत में स्वाला का जो डेंजर जोन है, उस पर पुल निर्माण हो उसका सर्वे करा रहे हैं।

# भागीरथी ईको सेंसेटिव जोन में विकास के काम हों : मुख्य सचिव



**जगदीश शर्मा, उत्तरकाशी**

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने भागीरथी ईको सेंसेटिव जोन की मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक प्रत्येक तीन माह में आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा है कि इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन कायम रखते हुए भागीरथी ईको सेंसेटिव जोन के अंतर्गत तय पर्यावरणीय मानकों के अनुसार निर्माण कार्य किए जाएं और मानकों की अवहेलना के मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

उत्तरकाशी जिले की भागीरथी घाटी में उत्तरकाशी ने लेकर गंगोत्री तक के लगभग 100 किमी लंबाई में व लगभग चार हजार वर्ग किमी के क्षेत्र में भागीरथी ईको सेंसेटिव जोन घोषित है। जिसके दायरे में 88 गांव पड़ते हैं। भागीरथी ईको सेंसेटिव जोन की मॉनिटरिंग कमेटी की आज बैठक आयोजित कर इन क्षेत्र के अंतर्गत प्रस्तावित विभिन्न विकास योजनाओं व अन्य गतिविधियों की अनुमति देने तथा जोन के लिए अधिसूचित मानकों के अनुपालन के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

**भागीरथी घाटी के अनेक विकास कार्यों पर सहमति बनी**

रतूड़ी ने कहा कि ईको सेंसेटिव जोन के भीतर सड़कों के निर्माण में तय पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए डीपीआर में स्पष्ट प्राविधान किए जाएं और जीएसआई जैसे किसी प्रतिष्ठित संगठन से भी इसकी जांच कराई जाए। (अनंत ज्ञान)

# अंतरराष्ट्रीय सीमा से हाईवे तक रखें पैनी नजर : डीआईजी

**अशोक ठाकुर, कठुआ**



डीआईजी सांबा कठुआ रेंज डॉ. सुनील गुप्ता ने श्री अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर हाईवे से लेकर लखनपुर तक सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश जारी किए हैं कि भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से लेकर हाईवे पर सुरक्षा को कड़ा किया जाए और हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाए। बीएसएफ के अधिकारियों से सीमा पर निगरानी बढ़ाने के अलावा उन्होंने हाईवे पर पड़ते सभी थानों के प्रभारियों को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

इससे पहले लखनपुर पहुंचे डीआईजी ने लखनपुर रिसेप्शन सेंटर पर पहुंचकर पुलिस, अर्द्धसैनिक बल और बीएसएफ के अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की।

बैठक में सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करने के साथ ही हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। डीआईजी ने पंजाब से जम्मू-कश्मीर में दाखिल होने वाली यात्रा के लिए रिसेप्शन सेंटर पर इंतजाम और इसके बाद उनके इंट्री एग्जिट प्वाइंट की भी जानकारी ली। इसके बाद डीआईजी जिला पुलिस लाइन कठुआ में पहुंचे। यहां उन्होंने जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। (अनंत ज्ञान)

## बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ आपत्ति दर्ज

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंद्रपाल मल्होत्रा ने शनिवार को संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग के सचिव के समक्ष बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए चंडीगढ़ विद्युत विभाग की इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच की मांग की। याचिका में कहा गया है कि विभाग द्वारा टैरिफ प्रस्ताव में अत्यधिक वृद्धि का प्रस्ताव न केवल अपने राजस्व घाटे को कवर करने का प्रयास है, बल्कि अपने पुराने और अप्रचलित ट्रांसफॉर्मर को बदलने की तत्काल लागत की भरपाई भी करना है। मल्होत्रा ने जेईआरसी से अनुरोध किया है कि आवश्यक टैरिफ वृद्धि देने से पहले विभाग के बुनियादी ढांचे का ऑडिट किया जाए, ताकि आने वाले वर्षों में इस स्कोर पर बार-बार टैरिफ वृद्धि न हो।

# हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से बस में लगी आग, दो झुलसे

**एजेंसी, दुमका**



जिले के दिग्घी ओपी क्षेत्र अंतर्गत श्री अमडा में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक बस में आग लग गई। बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। इस घटना में बस के खलासी सहित दो झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि शनिवार सुबह शिव शक्ति बस (जेएच 04 एस 1796) बारात लेने तेलियाचक नवाडीह जा रही थी। इस दौरान हाई टेंशन तार के संपर्क में आने से बस में आग लग गई। बस का चालक तुरंत बस छोड़ बाहर कूद गया, लेकिन बस के खलासी सहित दो लोग फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला गया। दोनों आग से झुलस गए हैं, जिन्हें फूलो झानो मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाया, लेकिन तब तक बस जलकर राख हो गई थी।

## जोधपुर हिंसा: 40 लोग हिरासत में

**नई दिल्ली।** राजस्थान पुलिस ने जोधपुर में पत्थरबाजी और आगजनी के आरोप में 40 लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बताया कि हिंसाग्रस्त इलाके में अभी शांति है। वहां ड्रोन से नजर रखी जा रही है। जोधपुर के सूरसागर इलाके में शुक्रवार देर रात हिंसा भड़क उठी थी। इस मामले में करीब 200 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

शनिवार को सूरसागर इलाके में पुलिस बल की भारी तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी निशांत भारद्वाज ने बताया कि दो दिन पहले ईदगाह में दुकान बनाने को लेकर विवाद हुआ था। कुछ लोग वहां दुकान बनाने के खिलाफ थे। इसी बात पर दो समुदाय आमने-सामने आ गए।

# गुरुग्राम में फायर बॉल कंपनी में ब्लास्ट होने से आठ की मौत



**एजेंसी, जयपुर**

हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार सुबह करीब अढ़ाई बजे दौलताबाद इंडस्ट्रियल एरिया में फायरबॉल बनाने वाली एक फैक्टरी में ब्लास्ट होने से आठ लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना जोरदार था कि कई किलोमीटर दूर तक उनकी आवाज सुनाई दी। धमाके से फैक्टरी के लगभग 500 मीटर के दायरे में बनी दूसरी फैक्ट्रियों और मकानों के शीशे टूट गए। धमाके से आग लगने के बाद दमकल की 24 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस हादसे में चार कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। 10 से ज्यादा फैक्टरियों में लोहे के भारी गाटर, एंगल और लोहे की भारी चादरें तक गिर गईं, जिसमें भारी नुकसान हुआ है।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब की आपूर्ति करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब त्रासदी में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का मानना है कि चिन्नादुरई ने ही करुणापुरम में आसुत शराब की आपूर्ति की थी।

**अब तक 55 लोगों की मौत**

अब तक जहरीली शराब के कारण मृतकों की संख्या 55 कर पहुंच गई है। कई मरीजों का इलाज चल रहा है।

न्यायमूर्ति बी गोकुलदास (सेवानिवृत्त) वाले एक सदस्यीय आयोग ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उन्हें रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है।

# इसराइल के हमले में 45 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, यरूशलम**

**इसराइली** सेना ने दक्षिणी गाजा समेत अन्य इलाकों में हमला किया है, जिससे 45 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इसराइली राफा पर पूरी तरह से कब्जा करने की कोशिश में है।

टैंक के जरिए शहर के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में कब्जा करने की कोशिश जारी है। इसराइली सेना ने केंद्र, पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में पहले से ही कब्जा कर लिया है। हवाई जहाज और टैंकों से जारी फायरिंग के कारण स्थानीय लोग शहर छोड़कर जाने को मजबूर हैं। कुछ महीने पहले ही विस्थापित हुए लोगों को एक बार फिर अपना स्थान बदलना पड़ रहा है। गाजा के



स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पश्चिमी गाजा के राफा के मवासी में 25 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, जबकि 50 के करीब घायल हैं। इसराइल ने दो टैंकों को मवासी की पहाड़ी पर रखा गया। उनमें से आग के गोले छोड़े जा रहे हैं। ये आग के गोले विस्थापित लोगों के तंबुओं पर गिर रहे हैं।

# पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, भारी मात्रा में सामान बरामद

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की मेंढर तहसील के सलवा गांव में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। आतंकी ठिकाने से भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार सेना व एसओजी की संयुक्त टीम ने उपजिला मेंढर के सलवा गांव में तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी ठिकाने को ढूंढ निकाला।



तलाशी लेने पर आतंकी ठिकाने से कपड़े, जूते, मोबाइल और चार्जर बैटरी और अन्य डिजिटल उपकरणों सहित कई सामान बरामद हुए हैं। माना जा रहा है कि यह सामान आतंकी इस्तेमाल कर रहे थे। सुरक्षाबलों ने सामान अपने कब्जे में लेकर ठिकाना ध्वस्त कर दिया है।

# ताजिकिस्तान में महिलाओं के हिजाब पहनने पर लगाई पाबंदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ताजिकिस्तान सरकार ने महिलाओं के हिजाब पहनने पर पाबंदी लगा दी है। 96 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले देश की संसद के उच्च सदन में 'मजलिसी मिल्ली' में विधेयक को औपचारिक मंजूरी दी है। नए संशोधनों के मुताबिक, कानून का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। संसद के उच्च सदन 'मजलिसी मिल्ली' में विधेयक को औपचारिक मंजूरी दी गई है। विधेयक में विदेशी परिधानों को दो सबसे महत्वपूर्ण इस्लामी छुट्टियों, ईद-उल-फित्र और ईद-उल-अजहा के लिए बच्चों के उत्सवों में शामिल होने पर भी रोक लगा दी गई है।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाने वाले पंडित लक्ष्मीकांत का निधन

**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाने वाले पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित का निधन हो गया है। 86 साल के लक्ष्मीकांत दीक्षित लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। लक्ष्मीकांत दीक्षित वाराणसी के मीरघाट स्थित सांगवेद महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य थे। वहीं, पीएम मोदी ने लक्ष्मीकांत के निधन पर शोक जताया है।

**रिपोर्ट** भारत में महिला शोधकर्ताओं की संख्या बढ़ी, तीसरे नंबर पर पहुंचा

# भारत ने शोध के मामले में जापान-मिस्र को पछाड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** में महिला शोधकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और इस वृद्धि में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है। भारत ने शोध करने के मामले में जापान-मिस्र को पछाड़ा है।

वैज्ञानिक सूचना प्रसारक एल्सेवियर ने 'शोध और नवाचार में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति 2024 की समीक्षा शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। एल्सेवियर इंडिया में अनुसंधान एवं शैक्षणिक मामलों के उपाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप संचेती के मुताबिक, भारत में महिला शोधकर्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि लैंगिक समानता के लिए चल रहे प्रयासों को उजागर करती है और यह वास्तव में उत्साहजनक है।



हालांकि, हमने अधिक समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। भारत में पिछले 10 साल में सक्रिय महिला शोधकर्ताओं की संख्या प्रति वर्ष 2 फीसदी की दर से बढ़ रही है। इस अवधि के दौरान केवल मिस्र और नीदरलैंड्स में महिला शोधकर्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गई है। 20 साल में कई विषयों और भौगोलिक क्षेत्रों में समावेश और विविधता का विश्लेषण करते हुए पाया गया कि भारत में अब महिलाएं सक्रिय शोधकर्ताओं का 33 प्रतिशत हिस्सा हैं। वहीं, जापान में यह 22 प्रतिशत और मिस्त्र में 30 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शोध उत्पादक देश है।

स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में भारत में 2022 में शोधकर्ताओं की संख्या में पुरुषों और महिलाओं की संख्या लगभग समान हो गई। सभी सक्रिय शोधकर्ताओं में से 41 प्रतिशत महिलाएं थीं।

# बिहार में अब सीवान में नहर पर बना पुल ढहा

**एजेंसी, सीवान**

**बिहार** में फिर से पुल हादसा हुआ है। चार दिन के अंदर दूसरा पुल भरभरा कर गिर गया। सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया। दरअसल, शनिवार सुबह अचानक पुल का एक पाया धंसने लगा।

देखते ही पुल नहर में समा गया। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं। 30 साल पहले बिहार सरकार ने इस पुल का निर्माण करवायाा। कुछ दिन पहले ही विभाग नहर की सफाई करवाई गई थी। साथ ही नहर की मिट्टी



काटकर नहर के बांध पर फेंक दी गई थी। घटना के बाद प्रशासन ने जांच टीम का गठन किया है। बता दें कि 18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत बने इस पुल की लागत 7.79 करोड़ रुपये थी।